CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

मुरादाबाद, मंगलवार 23 सितम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 39 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 30 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में जातीय रैलियों पर लगा बैन, वाहनों पर नहीं लिख सकेंगे जाति के स्लोगन व नारे पेज 2



प्रीति पाल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय दल की होंगी ध्वजावाहक खेल टाइम्स



करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है मां शाकुम्भरी सिद्ध पीठ सम्पादकीय



अमेरिका ने एच-1बी वीजा फीस बढ़ाई, तो चीन लाया के. वीजा पेज 12

## सुप्रीम कोर्ट से जैकलीन को झटका याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका पर विचार करने से साफ इन्कार कर दिया, जिसमें उन्होंने 200 करोड़ रुपये के मनी लान्ड्रिंग केस में दर्ज प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट यानी ईसीआईआर को रद्द करने की मांग की थी। यह मामला कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़ा है, जो पहले ही कई धोखाधड़ी के मामलों में जेल में बंद है। जस्टिस दिपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने जैकलीन फर्नांडिस की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी की दलीलें सुनने के बाद कहा कि हम इस स्तर पर हस्तक्षेप नहीं करेंगे। इसके साथ ही अदालत ने साफ कर दिया कि 3 जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा दिए गए आदेश को ही बरकरार रखा जाएगा। इसमें जैकलीन की ईसीआईआर रद्द करने की याचिका को खारिज कर दिया गया था।

## एनएससीएन (के) पांच वर्ष के लिए गैर कानूनी संगठन घोषित

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने नगा संगठन नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड (खापलांग) (एनएससीएन-के) को उसके सभी गुटों और शाखाओं के साथ आगामी 28 सितम्बर से पांच वर्ष के लिए गैरकानूनी संगठन घोषित किया है। गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक अधिसूचना जारी कर कहा कि इस संगठन के गैर कानूनी गतिविधियों में शामिल होने के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि परिस्थितियों और संगठन की गैर कूननी गतिविधियों को देखते हुए इसे गैर कानूनी घोषित किया जाना जरूरी हो गया है।

## सीतारमण ने लिया स्टेशनरी की दुकान का जायजा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में एक स्टेशनरी की दुकान पर पहुंचकर स्वयं यह देखा कि जीएसटी के तहत लागू सुधारों का आम लोगों को फायदा मिल रहा है या नहीं। श्रीमती सीतारमण ने नवरात्र और जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत के मौके पर दुकानदार और दुकान में मौजूद सभी कर्मचारियों को फूल दिए। इसके बाद उन्होंने दुकानदार से जीएसटी में सोमवार से प्रभावी सुधारों से कीमतों में होने वाली कटौती के बार में पूछा। दुकानदार ने बताया कि जीएसटी सुधारों के कारण स्टेशनरी की कीमतें कम से कम 10 प्रतिशत कम हो गई हैं।

## अंतरिक्ष में विदेशी उपग्रह की संदिग्ध हरकत, भारत सतर्क

**नई दिल्ली।** भारत अब अंतरिक्ष में मौजूद अपने उपग्रहों को बाहरी खतरों से बचाने के लिए एक नई योजना पर काम कर रहा है। इस योजना का मकसद उन संभावित हमलों को रोकना है, जो दुश्मन देशों के उपग्रहों से आ सकते हैं। यह कदम इसलिए तेजी से उठाया जा रहा है, क्योंकि हाल ही में एक विदेशी उपग्रह भारत के एक उपग्रह के बेहद करीब आ गया था।

# अहमदाबाद प्लेन क्रैश: पायलट की गलती बताना गलत

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा: स्वतंत्र जांच की संभावनाएं तलाशें, केंद्र-डीजीसीए व एएआईबी से मांगा जवाब

शाह टाइम्स ब्यूरो



- शीर्ष अदालत ने उठ रही चर्चाओं को अफसोसजनक बताया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश में पायलट की गलती को लेकर उठ रही चर्चाओं को अफसोसजनक बताया है।

इसके लिए कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) से जवाब मांगा है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने इस मामले में स्वतंत्र जांच करवाने की संभावना पर भी ध्यान दिया है। इसको लेकर एविएशन सुरक्षा एनजीओ सेफ्टी मैटर्स फाउंडेशन ने पीआईएल दायर की है। इसमें आरोप लगाया गया है कि प्रारंभिक रिपोर्ट में जरूरी जानकारी छुपाई गई है और यह नागरिकों के जीवन, समानता और सही जानकारी पाने के अधिकार का उल्लंघन करती है। पीआईएल में कहा गया है कि ईंधन स्विच की खराबी और इलेक्ट्रिकल फॉल्ट जैसी तकनीकी समस्याओं को नजरअंदाज किया गया और दुर्घटना का दोष केवल पायलट पर डाल दिया गया। अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का बोइंग 787-8 विमान 12 जून को टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गया था। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी। सुमित सभरवाल फ्लाइट के मुख्य पायलट और क्लाइव कुंदर को-पायलट थे। एनजीओ की तरफ से पैरवी कर रहे सीनियर एडवोकेट प्रशांत भूषण ने कोर्ट में कहा कि दुर्घटना को हुए 100 दिन से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन अब तक केवल प्रारंभिक रिपोर्ट ही जारी हुई है। उन्होंने कहा रिपोर्ट यह नहीं बताती कि असल में क्या हुआ और भविष्य में क्या सावधानी बरतनी चाहिए। इसका मतलब है कि आज भी इन बोइंग विमानों में यात्रा करने वाले सभी लोग खतरे में हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि निष्पक्ष जांच की मांग सही है, लेकिन सभी निष्कर्ष सार्वजनिक करने से जांच प्रभावित हो सकती है। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर अपनी प्राइमरी रिपोट 12 जुलाई को जारी की थी। रिपोर्ट में पायलट सुमित सभरवाल और को-पायलट क्लाइव कुंदर के बीच बातचीत का जिक्र था।

# आजम खां आज होंगे रिहा



- परवाना सीतापुर जेल पहुंचा, जेल प्रशासन ने पूरी तैयारी की


**सीतापुर।** समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां मंगलवार को (आज) जेल से रिहा होंगे। जानकारी के मुताबिक, उनकी रिहाई का परवाना सीतापुर जेल पहुंच गया है। सुबह 8 बजे उन्हें रिहा किया जा सकता है। उनकी रिहाई को लेकर जेल प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है।

आजम खां पिछले 23 महीने से सीतापुर जेल में बंद हैं। हाल ही में क्वालिटी बार पर कब्जे के केस में आजम को इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिली थी। इस मामले में 21 नवम्बर 2019 को एफआईआर दर्ज हुई थी। हाईकोर्ट ने 21 अगस्त को फैसला सुरक्षित रख लिया था। रामपुर एमपी-एमएलए कोर्ट ने 17 मई 2025 को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख किया था। क्वालिटी बार पर कब्जे के केस में आजम के परिवार के खिलाफ 2019 में एफआईआर दर्ज हुई।

# POK एक दिन बोलेगा 'मैं भारत हूं', ऑपरेशन सिंदूर फिर शुरू होगा

## पीओके बिना हमला किए वापस मिलेगा: राजनाथ सिंह

शाह टाइम्स ब्यूरो



- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मोरक्को में भारतीय समुदाय से की बातचीत
- हमारी सेना ने 100 किमी अंदर जाकर पाक ठिकाने तबाह किए

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत को बिना किसी लड़ाई या हमले के अपने आप मिल जाएगा। पीओके के लोग खुद आजादी की मांग कर रहे हैं और एक दिन वे कहेंगे कि मैं भी भारत हूं।

राजनाथ सिंह ने यह बात मोरक्को में भारतीय समुदाय से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने याद दिलाया कि पांच साल पहले कश्मीर में सेना के एक कार्यक्रम में भी उन्होंने यही बात कही थी। यह बयान उस समय आया है जब विपक्ष केंद्र सरकार पर आरोप लगा रहा है कि हमने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पीओके को कब्जाने का मौका गंवा दिया गया। उस समय भारतीय वायुसेना ने कई पाकिस्तानी फाइटर जेट गिराए थे, लेकिन सरकार ने सीजफायर मान लिया। दरअसल, राजनाथ सिंह दो दिन के दौरे पर मोरक्को पहुंचे हैं। यहां उन्होंने टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के नए व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफार्म 8/8 मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का उद्घाटन किया। यह अफ्रीका में किसी भारतीय रक्षा कंपनी का पहला संयंत्र है। राजनाथ सिंह ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के अगले ही दिन सीडीएस, तीनों सेनाध्यक्षों और रक्षा सचिव के साथ बैठक में उन्होंने पूछा था कि अगर सरकार आदेश दे, तो क्या सेना तैयार है। सिंह ने बताया उन्होंने बिना एक पल गंवाए कहा कि बिल्कुल तैयार हैं। इसके बाद पीएम मोदी ने हमें पूरी छूट दी और आपने नतीजा देखा कि सीमा पर नहीं, बल्कि 100 किमी अंदर जाकर आतंकी ठिकाने -शेष पृष्ठ दो पर

# मानहानि को अपराध की श्रेणी से बाहर किया जाए: सुप्रीम कोर्ट

## जेएनयू की पूर्व प्रोफेसर को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

- मीडिया संस्थान के खिलाफ गलत रिपोर्टिंग का किया था केस



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि अब समय आ गया है कि मानहानि को अपराध की श्रेणी से बाहर किया जाए। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच पूर्व जेएनयू प्रोफेसर अमिता सिंह की ओर से 2016 में एक मीडिया संस्थान के खिलाफ दाखिल मानहानि मामले की सुनवाई कर रही थी।

मीडिया संस्थान की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि प्रोफेसर अमिता सिंह ने एक डॉजियर (दस्तावेज) तैयार किया था, जिसमें जेएनयू को अश्लील गतिविधियों और आतंकवाद का अड्डा बताया गया। अमिता सिंह का आरोप है कि रिपोर्टर और संपादक ने बिना सत्यता जांचे यह खबर प्रकाशित की, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा। सुनवाई के दौरान जस्टिस सुंदरेश के आदेश पर वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट से सहमति -शेष पृष्ठ दो पर

### दिल्ली दंगे मामले में दिल्ली पुलिस को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली में 2020 में हुए दंगों के आरोपियों में शामिल जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्रों शरजील इमाम, उमर खालिद और अन्य की ज़मानत याचिकाओं पर सोमवार को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, एएम सिंघवी और अन्य की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद नोटिस जारी किया। उन छात्रों को दंगों में एक बड़ी साजिश रचने के आरोप में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था। खालिद और अन्य 2020 से दंगों के सिलसिले में जेल में हैं। पुलिस के मुताबिक, दंगों में 53 लोग मारे गए थे और 700 से ज्यादा घायल हुए थे। अधिवक्ता सिंघवी ने अदालत से अंतरिम ज़मानत याचिका पर भी नोटिस जारी करने का अनुरोध किया।

# पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के साथ न्याय करे मोदी सरकार: राहुल

- कहा: केंद्र की तरफ से व्यापक राहत पैकेज दिया जाए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि राज्य के लिए केंद्र की तरफ से व्यापक राहत पैकेज दिया जाना चाहिए।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि पंजाब को बाढ़ की वजह से लगभग 20,000 करोड़ रुपये का नुक़सान हुआ है। ऐसे में प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 1600 करोड़ रुपये का प्रारंभिक राहत पैकेज पंजाब के लोगों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि लाखों घर उजड़ गए हैं और चार लाख एकड़ से ज्यादा भूमि पर फ़सल बाढ़ के कारण बर्बाद हो गई है। किसानों को पशुधन की बड़ी हानि हुई है और बड़ी संख्या में किसानों के जानवर बह गए हैं।

# डुसू इलेक्शन की ईवीएम व पेपर ट्रेल्स प्रिजर्व होंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो



- दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश, एनएसयूआई ने चुनाव में गड़बड़ी का लगाया था आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली यूनिवर्सिटी स्टूडेंट यूनियन (डुसू) इलेक्शन में इस्तेमाल किए गए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) और इससे जुड़े पेपर ट्रेल्स को प्रिजर्व यानी संरक्षित करने का आदेश दिया है।

वोटिंग के दौरान ईवीएम में छेड़छाड़ के आरोपों के आधार पर दायर की गई याचिका पर हाईकोर्ट ने सुनवाई की। पूर्व डुसू अध्यक्ष रौनक खत्री और इस साल अध्यक्ष पद की उम्मीदवार रही एनएसयूआई की जोस्लिन नंदिता चौधरी ने ये याचिका दायर की थी। उनका आरोप है कि 18 सितम्बर, 2025 को हुए मतदान में ईवीएम से छेड़छाड़ की गई थी। इसलिए चुनाव को रद्द कर ज्यूडिशियल मॉनिटरिंग में दोबारा चुनाव कराए जाएं। कोर्ट ने कहा कि रिट याचिका इस प्रेयर के साथ दायर की गई है कि अध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान की प्रक्रिया को रद्द किया जाए, क्योंकि ईवीएम में छेड़छाड़ हुई है। याचिका के अनुसार, कई कॉलेजों में मतदान के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। खासकर आरोप यह है कि ईवीएम पर बैलेट डिस्प्ले में एबीवीपी के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के नाम के सामने नीली स्याही से निशान लगे हुए थे।

## युवक ने की कॉकपिट का दरवाजा खोलने की कोशिश, हिरासत में

**वाराणसी।** बेंगलूर से वाराणसी आ रहे एयर इंडिया के विमान का हवा में कॉकपिट का दरवाजा खोलने की कोशिश करने वाले युवक को वाराणसी एयरपोर्ट में हिरासत में ले लिया गया है। पायलट को इस बात की जानकारी होते ही एयर ट्रैफिक कंट्रोल को इस बात की जानकारी दी। एटीसी ने एयरपोर्ट प्रशासन को इसकी सूचना दी। विमान के एयरपोर्ट पर लैंड होते युवक को सीआईएसएफ ने हिरासत में ले लिया। स्थानीय पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गई है। बताया जा रहा है कि एयर इंडिया की फ्लाइट (आईएक्स -1086) में सवार युवक टॉयलेट का दरवाजा समझ कर खोलने का प्रयास कर रहा था। फूलपुर थाना प्रभारी ने बताया कि युवक के साथ आठ लोग थे। कुल नौ लोगों से पूछताछ चल रही है। सभी लोग बेंगलूर से काशी दर्शन पूजन करने आए है।

# मोदी ने देशवासियों से मेड इन इंडिया उत्पाद खरीदने को कहा

शाह टाइम्स ब्यूरो




- प्रधानमंत्री ने देशवासियों को लिखा खुला पत्र, दुकानदारों से की मेड इन इंडिया उत्पाद बेचने की अपील

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव पर देशवासियों को खुला पत्र लिखा है। पीएम मोदी ने लोगों को लिखे पत्र में कहा कि इस वर्ष त्योहारों में हमें एक और उपहार मिल रहा है।

22 सितम्बर से अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू होने के साथ ही पूरे देश में जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हो गई है। इन रिफॉर्म्स से किसान, महिला, युवा, गरीब, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग, सभी को फायदा होगा। पीएम मोदी ने कहा कि नए जीएसटी रिफॉर्म्स की विशेषता यह है कि अब मुख्य रूप से सिर्फ दो ही दरें रहेंगी। रोज़मर्रा की जरूरी चीजें जैसे खाना, दवाइयां, साबुन, टूथपेस्ट और कई अन्य सामान अब जीरो टैक्स- यानी 5 फीसदी की दर से ही मिलेंगे। बाकी सामानों पर टैक्स दरें भी कम हुई हैं। घर और परिवार से जुड़ी ज्यादातर चीजें और सेवाएं अब 5 फीसदी टैक्स दर से ही उपलब्ध होंगी। यानी इंश्योरेंस से लेकर घर के सामान तक सब सस्ता हुआ है। आने वाले समय में और आसान होता जाएगा। नए इंश्योरेंस प्लान भी अब जीएसटी को छोड़कर ही दिए जाएंगे। उन्होंने लिखा कि मुझे ये देखकर अच्छा लगा कि कई -शेष पृष्ठ दो पर

### मोदी बोले- कांग्रेस ने नॉर्थईस्ट को नजरअंदाज किया

**ईटानगर, त्रिपुरा।** पीएम अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा के दौरे पर हैं। उन्होंने अरुणाचल के ईटानगर में 5,100 करोड़ रुपये के नए प्रोजेक्ट्स की नींव रखी। उन्होंने कहा कि अरुणाचल को कांग्रेस ने नजरअंदाज किया। हमारा पूरा नॉर्थ ईस्ट छूट गया। जब मुझे सेवा का अवसर दिया, तो मैंने कांग्रेसी सोच से देश को मुक्ति दिलाई। हमारी प्रेरणा इसी राज्य में वोटों और सीटों की संख्या नहीं, नेशन फर्स्ट की भावना है। पीएम ने कहा कि जिनको कभी किसी ने नहीं पूछा उनको मोदी पूजता है। इसलिए जिस नॉर्थ ईस्ट को कांग्रेस ने भुला दिया था वो 2014 के बाद विकास की प्राथमिकता बन गया है।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 9953305014

# धामपुर में शारदीय नवरात्र की धूम



## माता रानी के जयकारों से गूंजा नगर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शारदीय नवरात्र का शुभारंभ सोमवार से होते ही नगर के प्राचीन सिद्ध पीठ मंदिर कालिया वाला सहित सभी प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। प्रात: 5 बजे से ही श्रद्धालु परिवारों सहित भक्तजन माँ के चरणों में पूजा-अर्चना के लिए पहुँचने लगे। पूरे नगर में माता रानी के जयकारों और भजनों की गूंज सुनाई दी।

फल चौक के समीप स्थित ठाकुरद्वारा बजरिया मंदिर में एक ही स्थान पर स्थापित नौ देवियों के दर्शन का भी श्रद्धालुओं ने सौभाग्य अर्जित किया। वहीं, मंदिरों के बाहर लगी दुकानों से भक्तों ने नारियल, चुनरी, कलावा और पूजन सामग्री खरीदकर देवी को अर्पित की। इसके अलावा टीचर्स कॉलोनी स्थित देव मंदिर, मुरादाबाद बाईपास स्थित शिव मंदिर सहित सभी मंदिरों पर भक्तों की बाहरी भीड़ लगी रही।

नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह और अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला के आद. ेश पर मंदिर परिसर व आस-पास विशेष सफाई अभियान और चूने का छिड़काव कराया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह चौहान के निर्देशन में पुरुष व महिला पुलिस बल की तैनाती की गई।

उधर मौहल्ला साहूवान स्थित श्रीराम मंदिर आश्रम में 10 दिवसीय धार्मिक आयोजन आरंभ हुआ, जो 1 अक्टूबर तक चलेगा। सनातन उत्थान सेवा संघ धामपुर के तत्वावधान में हो रहे इस कार्यक्रम में प्रतिदिन प्रात: 9 बजे से 12 बजे तक और दोपहर 3 से 6 बजे तक शतचंडी महायज्ञ का आयोजन होगा। साथ ही, प्रतिदिन दोपहर 3 से 6 बजे तक सत्संग भवन में संगीत मय शिव महापुराण कथा का आयोजन होगा, जिसे प्रसिद्ध कथा वाचक महंत राधेश्याम व्यास सुनाएंगे। नगर में अन्य स्थानों पर भी नवरात्रि के उपलक्ष्य में धार्मिक आयोजनों की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

# एग्रीमेंट विवाद को लेकर महिला ने लगाई पुलिस अधीक्षक से गुहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** थाना क्षेत्र के ग्राम चांडक तुर्क निवासी एक महिला ने भूमि क्रय-विक्रय से जुड़े विवाद के मामले में पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर अपने तथा परिवार की जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला का कहना है कि उसकी व उसके जेठ की साझा भूमि गाटा संख्या-20 मौजा गोविन्दपुर परगना किरतपुर, तहसील नजीबाबाद में स्थित है। उक्त भूमि की बिक्री को लेकर 3 अक्टूबर 2024 को स्टाम्प पेपर पर एक एग्रीमेंट लिखा गया था, जिसमें गवाह भी मौजूद थे। महिला का आरोप है कि एग्रीमेंट के समय पांच लाख रुपये बतौर बयाना दिए गए थे और यह तय हुआ था कि अप्रैल 2025 में आधी कीमत अदा कर दी जाएगी तथा 5 सितंबर 2025 तक रजिस्ट्री होनी थी। शिकायतकर्ता का कहना है कि अप्रैल 2025 में जब उन्होंने तय शर्त के मुताबिक राशि मांगी तो खरीददार पक्ष ने टाल-मटोल करना शुरू कर दिया और तय तिथि तक न तो रकम दी और न ही बैनामा कराया। आरोप है कि अब विपक्षीगण दबाव बनाते हुए परिवार के साथ अभद्रता कर रहे हैं तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे हैं।

महिला ने शिकायती पत्र में पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया है कि विपक्षी पक्ष पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए और उसके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। प्रार्थनी ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र के साथ एग्रीमेंट की प्रति भी सौंपी है।

## एक नजर

### दिशा में सेमिनार आयोजित



**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के फार्मेसी विभाग में इस समय 5वें नेशनल फार्माकोविजिलेंस वीक की श्रृंखला चल रही है। इसी क्रम में एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका विषय था 'ड्रग सेफ्टी फंडामेंटल, फार्माकोविजिलेंस।' कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरुद्ध अग्रवाल, रजिस्ट्रार राजीव कुमार, प्राचार्य डा. वी.के. भारती, अकादमिक इंचार्ज अमित विश्नोई और प्रीति विश्नोई ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित गार्गी राजवंशी (सीनियर ड्रग सेफ्टी एसोसिएट, काईनेक्सा) ने छात्रों को दवा सुरक्षा, रिस्क मैनेजमेंट, रेग्युलेटरी कम्प्लायंस व एडवर्स ड्रग इफेक्ट्स जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। संस्था के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि दिशा ग्रुप सदैव छात्रों को आधुनिक तकनीक और ज्ञान उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहता है। संयुक्त सचिव अनिरुद्ध अग्रवाल ने बताया कि कॉलेज समय-समय पर ऐसे उपयोगी कार्यक्रम आयोजित करता है, जिससे छात्रों को फार्मा क्षेत्र में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है।रजिस्ट्रार राजीव कुमार ने संवादात्मक शिक्षा को ज्ञान का वास्तविक आधार बताया। वहीं प्राचार्य डा. वी.के. भारती ने कहा कि फार्माकोविजिलेंस के माध्यम से दवाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है, जो मरीजों के हित में अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन रश्मि शर्मा और सुनैना राजपूत ने किया। सरस्वती वंदना वंशिका रस्तोगी द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में मोनू कुमार, शिवम कुमार, ललित कुमार, प्रीति विश्नोई, जसवंत सिंह, प्राकुल कुमार, अनमोल कुमार, जीत सिंह, सचिन कुमार, संजना राजपूत, रजत कुमार, मंशा अग्रवाल, रेशु रानी, मानशी, अंजलि, जोली चौहान, अवनीश कुमार और रजनीश कुमार का योगदान सराहनीय रहा।

### पालिका ने चलाया जागरूकता अभियान



**स्योहारा।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में नगर पालिका द्वारा अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल के निर्देशन में नगर के वार्ड संख्या 06 में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन एवं सेग्रीगेशन जागरूकता अभियान चलाया गया। अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि नगर पालिका का लक्ष्य है कि नगर को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान किया जाए। इसके लिए प्रत्येक नागरिक का सहयोग आवश्यक है। नगरवासी अपने घरों से निकलने वाले गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग करके पालिका के वाहनों को दें ताकि कूड़े का सही निस्तारण किया जा सके। अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद डॉ. एच.एस. कालरा ने कहा कि स्वच्छता केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर से निकलने वाले कचरे को गीला और सूखा अलग-अलग करके देगा तो न केवल नगर को गंदगी से मुक्ति मिलेगी, बल्कि पुनर्चक्रण की प्रक्रिया भी सुगम होगी। डॉ. कालरा ने कहा कि स्वच्छ नगर ही स्वस्थ नगर की नींव है। इस अभियान में नगर पालिका स्टाफ से प्रधान लिपिक देवेंद्र सिंह, सफाई निरीक्षक मौहम्मद शान, पथ प्रकाश लिपिक अमित कुमार, पंप चालक ओमप्रकाश सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर राम गोपाल सिंह एवं पंकज कुमार, मौहम्मद अयाज, जुवैशी हुसैन, सलमान अहमद, जगमोहन, फैयाजुद्दीन, यश पवार, मौहम्मद अकरम, नौशाद अहमद, दिलशाद अहमद, कार्यवाहक सफाई नायक पप्पू सुंदर, मौहम्मद इरशाद आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### महाराजा अग्रसेन की जयंती मनाई



**बढ़ापुर।** श्री शिव मंदिर की धर्मशाला में वैश्य समाज की ओर से महाराजा अग्रसेन जयंती मनाई गई। इस दौरान समाज के लोगों ने महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। समाज के व्यक्तियों द्वारा उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया और समाज के लोगों से एकजुट होने को कहा गया। कार्यक्रम समापन पर आरती कर मिष्ठान वितरित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में नगराध्यक्ष पुनीत अग्रवाल, नरेश गोयल, सुभाष गोयल, अखिलेश अग्रवाल, आलोक गर्ग, ब्रम्हा गोयल, मिक्की गुप्ता, ओमेंद्र गुप्ता, अंशु गुप्ता, प्रभात अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, सोहित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस नेता मुदस्सिर जमा खान ने साधा भाजपा सरकार पर निशाना



## जीएसटी से बिगड़ गया जनता का बजट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव मुदस्सिर जमा खान ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू किया गया। जीएसटी (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) आम जनता के लिए राहत नहीं बल्कि बोझ साबित हुआ है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भली-भांति पता था कि जीएसटी लागू करने से जनता की जेब पर भारी असर पड़ेगा और हर घर की किचन का बजट चरमरा जाएगा। इसके बावजूद सरकार ने इसे थोपकर लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी को कठिन बना दिया। कांग्रेस नेता ने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास का नारा तो देती है, लेकिन असल में महंगाई और करों के जाल से जनता का जीना मुश्किल कर दिया है। श्री खान ने कहा कि जीएसटी विभाग बनाने के पीछे जनता को सुविधा देने का दावा किया गया था, लेकिन वास्तविकता यह है कि छोटे व्यापारी, मध्यम वर्ग और गरीब सभी इसकी मार झेल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार का हर फैसला पूंजीपतियों के हित में होता है, जबकि आम जनता महंगाई और टैक्स की चक्की में पिस रही है। श्री खान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार जनता की आवाज उठाती रही है और आगे भी इस जनविरोधी टैक्स नीति के खिलाफ संघर्ष करती रहेगी।

# डिस्टलरी लैब मैनेजर का शव किराए के मकान में पड़ा मिला

**नांगल सोती।** उत्तम शुगर मिल बरकतपुर डिस्टलरी लैब मैनेजर का शव किराए के मकान में पड़ा मिला। विकास त्यागी (47 वर्ष) पुत्र नवीन चंद त्यागी काफी समय से उत्तम शुगर मिल बरकतपुर में डिस्टलरी लैब मैनेजर के पद पर तैनात थे। पिछले दो महीने से वह पास के ही गांव कामराजपुर में अखिलेश कुमार के किराए के मकान में रह रहे थे। सोमवार को विकास त्यागी का फोन रिसीव न होने पर परिजनों ने चिंता जताई। परिजनों से फोन पर मिली सूचना के अनुसार उत्तम शुगर मिल से कर्मचारियों को विकास त्यागी के किराए के मकान पर भेजा गया। जहां विकास त्यागी अपने किराए के मकान के बाथरूम के बाहर मृत अवस्था में पड़े मिले। इसके संबंध में तुरंत पुलिस सहित मृतक विकास त्यागी के परिवार को सूचित किया गया। मौके पर पुलिस के साथ-साथ मिल अधिकारी भी पहुंच गए। परिवार के मौके पर आते ही कोहराम मच गया।

# ईमानदारी और सेवा से समाज को नई दिशा दे रहे मुर्तजा अंसारी उर्फ विशाल



## शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर से सटे ग्राम अलादीनपुर निवासी मुर्तजा अंसारी उर्फ विशाल का नाम व्यापार और समाजसेवा दोनों क्षेत्रों में आदर के साथ लिया जाता है। उन्होंने अपनी मेहनत और ईमानदारी से न केवल व्यापार की दुनिया में पहचान बनाई है, बल्कि समाज में भी अपने नेक कार्यों से गहरी छाप छोड़ी है।

मुर्तजा अंसारी की शुरुआत साधारण रही, लेकिन उन्होंने हार मानना कभी नहीं सीखा। व्यापार में कठिनाइयों का सामना करते हुए आज वे एक सफल कारोबारी बने हैं। लोग कहते हैं कि उनकी मेहनत, लगन और साफ-सुथरे व्यवहार ने ही उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। व्यापार में उनकी ईमानदारी और वचनबद्धता ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। सिर्फ व्यवसाय तक सीमित न रहते हुए उन्होंने समाज की भलाई को अपना कर्तव्य समझा। जरूरतमंद परिवारों की मदद करना, गरीब बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाना और बीमार लोगों के इलाज के लिए सहयोग देना ये सभी कार्य उन्होंने हमेशा नि:स्वार्थ भाव से किए। यही कारण है कि गांव और कस्बे के लोग उन्हें आत्मीयता से विशाल भाई कहते हैं। गांववासियों का कहना है कि उनकी बात का समाज में अलग ही वजन है। पंचायत के मामले हों या किसी परिवार की परेशानी वे हमेशा समाधान का हिस्सा बनते हैं। युवाओं को वे मेहनत, ईमानदारी और सच्चाई का रास्ता अपनाने की प्रेरणा देते हैं।

मुर्तजा अंसारी का कहना है धन कमाने से ज्यादा संतोष दूसरों की मदद करने में है। इंसान की पहचान उसके अच्छे कर्मों से होती है न कि सिर्फ दौलत से। भविष्य की योजनाओं के बारे में मुर्तजा अंसारी बताते हैं कि वे अपने गांव में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करना चाहते हैं। उनका मानना है कि अगर हर व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुसार समाज के लिए कुछ करे तो गांव और कस्बों का विकास अपने आप हो जाएगा। उनकी सादगी, सामाजिक सोच और सकारात्मक दृष्टिकोण ने उन्हें समाज में आदर्श बना दिया है। मुर्तजा अंसारी जैसे लोग यह संदेश देते हैं कि असली सफलता वही है जो खुद की जिंदगी को संवारने के साथ-साथ दूसरों के जीवन में भी उजाला फैलाए।

# परशुराम और लक्ष्मण संवाद की लीला का मंचन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** श्री रामलीला मंडल के द्वारा रामलीला प्रांगण में श्री राम जानकी कला परिषद द्वारा रामल. ीला मंचन के अंतर्गत अध्यक्ष राकेश कुमार अग्रवाल, मंत्री नरेंद्र कुमार शर्मा के संरक्षण व हरिओम सिंघल के निर्देशन में विभिन्न लीलाएं दिखाई जा रही हैं।

श्री रामलीला मंच पर बीती रात्रि धनुष यज्ञ परशुराम और लक्ष्मण संवाद की लीला का मंचन हुआ। राजा जनक द्वारा सीता स्वयंवर रचाया गया, जिसमें यह शर्त रखी गई जो भगवान शिव के धनुष को उठा लेगा। उसी के साथ सीता का विवाह कर दिया जाएगा। स्वयंवर में अनेक देशों के राजा आए, लेकिन भगवान शिव के धनुष को उठाना तो दूर धनुष को हिला तक नहीं पाए। अंत में गुरु विश्वामित्र के द्वारा भगवान राम को आदेश दिया गया कि राम तुम इस धनुष को उठाकर सीता से विवाह करो। भगवान राम द्वारा गुरु की आज्ञा का पालन करते हुए धनुष को उठा लिया गया। धनुष उठाते ही भगवान राम के द्वारा धनुष को तोड़ दिया गया और इस तरह माता सीता और भगवान श्री राम का विवाह संपन्न हुआ। भगवान शिव के धनुष टूटने पर भगवान परशुराम ने अपना रौद्र रूप दिखाया। इस दौरान भगवान परशुराम और लक्ष्मण जी के बीच काफी संवाद हुआ। श्री राम जी के विनती करने पर भगवान परशुराम का क्रोध शांत हुआ। श्री राम शिवम गोयल, लक्ष्मण शिवम शर्मा, सीता मुकुल सैनी, राजा जनक प्रमोद सिंघल, विश्वामित्र बबलू नादान, रावण नमन गोयल, बाणासुर पवन कुमार, भाट राहुल अग्रवाल, राजा शूरसैन प्रिंस कश्यप, राजा छत्र सैन सौरभ सैनी, राजा भद्र सैन विशाल, राजा वीर सैन अपार दिवाकर, राजा इंद्र सैन वंश अग्रवाल, राजा रणवीर सैन हितेश शर्मा , अज्ञानी राजा मयंक सैनी, साधु राजा वंश कुशवाहा, मसखरा राजा अभिषेक गुप्ता, परशुराम मनी सागर, सीतासखीं डांसर, गुरु सतानंद कमल, दरबार अनमोल और कृष्णा वर्मा, कलाकारों द्वारा श्री रामलीला का मंचन किया गया।

# बैंक से रकम निकालने आई महिला से पांच हजार की ठगी

**नहटौर।** क्षेत्र के गांव नरगदी नवादा निवासी विधवा महिला हसीना अपनी पेंशन के पैसे लेने के लिए नहटौर में बैंक में आई थी। बताया जाता है कि बैंक के अंदर एक व्यक्ति मिला, उसने ही विधवा महिला का फॉर्म भरा। जब विधवा महिला पैसे लेकर बैंक से निकली तो बैंक से कुछ दूरी पर उक्त व्यक्ति ने आकर महिला को अपना रिश्तेदार बताया और किसी काम के लिए 5000 रूपए लेने के बाद रुपए थोड़ी देर में लौटने का वादा करते हुए वहां से निकल गया। काफी देर तक महिला बैठकर उसका इंतजार करती रही। जब आरोपी नहीं आया तो उसे ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद उसने परिवार वालों से आपबीती बताई। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज आदि खंगाले हैं।

# यूपीएस-एनपीएस के विरोध में 25 नवम्बर को रैली

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग के लिए बड़ी संख्या में कर्मचारी करेंगे दिल्ली कूच



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर 25 नवंबर को अटेवा के राष्ट्रीय आह्वान पर यूपीएस-एनपीएस एवं निजीकरण के विरोध में दिल्ली में होने वाली महारैली की सफलता को लेकर डबाकरा हॉल नहटौर में ब्लॉक अध्यक्ष धर्मपाल की अध्यक्षता एवं जिला ऑडिटर दीपक कुमार के संच. ालन में बैठक आयोजित हुई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है। एनपीएस एवं यूपीएस शिक्षकों एवं कर्मचारियों के भविष्य की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा के विरोध में सरकारों का बड़ा षडयंत्र है। एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण केवल पूंजीपतियों को लाभ देने की स्कीम है। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली तक संघर्ष जारी रहेगा। हमारा संगठन अटेवा के हर आंदोलन के साथ है। उत्तर प्रदेश पंचायती राज सफाई कर्मचारी संघ के जिला ऑडिटर दीपक कुमार एवं ब्लॉक अध्यक्ष धर्मपाल सिंह ने कहा कि अटेवा इस आंदोलन को बड़ी ईमानदारी से कर रहा है। आगामी 25 नवंबर को दिल्ली में बड़ी संख्या में हमारा कर्मचारी दिल्ली कूच करेगा। अटेवा जिला महामंत्री सुभाष चंद्र यादव ने कहा कि संगठित होकर संघर्ष करेंगे तो निश्चित शीघ्र सुखद परिणाम मिलेंगे। दीपक कुमार एवं टेनी पाल को महारैली का ब्लॉक प्रभारी बनाया गया।

इस अवसर पर राकेश कुमार रवि, राजकुमार, अमर सिंह, सतीश चंद्र, उमेश कुमार, अनिल कुमार, अमित कुमार, रूपेश कुमार, ओम प्रकाश, कन्हैया सिंह, रामपाल सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, अजीत सिंह, अशोक कुमार, सोनू ठाकुर, जयपाल सिंह, लाखन सिंह, राकेश कुमार, संजीव कुमार, पालेदर सिंह, शिवपाल सिंह, हुकम सिंह, पवन कुमार, सोमपाल सिंह आदि ने संबोधित किया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**पीओके एक...** तबाह किए गए। जैश-ए-मोहम्मद का एक बड़ा आतंकी कह रहा था कि मसूद अजहर के परिवार को भारत ने तबाह कर दिया। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने आतंकियों को उनके धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि उनके कर्म (अपराध) देखकर मार गिराया। उन्होंने कहा कि आतंकवादी हमारे लोगों को धर्म पूछकर मारते हैं, लेकिन भारत ने उनका धर्म नहीं देखा, सिर्फ उनके बुरे काम देखकर जवाब दिया है। राजनाथ सिंह ने मोरक्को की राजधानी रबात में भारतीय समुदाय से मुलाकात और चर्चा की। राजनाथ सिंह मोरक्को के रक्षा मंत्री अब्देलतीफ लाउदिई के साथ बैठक करेंगे। इसमें दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग पर एक समझौता (एमओयू) होने की संभावना है। इस समझौते के तहत प्रशिक्षण, रक्षा उद्योग और नौसेना के सहयोग को बढ़ाया जाएगा। भारतीय नौसेना के जहाज पहले भी अक्सर मोरक्को के कासाब्लांका बंदरगाह जाते रहे हैं। भारत ने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इसके तहत भारत ने बहावलपुर, मुरीदके, मुजफ्फराबाद सहित पाकिस्तान के 7 शहरों में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया था, जिनमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए।

**मानहानि को...** जताते हुए कहा कि राहुल गांधी का मामला भी इसी तरह विचाराधीन है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने प्रोफेसर अमिता सिंह को नोटिस भेजा। 2017 में दिल्ली की एक मेट्रोपॉलिटन अदालत ने मीडिया संस्थान के एडिटर और डिप्टी एडिटर को मानहानि मामले में समन भेजा था। 2023 में दिल्ली हाईकोर्ट ने यह समन रद्द कर दिया। लेकिन 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का फैसला पलटते हुए केस को दोबारा मजिस्ट्रेट कोर्ट में भेज दिया। इसके बाद मई 2025 में हाईकोर्ट ने फिर से समन को सही ठहराया। इसके खिलाफ मीडिया संस्थान और डिप्टी एडिटर ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। याचिका में कहा गया, अब नया कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएसएस) लागू है। इसके सेक्शन 223 के अनुसार केस की सुनवाई शुरुआती स्तर पर ही होनी चाहिए। हालांकि हाईकोर्ट का मानना है कि चूंकि शिकायत 2016 की है, इसलिए नया कानून लागू नहीं होगा। दरअसल, भारत उन कुछ लोकतांत्रिक देशों में शामिल है जहां मानहानि को अब भी आपराधिक अपराध माना जाता है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 356 इसके लिए सजा का प्रावधान करती है। पहले यही प्रावधान आईपीसी की धारा 499 में था, जिसकी संवैधानिक वैधता को सुप्रीम कोर्ट ने 2016 में सही ठहराया था। 2016 में सुब्रमण्यम स्वामी बनाम भारत सरकार मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि आपराधिक मानहानि कानून बोलने की आज़ादी पर एक जरूरी रोक है और यह लोगों के जीवन और सम्मान की रक्षा करता है।

**मोदी ने...** दुकानदार और व्यापारियों ने अपने यहां 'पहले और अब' के बोर्ड लगाए हैं, जिसमें लोगों को दिखाया जा रहा है कि कोई सामान कितना सस्ता हो गया है। हमारी जीएसटी यात्रा 2017 में शुरू हुई थी। तब सरकार ने अनेक वस्तुओं के टैक्सों को खत्म कर कारोबारियों को बहुत राहत मिली थी। अब ये नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफार्म्स हमें और आगे ले जा रहे हैं। इसमें सिस्टम को और सरल बनाया गया है। इससे हमारे दुकानदार साथियों, लघु उद्योगों की सहूलियत और बढ़ेगी। पीएम मोदी ने कहा कि नागरिक देवो भव हमारा मंत्र है। पिछले 11 वर्षों में हमारे प्रयासों से 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। देश में एक बड़ा मिडिल क्लास तैयार हुआ है। अब इसे और सशक्त बनाना हमारा संकल्प है।

हमारे मध्यम वर्ग की मेहनत को मजबूती देने के लिए 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक की आयकर में छूट दी जा चुकी है। अब जीएसटी रिफॉर्म्स से भी मध्यम वर्ग को सीधे लाभ मिल रहा है। नए जीएसटी रिफॉर्म्स को लागू करने से देशवासियों को सालाना लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये बचेंगे। उन्होंने लिखा, देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के हमारे संकल्प को सिद्ध करने के लिए आत्मनिर्भरता का रास्ता बहुत महत्वपूर्ण है। अभी जो नए जीएसटी रिफॉर्म्स आए हैं, उनसे आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी तेज गति मिलेगी। आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक है कि हम स्वदेशी को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। जब भी आप अपने देश के कारीगरों, श्रमिकों और इंडस्ट्री के बनाए सामान को खरीदते हैं, तो आप कई परिवारों की रोजी-रोटी में मदद करते हैं और देश के युवाओं के लिए रोजगार पैदा करते हैं। पीएम मोदी लोगों से अपील करते हुए लिखा कि मैं अपने दुकानदारों और व्यापारियों से भी अपील करता हूं कि वे स्वदेशी सामान ही बेचें। आइए गर्व से कहें, ये स्वदेशी है। आपके घर की बचत बढ़े, आपके सपने पूरे हों, आप अपने पसंद की चीजों को और त्योहारों की खुशी को बढ़ाएं... इसी यही कामना है। एक बार फिर, मैं आपको नवरात्रि के साथ ही 'जीएसटी बचत उत्सव' की शुभकामनाएं देता हूं।

# जीएसटी सुधार पर योगी ने व्यापारियों व ग्राहकों से किया संवाद

**गोरखपुर, वार्ता**

नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म यानी अगली पीढ़ी के लिए जीएसटी सुधार सोमवार से लागू हो गए, जिसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश सरकार द्वारा पूर्व में तय जीएसटी रिफॉर्म जागरूकता अभियान के पहले चरण की शुरुआत खुद व्यापारियों और ग्राहकों के बीच जनसंपर्क करके की।

मुख्यमंत्री ने सोमवार पूर्वाह्न पदयात्रा कर झूलेलाल मंदिर से गोरखनाथ मंदिर मार्ग तक कारोबारी प्रतिष्ठानों में जाकर कारोबारियों और वहां मिले ग्राहकों से बात की और जीएसटी सुधारों पर उनकी प्रतिक्रिया जानी। उन्होंने कारोबारियों से आग्रह किया मोदी सरकार से उपहार स्वरूप घटी जीएसटी का लाभ ग्राहकों को अवश्य दें और साथ ही स्वदेशी उत्पादों को बघवा देने के लिए प्रतिष्ठानों पर गर्व से कहो यह स्वदेशी है का पोस्टर भी लगाएं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में जीएसटी परिषद ने तीन सितम्बर की बैठक में कर सुधारों का निर्णय लिया था। ये निर्णय सोमवार से प्रभावी हो गए। इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गत दिनों एक समीक्षा बैठक में 22 सितम्बर से 29 सितम्बर तक 'जीएसटी रिफॉर्म जागरूकता अभियान' का पहला चरण शुरू करने का निर्णय लिया था। इसका शुभारंभ सोमवार को उन्होंने खुद पदयात्रा, जनसंपर्क और संवाद से किया। 'जीएसटी रिफॉर्म जागरूकता अभियान' के तहत मुख्यमंत्री ने झूलेलाल मंदिर से गोरखनाथ मंदिर मार्ग तक पदयात्रा की और मार्ग पर स्थित कई दुकानों में जाकर व्यापारियों और ग्राहकों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जीएसटी की घटी दरों को लेकर उनसे संवाद किया। उन्हें जीएसटी की घटी दरों से संबंधित एक स्टीकर और गुलाब का फूल दिया। और साथ ही कहा कि जीएसटी की घटी दरों का लाभ ग्राहकों को जरूर दीजिए जिससे आपका कारोबार और समृद्ध होगा।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मुनकाद अली ने बसपाईयों में भरा जोश

## नौ अक्टूबर को लखनऊ के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बसपा के राष्ट्रीय महासचिव बाबू मुनकाद अली ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि प्रदेश में अगली सरकार बसपा की बनेगी। कार्यकर्ताओं को इसके लिए बूथ स्तर तक जी तोड़ मेहनत करनी होगी।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज दोपहर बहुजन समाज पार्टी के जिला कार्यालय बिजनौर में जिला स्तरीय बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अखलेश कुमार हितैषी एड. जिला अध्यक्ष ने की। संचालन जिला महासचिव नंदराम प्रजापति द्वारा किया गया। राष्ट्रीय महासचिव बाबू मुनकाद अली एवं पूर्व सांसद गिरीश चंद ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

बैठक में मुख्य मंडल प्रभारी जाफर मलिक, डॉ. कमल राज, रण विजय सिंह, मंडल प्रभारी नाजिम अहमद अल्वी व रोहताश कुमार तथा जिला प्रभारी जितेंद्र सागर व कविराज सिंह एवं समस्त जिला कमेटी, विधानसभा प्रभारी, विधानसभा कमेटी, बामसेफ, बीवीएफ एवं भाईचारा कमेटी के जिला एवं विधानसभा संयोजक आदि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में बाबू मुनकाद अली पूर्व सांसद राज्यसभा व राष्ट्रीय महासचिव बसपा ने बामसेफ, डीएस4, बहुजन समाज पार्टी के जन्मदाता व संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि नौ अक्टूबर को स्मारक लखनऊ में होने वाली महारैली को सफल बनाने के लिए किए गए कार्यों की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महारैली में जाने वाले कार्यकर्ताओं के लिए वाहनों की सूची, कार्यकर्ताओं की सूची, सक्षम साथियों की सूची, होर्डिंग लगाने वाले स्थान की सूची बनाने के निर्देश दिए। पहचान के लिए तख्ती बैनर साथ में ले जाने, वाहनों पर अपनी फ्लेक्सी लगाकर ले जाने, बीवीएफ के दो साथी प्रत्येक वाहन के साथ ले जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बामसेफ के सभी साथी व्यवस्था देखेंगे तथा एक अक्टूबर से प्रत्येक विधानसभा में प्रचार वाहन जाएंगे, जो हैंड बिल पंपलेट वितरित करेंगे। निर्धारित प्रोफार्मा में ही होल्डिंग लगवाएंगे। कट आउट, फ्लेक्सी आदि महारैली स्थल पर भी लगवाए जाएंगे। इन सब को कार्यकर्ता अपने संसाधनों से ही लगवाएंगे । उन्होंने आग्रह करते हुए कहा कि कार्यकर्ता किसी अफवाहों पर ध्यान न दें। समय से प्रात: आठ बजे तक महारैली स्थल पर पहुंच जाए। रमाबाई अंबेडकर मैदान, बुद्धा पार्क व इको पार्क वाहनों की पार्किंग के लिए सुरक्षित हैं । वहां पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं के लिए ठहरने आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। जनपद बिजनौर में दो-दो विधानसभा में एक-एक मुख्य मंडल प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई, जो सारी व्यवस्था करेंगे तथा पल-पल की खबर से अवगत कराएंगे। इस मौके पर बहुजन समाज पार्टी के नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा व आजाद समाज पार्टी को छोड़कर हजारों कार्यकर्ता बीएसपी में सम्मिलित हुए। जिसमें मुख्य रूप से राजेंद्र सिंह धामपुर, आदिल चौधरी स्योहारा, इस्तखार अहमद स्योहारा के नेतृत्व में राजकुमार, लव कुश, मुन्ना सिंह, वीर सिंह, कालेराम प्रधान, हरपाल सिंह, अक्षय कुमार, सुधीर कुमार, धर्मपाल सिंह, सुभाष, विकास कुमार, सुमित कुमार, चंद्रप्रकाश, अजय सिंह, मनोज कुमार कश्यप, मानसिंह कश्यप, मन्नू सैनी, टीकम सिंह कश्यप, अजय सिंह, प्रदीप कुमार, महेंद्र सिंह, पदम सिंह, महिपाल सिंह, रविंद्र कुमार, रोहतास, आकाश, सुधीर कुमार, अंकुल कुमार, हरीराज सिंह, सुधीर कुमार, धर्मपाल सिंह सैनी, सुभाष, शुभम, आशीष, उदय राम, बिल्लू दास, उदय दास, मधु, विकास कुमार, सुमित कुमार, मनु, छोटे सिंह, आदित्य कुमार, जानू कुमार, मोनू, चंद्र प्रकाश, सुमित कुमार, आकाश कुमार, ओमप्रकाश, प्रदीप कुमार, ओमवीर सिंह, देवराज कुमार, नीलापत प्रधान, सुरेश भारती, करण सिंह, धर्मपाल सिंह, यादराम प्रधान, हर ज्ञान सिंह, मांगेराम , दिनेश प्रधान आदि शामिल थे।

# चर्चा: कहीं वन गुर्जरों के खिलाफ साजिश तो नहीं

## वन व वन्य जीवों से लगाव ही गुर्जरों की हमेशा से पहचान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अमानगढ़ वन क्षेत्र में रहने वाले वन गुर्जरों को जिस तरह से टाइगर के शिकार के कथित आरोप में दो दिन पूर्व गिरफ्तार किया गया है, उसमें बड़ी साजिश की बू आ रही है। क्योंकि वन गुर्जरों की पहचान हमेशा से वन एवं वन्य जीवों के प्रति लगाव की रही है। वह वन्य जीवों का शिकार कर न तो अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार सकते है और न ही अपनी पहचान को खत्म कर सकते है।

गौरतलब है कि वन क्षेत्र में रहने वाले गुर्जरों का मुख्य कारोबार पशु पालन ही है। वह दूध बेच कर अपने परिवार का पेट पालते है। वह पूरी तरह से प्रकृति पर निर्भर रहते है। यह अन्य देशवासियों की तरह आधुनिक दूनिया की आराम परस्त जिंदगी नहीं गुजारते है। इन्हें अन्य देशवासियों की तरह लग्जरी जिंदगी जीने के लिए तमाम तरह की सुविधाएं भी नहीं मिलती है। न तो इन्हें इन सुविधाओं को पाने की कोई तमन्ना रहती है और न ही यह अपनी पुश्तैनी पहचान को किसी भी हालत में गंवाना चाहते है। लालच, छल, फरेब, मक्कारी व जुर्म की दूनिया से यह हमेशा से दूर रहते है। यह वन एवं वन्य जीवों को अपने परिवार का ही सदस्य मानते है। वन से ही इनकी रोजी-रोटी चलती है। यह न तो वन क्षेत्र से बाहर निकल कर आम आदमी की तरह जिंदगी गुजारना चाहते है और न ही किसी को वन व वन्य जीवों को नुकसान पहुंचाने की कभी भी इजाजत देते है। अगर कोई ऐसा करने का प्रयास भी करता है, तो उसे यह अपना दुश्मन समझ कर उसका विरोध करते है। वन विभाग के स्टाफ का यह पूरा सहयोग करते है। वन क्षेत्र में इनके रहने की वजह से ही वन माफिया व शिकारी अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पाते है। वन माफिया और शिकारी उस क्षेत्र में सक्रिय रहते है, जहां वन गुर्जर नहीं होते है। लेकिन दो दिन पूर्व जिस तरह से टाइगर के कथित शिकार के इल्जाम में वन गुर्जरों को गिरफ्तार किया गया है, उससे यह गहरे सदमे में है। हालांकि अभी यह पुष्टि नहीं हो पाई है कि जो हड्डियां बरामद की गई है, वो टाइगर की है। वन क्षेत्र में खतरनाक पशुओं के बीच आपसी संघर्ष में भी मौत होती है और बीमारी की वजह से भी इनकी मौत हो जाती है। टाइगर के शिकारियों के लिए इसकी हड्डी कोई कीमत नहीं रखती है। सिर्फ टाइगर की खाल ही कीमती होती है। कोई भी शिकारी अपने खिलाफ सबूत नहीं छोड़ता है। अगर दुश्मनी में किसी को फंसाना होता है, तो हाथी दांत व दूसरे वन्य जीवों की खाल व सींग उसके ठिकाने पर रख कर वन विभाग के स्टाफ से सैटिंग कर साजिश रची जाती है। इस मामले में बड़ी साजिश की बू आ रही है। सूत्रों का कहना है कि एक पारिवारिक विवाद के चलते दो पक्षों में कुछ खींचतान चल रही थी। इस मामले को भी उसी से जोड़ कर देखा जा रहा है। अगर पूरे मामले की सीबीआई या अन्य किसी बड़ी एजेंसी से जांच कराई जाएगी, तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। इतने गंभीर मामले की निष्पक्षता व गहराई से जांच जरूर होनी चाहिए। न तो कोई बेकसूर फंसना चाहिए और न ही कोई कसूरवार बचना चाहिए। वन गुर्जरों के परिवार दहशत और सदमे में है। उन्हें इस बात का मलाल है कि वो इल्जाम उन पर लग रहा है, जो करने के बारे में वह ख्वाब में भी नहीं सोच सकते है। वन गुर्जरों को इस बात का भी मलाल है कि उनके समर्थन में न तो कोई आवाज उठा रहा है और न ही कोई उनकी मदद के लिए सामने आ रहा है।

# भाकियू की मासिक पंचायत संपन्न



## समस्याओं का समाधान कराने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता आज भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत गन्ना समिति में जिला अध्यक्ष चौधरी सुनील प्रधान की अध्यक्षता तथा देव. राज सिंह व मुकेश जंघाला के संयुक्त संचालक में संपन्न हुई।

सभा में जनपद के किसानों की विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान करने के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा करते हुए शासन-प्रशासन से निम्नलिखित समस्याओं को समाधान करने की मांग की गई। जनपद के सभी धान के केन्द्र पर अति शीघ्र धान की खरीद शुरू कराई जाए। अतिवृष्टि व बाड के कारण नष्ट हुई फसलों का मुआवजा किसानों को शीघ्र दिलाया जाए। जिले में अत्यधिक वर्षा होने से चारे का संकट खड़ा हो गया है। अत: जिले की शुगर मिलों को 15 अक्टूबर तक अवश्य चालू कराया जाए। जनपद की नहरों में पानी छोड़ा जाए। जिले के जंगलों में 40 से अधिक इंसानों की जान ले चुके गुलदारों को आदमखोर घोषित करते हुए उचित कार्रवाई की जाए तथा जिले से सभी दिलदारों को पकड़वा कर दूर के वनों में भेजा जाए। हर घर नल हर घर जल योजना के तहत क्षत विकसित हुई गांव की सड़कों की मरम्मत कराई जाए। पंचायत में युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत सिंह सिंधु, रामावतार सिंह, लुधियान सिंह, उपमा चौहान, वीरेंद्र सिंह, दिनेश कुमार, नरदेव सिंह, कृत बालियान, अमित कुमार, रामकुमार सिंह, मुनींद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, जय सिंह, आशु चौधरी, विनीत चौधरी, महावीर सिंह, शिव कुमार, बलजीत सिंह, मुख्तियार सिंह, राजेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, हर्ष वर्धन, पंकज शेरावत, मुकुल शेरावत, विकार अहमद, संदीप त्यागी, अंकुर चौधरी, रवि शेखर, अमित, बाल मुकुंद सिंह, अंकुर चौधरी, विनीत मौर्य, कविराज सिंह, मुनेश अहलावत, अमरजीत, हरीराज सिंह, याकूब, सौरभ काकरान, आकाश चौधरी, शुभम चौधरी, अतुल चौधरी, ऋषभ चौधरी, आयुष चौधरी, शक्ति सिंह सालन, कपिल चौधरी, देवेंद्र प्रधान आदि किसान मौजूद रहे।

पंचायत में किसानों के अन्य संगठनों से 40 कार्यकर्ता भारतीय किसान यूनियन प्रधान से 10 कार्यकर्ता भारतीय किसान यूनियन सामाजिक से और 10 किसान भारतीय किसान यूनियन राजनीतिक से आज भारतीय किसान यूनियन टिकैत में शामिल हुए। जिन्हें जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान नाम भारतीय किसान यूनियन टिकैत की सदस्यता दिलाई। भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता भाकियू सामा. जिक नजीबाबाद क्षेत्र के नागेन्द्र सिंह, राजा रणधीर सिंह, सुमित कुमार देव उर्फ पाटू आदि दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाकियू सामाजिक को छोड़कर भाकियू टिकैत में अपनी आस्था व्यक्त करते हुए भाकियू टिकैत की सदस्यता ग्रहण की।

# मालन नदी के कायाकल्प की समीक्षा बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज शाम कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तराखण्ड सीमावर्ती ग्रामों, पीएम जनमन और वर्तमान में किये जा रहे ग्रामों के भ्रमणों, निरीक्षणों, चौपालों में दिये गये निर्देशों का अनुपालन तथा मालन नदी का कायाकल्प की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उत्तराखंड सीमावर्ती 18 गांवों को प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यक्रम एवं जन कल्याणकारी योजनाओं से संतृप्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ऐसे गांव जिनमें आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा बहू, सफाई कर्मी नियुक्त नहीं है, वहां शत प्रतिशत रूप से कार्मिकों को तैनात करना सुनिश्चित करें ताकि विकास की प्रगति किसी भी स्तर पर प्रभावित न होने पाए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त गांव में जहां पर भी अवैध कब्जा पाया जाए, तत्काल कार्यवाही करते हुए सार्वजनिक भूमि को कब्जा मुक्त कराते हुए वहां खेल का मैदान, पार्क, आंगनबाड़ी केंद्र, सार्वजनिक शौचालय आदि आम लोगों के उपयोग के लिए निर्माण कार्य कराएं ताकि सभी ग्रामवासी लाभान्वित हो सके। उन्होंने डीसी मनरेगा को निर्देशित करते हुए कहा कि मनरेगा से कराए जा रहे सभी कार्यों की सूची बनाकर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया कि सीमावर्ती सभी गांवों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए टंकियों का निर्माण कार्य पूरा कर पाइप लाइन बिछाने में क्षतिग्रस्त होने वाले मार्गों को मानक के अनुरूप ठीक कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन गांवों में जंगली जानवरों के प्रवेश रोकने के फैंसिंग कार्य चल रहे हैं, की प्रगति की रिपोर्ट उपलब्ध कराएं तथा जो गांव अवशेष रह गए हैं। उनको भी यथाशीघ्र संतृप्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी गांवों में अंत्येष्टि स्थल एवं पंचायत घरों का निर्माण कराएं और मानक के अनुरूप सभी विकास सुविधाओं से उक्त गांव को संतृप्त करें।उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी गांवों में बरात घर, सड़कों की मरम्मत, आंगनबाड़ी केंद्र की उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं आदि की शत प्रतिशत रूप से उपलब्धता को सुनिश्चित बनाएं और सभी शासकीय विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामवासियों को संतृप्त करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कृषि, जल निगम, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, वन, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया किया कि सभी गांवों में रोस्टर बना कर कैंपों का आयोजन करें और पात्र लाभार्थियों का चयन कर उन्हें शासकीय योजनाओं से आच्छादित करें ताकि सीमावर्ती सभी ग्राम विकास की मुख्य धारा में शामिल हो सकें। उन्होंने वन विभाग के अधिकारीयों को कड़े निर्देश दिए कि जो ग्रामीण गुलदार अथवा जंगली जानवरों के हमले से घायल हुए हैं, उन्हें तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर परियोजना निद. ेशक डीआरडीए, जिला विकस अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा एवं एनआरएलएम, वरिष्ठ कोष अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# बड़े दलित नेता राजेंद्र की घर वापसी से आसपा क्लीन बोल्ड़



## चुनाव से पूर्व कई अन्य नेता छोड़ देंगे साथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद के बड़े दलित नेता एवं जमीनी स्तर पर काम करने वाले राजेंद्र कुमार के द्वारा अपनी टीम के साथ आजाद समाज पार्टी को क्लीन बोल्ड़ कर बसपा में घर वापसी कर लेने से आगामी विधानसभा चुनाव से पूर्व बड़े बदलाव के संकेत मिल रहे है। सूत्रों का कहना है कि आसपा में जिस तरह से पुराने व जमीनी नेताओं को सम्मान नहीं मिल रहा है, उससे कई नेता नाराज है और वह पार्टी के कार्यक्रमों एवं बैठकों से दूरी बना रहे है। सूत्रों का कहना है कि आसपा के दर्जनों नेता जोर का झटका देते हुए विधानसभा चुनाव से पूर्व पार्टी छोड़ देंगे।

प्राप्त समाचार के अनुसार राजेन्द्र कुमार जनपद में दलित समाज के बड़े नेताओं में शुमार है। उनकी पिछड़ा हिंदू समाज व मुस्लिम समाज में भी मजबूत पकड़ है। वह बसपा के कुछ नेताओं की भूमिका एवं आसपा के द्वारा दलितों व मुस्लिमों की लड़ाई मजबूती के साथ लड़ने की उम्मीद से आसपा में शामिल हो गए थे। मगर आसपा में जिस तरह की अंदरूनी माहौल चल रहा है और जमीनी नेताओं की उपेक्षा की जा रही है, उससे वह नाराज थे। राजेन्द्र कुमार के द्वारा आसपा छोड़ने के संकेत पिछले कुछ महीनों से मिल रहे थे। दलित समाज के जागरूक लोगों के द्वारा भी उन पर बसपा में वापसी का दबाव बनाया जा रहा था। इनका कहना था कि आसपा से दलित समाज को जिस तरह की उम्मीद थी, वो पूरी नहीं की जा रही है। आसपा अध्यक्ष व सांसद चन्द्रशेखर अपने क्षेत्र एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश को छोड़कर पूरे देश में घूम रहे है। उनके द्वारा जहां-जहां चुनाव लड़ा जा रहा है, वहां-वहां भाजपा को ही फायदा पहुंच रहा है और विपक्ष कमजोर पड़ रहा है। इसी को देखते हुए उन्होंने दलित समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए बसपा में घर वापसी का निर्णय ले लिया था। आज बिजनौर में पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने अपनी पूरी टीम और विशेष तौर पर युवा नेता आदिल चौधरी के साथ बसपा में घर वापसी कर ली है। उनका बसपा के राष्ट्रीय महासचिव मुनकाद अली एवं अन्य नेताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

राजेन्द्र कुमार लंबे समय तक बसपा के जिलाध्यक्ष भी रह चुके है। वह विभिन्न पदों पर रह कर पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए जाने जाते है। राजेंद्र कुमार का कहना था कि बसपा को वोट देने से ही भाजपा को हराया जा सकता है। प्रदेश की जनता आज भी बसपा सरकार के कार्यकाल को याद करती है। बसपा सरकार में अधिकारी निरंकुश नहीं रहते थे और वह जनता की सुनवाई करते थे।

आज प्रदेश में जिस तरह का माहौल है, उसमें बसपा की सरकार बनना जरूरी हो गया है। उन्होंने सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं सहित सर्वसमाज का आह्वान करते हुए कहा कि प्रदेश में बदलाव के लिए बसपा को मजबूती प्रदान करें। उन्होंने कहा कि एक नेता की पार्टी में न तो किसी का भविष्य सुरक्षित है और न ही वह समाज का भला कर सकते है। दलित समाज को भी असलियत का पता चल गया है। विधानसभा चुनाव में स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट हो जाएगी। दर्जनों नेता आसपा छोड़ देंगे। आसपा में वरिष्ठ नेताओं को मानसम्मान नहीं मिलता है। हर कोई अपनी चलाता है। अनुशासन दूर तक भी दिखाई नहीं देता है।

## एक नजर

### बाइक सवार गंभीर रूप से घायल



**अफजलगढ़।** धामपुर मार्ग एन-74 पर अली मस्जिद के समीप मौहल्ला गौहर अली खान निवासी मोहसिन पुत्र यासीन अपने मित्र शान पुत्र शाहिद के साथ बाइक द्वारा नगर के भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम से पैसे निकालने जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक एनएच 74 पर अली मस्जिद के समीप पहुंची। अचानक सामने से आ रही अज्ञात बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से मोनिस व शान बाइक से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अफजलगढ़ सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने हायर सेंटर रैफर कर दिया। जबकि शान को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया है। वहीं पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। नगर वासियों ने बताया अज्ञात बाइक सवार मौके से टक्कर मारकर फरार हो गया है।

### पटाखा फैक्ट्री में लगी आग



**नहटौर।** नूरपुर मार्ग पर ग्राम बूढ़पुर के पास स्थित एक पटाखा फैक्ट्री में आग लगने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल की। बताया जाता है कि सोमवार की सुबह पटाखा फैक्ट्री में आग लग गयी थी। आग लगने के दौरान हड़कंप मच गया। इसके बाद फैक्ट्री के कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया। आग लगने से कोई जनहानि नहीं हुई। नुकसान होना बताया जा रहा है। फैक्ट्री में आग लगने का पता चलने पर अन्य फैक्ट्री संचालकों में हड़कंप मच गया। कई फैक्ट्रियों को आनन-फानन में बंद कर दिया गया। फैक्ट्री में आग लगने की सूचना पर आसपास के लोगों ने भी मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। बताया जाता है कि पटाखा फैक्ट्रियों में अधिकांश महिला काम करती है। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस का कहना है कि फैक्ट्री से निकले कूड़े में आग लगी थी। जिसको फैक्ट्री के कर्मचारियों ने बुझा दिया था।

### भाजपा नेता ने किया रामलीला का उद्घाटन



**राजा का ताजपुर।** श्री आदर्श रामलीला का उद्घाटन वरिष्ठ भाजपा नेता समाजसेवी अंकित जोशी ने फीता काट कर किया। आदर्श रामलीला कमेटी के द्वारा अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। अंकित जोशी ने कहा कि श्रीराम भगवान पुरुषोत्तम भगवान है। सभी को राम भक्तों के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। इस मौके पर पहुंच कमेटी के अध्यक्ष हरि सिंह चौहान, सरदार कमलजीत सिंह नूर, जागेश सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश कुमार सैनी, शादीराम सिंह सैनी, सुमित शर्मा, पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल की प्रदेश महामंत्री भाजपा नेत्री आलिशा हुसैन सिद्दीकी, पंडित राकेश शर्मा, सरदार सतवेन्द्र सिंह, गुजराल, रामकुमार कश्यप, महेश गुप्ता, मदन सिंह सैनी, धर्म अवतार वर्मा, सतेन्द्र सिंह आर्य, संभावित प्रत्याशी प्रदीप त्यागी, मंदीप सिंह, अनील चंद्रा, कमल शर्मा, संजीव वालिया, सुनील कुमार त्यागी आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन सरदार कमलजीत सिंह नूर ने किया।

### गुजर झालों के डेरों का निरीक्षण



**कालागढ़।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व अंतर्गत ढेला रेंज कालागढ़ रेंज एवं झिरना रेंज के द्वारा वन्य जीव सुरक्षा के सुदृढीकरण हेतु यूपी के अमानगढ़ से सटी दक्षिणी सीमा पर संयुक्त गश्त एवं ढेला रेंज व झिरना रेंज अंतर्गत अवस्थित गुजर झालों के डेरों का डॉग स्क्वाड के माध्यम से निरिक्षण व चैकिंग किया गया। इस दौरान वन गुजरों एवं आमजन को वन्य जीव सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व बिन्दरपाल उपप्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़, नंदकिशोर रुवाली वन क्षेत्राधिकारी झिरना कालागढ़, भानु प्रकाश हरबोला वन क्षेत्राधिकारी ढेला, नवीन पपने वन दरोगा, सिद्धार्थ रावत वन दरोगा, शरत सिंह वन दरोगा, वजाहद अली वन आरक्षी आदि उपस्थित रहे। वहीं कई सामा. जिक संगठनों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के अनुसार डॉग स्क्वाड की घरों के अंदर गैर कानूनी है। वन विभाग के अधिकारियों ने वन गुजरों के घरों में महिलाओं को भी डराया धमकाया गया, जो कि गैर कानूनी है। इस तरह की कार्यवाही से मानव अधिकार के हकों का सीधा सीधा उल्लंघन है। कानून इस तरह की कार्यवाही की इजाजत नहीं देता है। उसके बावजूद वन विभाग गैर जिम्मेदाराना काम करता चला आ रहा है। जिसको शासन प्रशासन लगातार नजर अंदाज करता चला आ रहा है।

### क्षेत्र की समस्याओं के संबंध में लिखा पत्र

**कालागढ़।** समाजवादी पार्टी नगर अध्यक्ष ने लम्बे समय से पड़ी समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी बिजनौर को पत्र लिखकर अवगत कराया कि चार जुलाई को उप जिलाधिकारी धामपुर, बिजनौर को भिक्कावाला ग्राम पंचायत इस्लामनगर, थाना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, बिजनौर में एक समस्याओं के निवारण हेतु सभा का आयोजन किया गया था। जिसमें ग्रामीणों ने उत्तराखण्ड से निकलने वाले स्रोत से पुराना कालागढ़ के नजदीक स्रोत की पिचिंग एंव स्ट्रीट लाइट, शाम के समय जंगली जानवर पुराना कालागढ़ से होकर कर खेतों में प्रवेश की रोकथाम, पेयजल योजना से पुराने कालागढ़ को वंचित, नालियों के निर्माण, अनेकों समस्याएं रखते हुए शिकायत की थी। जिसके जवाब में रितु रानी उपजिलाधिकारी धामपुर ने समस्याओं का तुरंत निस्तारण करने की बात कही थी। मौके पर मौजूद अधिकारियों को अवगत कराते हुए समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए थे। लेकिन एक लंबा समय बीत जाने के पश्चात भी आज तक समस्याएं जस की तस बनी हुई है। अभी तक संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के चलते समस्याओं का निस्तारण नहीं किया गया है।

# जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी की बैठक

## डीएम ने बिन्दुवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कार्यक्रम के अन्तर्गत आज शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी की बैठक आयोजित हुई।



जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी ग्राम पंचायतों में स्वयं के संसाधन से आय सृजित करना सुनिश्चित करें और जिन ब्लॉकों में अभी तक उक्त कार्य कोई प्रगति नहीं हुई है, संबंधित खंड विकास अधिकारी ग्राम प्रधानों को प्रेरित करें और चालू वित्तीय वर्ष में आय के स्रोतों का सज्जन करना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा पंचायत प्रतिपूर्ति एवं प्रोत्साहन योजना से आच्छादित 1500 तक आबादी वाली सभी ग्राम पंचायत को वित्तीय वर्ष में स्वयं के संसाधन से अर्जित आय (ओएसआर) की 5 गुना धनराशि संबंधित ग्राम पंचायत को प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि उक्त धनराशि ग्राम पंचायत को वित्तीय वर्ष में पंचायत प्रतिपूर्ति एवं प्रोत्साहन योजना मध्य में हस्तांतरित धनराशि कम नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि बीडीओ एवं एडीओ ग्राम पंचायत में आय के स्रोत बढ़ाने के लिए सार्थक प्रयास करें ताकि उन स्रोतों से होने वाली आय से ग्राम पंचायत में विकास के कार्य कराए जा सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी गांवों विशेष रूप से गुलदार प्रभावित ग्रामों में ग्राम वासियों को किसी भी अवस्था में शौच के लिए गांव से बाहर न जाने के लिए निर्देशित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि गांव में शौचालय होने के बावजूद भी शौच के लिए जंगल जाने वाले लोगों को चिन्हित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रत्येक ग्राम में अभियान चलाकर ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के निस्तारण के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए और डोर टू डोर कूड़ा एकत्र कार्य को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करें।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि ग्रामीण पुस्तकालय और अधिक क्रियाशील और बहुउद्देशीय बनाने के लिए कार्य योजना बनाएं और ग्रामीणजनों को स्वयं एवं बच्चों को पुस्तकालयों से लाभान्वित करने के लिए जागरुक एवं प्रेरित करें। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कार्यक्रम की प्रगति, स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत ओडीएफ प्लस की गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालन के लिए संस्थागत व्यवस्था सुनिश्चित करने, व्यक्तिगत शौचालयों की रेट्रोफिटिंग किए जाने, कूड़ा-कचरा प्रबन्धन, ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन, तरल अपशिष्ट प्रबन्धन, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण आदि कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला विकस अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा एवं एनआरएलएम, वरिष्ठ कोषाधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# वैदिक सत्संग एवं सामाजिक सद्भावना सम्मेलन का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बिजनौर झालू मार्ग पर स्थित ग्राम मौजीपुर-गोपालपुर में वैदिक सत्संग एवं सामाजिक सद्भावना सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। तीन दिन तक चलने वाले कार्यक्रम में प्रतिदिन प्रात: 8 बजे से 11 बजे तक यज्ञ प्रवचन व भजन। दोपहर 2 से 5 बजे तक भजनोपदेश सम्मेलन, रात्रि 7:30 बजे से 10 बजे तक भजनोपदेश सम्मेलन किया जा रहा है। शुक्रवार को प्रात: 8 बजे से 11 बजे तक यह व भजनोपदेश, दोपहर 11 से 1 बजे तक सद्भावना भोज व समापन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। योगाभ्यास एवं स्वास्थ्य चर्चा प्रतिदिन प्रात: 6 बजे से 7 बजे तक किया जाएगा।

उक्त कार्यक्रमों में आज के समय में व्यक्तित्व के जीवन में तनाव, निराशा, पारिवारिक कलह आदि समाज स्तर पर ईर्ष्या, द्वेष, अंधविश्वास, पाखंड, नशाखोरी एवं राष्ट्र स्तर पर अव्यवस्था, राजनी. तिकरण, धर्म परिवर्तन जैसी अनेक समस्याओं पर विचार गोष्ठी की

### योगाभ्यास एवं स्वास्थ्य चर्चा

जाएगी। विशेष रूप से तीन दिवसीय कार्यक्रम में युवा उत्थान, महिला सशक्तिकरण, योग, स्वास्थ्य, गांव समाज जागरूकता, राष्ट्र रक्षा एवं नशा मुक्ति जैसे सामाजिक विषयों पर अतिथियों के द्वारा विचारों का आदान-प्रदान किया जाना है। कार्यक्रम में स्वामी सूर्य वेश जी केवलानंद आश्रम गंज, स्वामी सत्यवेश जी महाराज (उत्तराखंड), श्रीमती संगीता आर्या जी प्रसिद्ध भजनोदेशिका सहारनपुर, पंडित राजवीर आर्य प्रसिद्ध भजनोपदेशक शुक्रतीर्थ (मुजफ्फरनगर), श्रीमती श्रद्धा आचार्या सनातनी प्रवक्ता दिल्ली, डॉ. रण सिंह आर्य सामाजिक चिंतक गोविंदपुर (बिजनौर), जिला आर्य प्रतिनिधि सभा बिजनौर के प्रशासक महाशय रविंद्र पाल आर्य एवं आर्य प्रतिनिधि सभा बिजनौर से जुड़े विद्वत जन व प्रतिनिधि गण उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व परिवहन मंत्री अशोक कुमार कटारिया, सदस्य राज्य महिला आयोग श्रीमती संगीता जैन, अध्यक्ष जिला पंचायत साकेंद्र प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र सिंह बॉबी, पूर्व राज्य मंत्री कुंवर भारतेंद्र सिंह, पूर्व राज्य मंत्री स्वामी ओमवेश, विधायक ओम कुमार, विधायक अशोक राणा, विधायक शामली प्रप्रसन्न चौधरी, विधायक बुढ़ाना उमेश मलिक, जिला अध्यक्ष भाजपा यु.मो. रॉबिन चौधरी, नगर पालिका चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह, जिलाध्यक्ष रालोद आचार्य नरेंद्र, प्रदेश अध्यक्ष भाकियू (युवा) दिगंबर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष भाकियू (टिकैत) सत्यवीर सिंह सोनू आदि को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम आयोजक समरपाल सिंह एवं क्षेत्रीय आर्य जनों ने सभी आर्य समाज इकाइयों एवं आर्य समाज से जुड़े सभी लोगों का आह्वान करते हुए कहा है कि इस तीन दिवसीय वैदिक कार्यक्रम में प्रतिभाग कर विद्वत जनों के विचार सुन आर्य वैदिक सनातन धर्म को मजबूत करें।

# जिला स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता में दबखेडी का भूरे बना चैंपियन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरूकी।** ग्राम शादीपुर में आयोजित जिला स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता को ग्राम दबखेडी निवासी भूरे ने जीत लिया। भूरे को ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया।

ग्राम शादीपुर में युवा वाल्मीकि कमेटी द्वारा आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में दबखेड़ी निवासी भूरे ने प्रथम, नजीबाबाद निवासी आनंद कुमार ने द्वितीय तथा कुलचाना निवासी संजय कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों विजेता खिलाड़ियों को पदक तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ अंकित दयाल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए। खेलों से शरीर स्वस्थ रहता है तथा मानसिक बल भी बढ़ता है।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। दौड़ प्रतियोगिता को संपन्न कराने में अरुण वाल्मीकि, दीपक वाल्मीकि, सोहन वाल्मीकि, चाहत वाल्मीकि, रवि,पंकज वाल्मीकि, पूर्व प्रधान वीर सिंह, रोहि. हत कश्यप, सोमपाल सिंह आदि का सहयोग रहा।

# ऐश्वर्या चौधरी ने काटा श्री रामलीला मंचन का फीता

### श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** आदर्श नगर पंचायत झालू में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री रामलीला मंचन का शुभारम्भ हुआ। ऐश्वर्या मौसम चौधरी वरिष्ठ भाजपा नेता और अन्य समर्थको ने संयुक्त रूप से फीता काटा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर में रविवार की रात्रि पूजा अर्चना के बाद हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री रामलीला मंचन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि ऐश्वर्य मौसम चौधरी एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता काटकर शुभारंभ किया।

उन्होंने बताया कि हम सबको राम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए और उनके बताए गए रास्ते पर चलना चाहिए। यदि हम ऐसा करेंगे, तभी हम राम के अनुयाई बनेंगे। रामलीला कमेटी के प्रधान अनुज चौधरी ने बताया कि वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी एडवोकेट ने रामलीला सौंदर्यकरण के विधायक निधि से सहयोग कराने का आश्वासन दिया।

श्री रामलीला मंचन के शुभारंभ के इस अवसर पर भूपेंद्र सिंह रायजी, सूरज सिंह, ज्ञानेश्वर सिंह, दिनेश शर्मा, एडवोकेट शुभम अग्रवाल, धर्मपुरा प्रधान शौवीर सिंह, उमंग चौधरी, रामलीला कमेटी के संरक्षक ज्ञानेंद्र सिंह, रामलीला कमेटी के प्रधान अनुज चौधरी, कमेटी के उप प्रधान राहुल चौधरी, ललित चौधरी, कमेटी कोषाध्यक्ष सचिन शर्मा, सुधीर कुमार, गजेंद्र सिंह, प्रदीप चौधरी, उप संरक्षक गौरव शर्मा आदि नगर व क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हाईकोर्ट बेंच की स्थापना को लेकर सांसद चंद्रशेखर आजाद सक्रिय

### कानून मंत्री को सौंपा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद हाईकोर्ट की बेंच की स्थापना की मांग को एक बार फिर जोरदार तरीके से उठाया है। सांसद ने दिल्ली में केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्रालय में केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से उनके कार्यालय में मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा और इस संबंध में तत्काल कदम उठाने की अपील की।



सांसद ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश, विशेषकर मेरठ और आसपास के जिलों की जनता दशकों से सुलभ और सहज न्याय के अधिकार के लिए संघर्ष कर रही है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय तक का लंबा सफर न केवल महंगा है, बल्कि आमजन के लिए कठिन भी हो जाता है। इससे न्याय की पहुंच प्रभावित होती है और न्याय की मूल भावना कमजोर पड़ती है।

उन्होंने बताया कि अधिवक्ता, छात्र, किसान, व्यापारी, महिला संगठन और समाज का हर वर्ग लगातार हाईकोर्ट बेंच की मांग करता आ रहा है। यह मांग केवल स्थानीय नहीं है, बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश की संवैधानिक आवश्यकता बन चुकी है।

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कानून मंत्री से कहा कि मेरठ या पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उपयुक्त जिले में उच्च न्यायालय की बेंच की स्थापना की जाए। जनता को न्याय पाने के लिए सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा न करनी पड़े। दशकों पुरानी न्यायिक उपेक्षा को तत्काल समाप्त किया जाए।

उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि सरकार इस गंभीर विषय पर स्पष्ट और ठोस कदम उठाए, ताकि सुलभ न्याय का अधिकार पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हर नागरिक तक पहुंच सके।

# वोट चोरी मुद्दे को लेकर कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान

## बैलेट पेपर से चुनावी प्रक्रिया के लिए जनता को आगे आना होगा : आर.के. सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से आज नगर क्षेत्र में वोट चोरी रोको हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस दौरान मंडी मौलगंज से पार्टी कार्यकर्ताओं ने अभियान की शुरुआत की और घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह व पूर्व आईएएस अधिकारी आर.के. सिंह भी मौजूद रहे।






प्राप्त जानकारी के अनुसार कांग्रेस जिला अध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह व पूर्व आईएएस अधिकारी आर. के. सिंह ने मंडी मौलगंज नगीना स्थित अपने आवास पर एक जनसभा आयोजित की।

उन्होंने वोट चोरी के मुद्दे पर राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे देश में चलाए जा रहे अभियान की जानकारी दी। जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरे देश में यह अभियान चलाया जा रहा है। पूर्व आईएएस अधिकारी आरके सिंह ने कहा कि ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए देश की जनता को आजादी के आंदोलन की तरह आगे आना होगा। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल वाहिद अंसारी ने कहा कि नगर के प्रत्येक बूथ से 100 - 200 लोगों से हस्ताक्षर कराने का लक्ष्य है। इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने घर-घर, दुकान-दुकान जाकर जागरूकता अभियान चलाया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह, रिटायर्ड आईएएस आर. के. सिंह, जावेद अंसारी, अब्दुल वाहिद अंसारी, शेख अंजार, हाजी एहसान, मिस्बाह उल हसन, प्रदीप ठाकुर, डॉ. नईम, शमसुद्दीन कुरैशी आदि उपस्थित रहे।

# मोटापे को दूर करने के लिए लें संतुलित आयुर्वेद आहार: डॉ. विमल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डॉ. विमल, आयुष्मान विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि आज के दौर में मोटापा एक जटिल समस्या बनता जा रहा है। इसका मुख्य कारण अनुवांशिकता, हार्मोन की गड़बड़ी, खान-पीन तथा शारीरिक श्रम की कमी है। आयुर्वेद में स्थौल्य को अष्ट निंदनीय की श्रेणी में रखा गया है और आचार्यों ने चिकित्सा करते वक्त भी दुर्बल शरीर वाले व्यक्ति को स्थौल्य पुरुष से शीघ्र रोग मुक्त होना बताया है।

स्थौल्य (मोटापा) शरीर में कफ व मेद की वृद्धि होने से होता है, जो आगे चलकर शुगर, ब्लड प्रेशर बढ़ने जैसी अन्य बीमारियों को जन्म देता है और इस कारण शरीर रोगों का घर बन जाता है।

मोटापे से बचने के लिए कम कैलोरी वाले प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ, हरी सब्जियां, फल इत्यादि का सेवन करना चाहिए। साथ ही अत्यधिक मीठे, उच्च कैलोरी वाले पदार्थ का सेवन कम से कम मात्रा में करना चाहिए तथा जंक फूड, पैकेज्ड खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचे।

आयुर्वेद के अनुसार मोटापे को कम करने के लिए मूंग, मसूर, अदरक, हरण, बहेड़ा, आंवला, पिपली, काली मिर्च, शहद इत्यादि का सेवन तथा नियमित व्यायाम करना चाहिए।

# होर्डिंग चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार



**नगीना।** पुलिस ने होर्डिंग चोरी के आरोपी महेश कुमार पुत्र राकेश कुमार व राजेन्द्र पुत्र अतर सिंह निवासीगण जीतपुर पलडी थाना नगीना को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उससे चोरी की गई हॉर्डिंग के लोहे के कटे हुए 15 पाइप व घटना में प्रयुक्त एक स्पेलन्डर बाइक भी बरामद कर ली। होर्डिंग स्वामी ने 20 सितंबर को उपरोक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध होर्डिंग चोरी करने के सम्बन्ध में थाना नगीना पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसआई सर्वेज खान के नेतृत्व में टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# विधायक की आंख का हुआ आपरेशन, अस्पताल में भर्ती



**नगीना।** विधायक मनोज पारस की निजी समस्याएं खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं, जिनके कारण वो कई दिनों से परेशान चल रहे हैं। कुछ दिन पहले उन्हें जेल जाना पड़ा और तीन दिन जेल में रहने के बाद उनकी जमानत हुई। इसके पूर्व भी उन्हें बुखार था और जेल से छूटने के बाद बुखार और तेज हो गया। जिस कारण वो लखनऊ के अस्पताल में एडमिट रहे। रविवार को अचानक उनकी आंख में परेशानी हो गई, जिसकी वजह से सोमवार को इंदिरा गांधी आई हॉस्पिटल लखनऊ में आंख का चेकअप कराया और डॉक्टर ने कहा कि आपकी आंख का ऑपरेशन होगा। जिस कारण अचानक ही एडमिट होकर उन्होंने अपनी आंख का ऑपरेशन कराया और ऑपरेशन होने के बाद वार्ड में शिफ्ट हो गए। उनके समर्थकों व शुभचिंतकों ने उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है।

# हत्यारोपी प्रांकुल व विनोद गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावली।** थाना क्षेत्र के ग्राम प्रेमपुरी निवासी अमर को पीट पीट कर मार डाला था। उक्त मामले में ग्रामीणों ने हंगामा किया और शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया था। पिता की तहरीर पर पुलिस ने हत्यारोपियों के खिलाफ संबधित धाराओं में मामला दर्ज कर हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

बाबूराम पुत्र तेजपाल निवासी ग्राम प्रेमपुरी मंडावली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 सितंबर को सुबह उसका पुत्र अमर शौच के लिए खेत मे गया था। तभी दो लडके प्रांकुल पुत्र राकेश व विनोद पुत्र बाबू निवासी नंगला पिथौरा थाना मंडावली उनके घर आए और अमर के बारे मे पूछने लगे। अमर ने फोन पर लगभग 5.30 बजे शाम को बताया कि प्रांकुल पुत्र राकेश व विनोद पुत्र बाबू तथा दो अन्य दो लडकों ने मारपीट की थी तथा उसे कुछ जहरीला पदार्थ दिया था। बदहवास हालत में उसे लाईफ लाईन अस्पताल ले गए, जहां से जौलीग्रांट अस्पताल ले जाया गया था। उपचार के दौरान अमर की मृत्यु हो गई थी। आरोप है कि अमर की हत्या प्रांकुल व विनोद तथा दो अन्यों ने की है। पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में प्रांकुल, विनोद व अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस ने प्रांकुल व विनोद को गिरफ्तार कर लिया है।

# चोरी किए कटरे के साथ दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** पुलिस ने कटरा चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से चोरी किया गया कटरा भी बरामद किया है।

मामला 21 सितंबर 2025 का है, जब ग्राम अमीनाबाद निवासी हरीराज सिंह ने थाना स्योहारा पर तहरीर दी थी कि अभियुक्त ओमपाल सिंह, रूपराम सिंह व उनके एक अज्ञात साथी द्वारा उनका कटरा चोरी कर लिया गया है। प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की जांच के दौरान मुकदमे में अभियुक्त जितेन्द्र पुत्र बृजपाल सिंह निवासी ग्राम बेगमपुर थाना कांठ जिला मुरादाबाद का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने उसे चोरी किए गए कटरा सहित गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

# मौलिक मिश्रा का शानदार प्रदर्शन



**नगीना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान से सम्बद्ध सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नगीना बिजनौर के कक्षा दशम के भैय्या मौलिक मिश्रा ने सिकंदराबाद में आयोजित प्रांतीय प्रतियोगिता में भाग लेकर किशोर वर्ग नवाचार विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सिंह ने भैय्या मौलिक मिश्रा को विद्यालय प्रांगण में सम्मानित कर उन्हें शुभकामनाएं देकर उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर विभाग प्रमुख आचार्य ब्रह्म पाल सिंह व समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# नगीना में लेखपालों का धरना खत्म

## एसडीएम ने मांगों के समाधान का दिया आश्वासन, कार्य बहिष्कार की घोषणा वापस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** तहसील में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ का धरना प्रदर्शन समाप्त हो गया है। लेखपाल संघ 11 सितंबर से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना दे रहे थे।



लेखपाल संघ तहसील अध्यक्ष सत्यवीर सिंह ने बताया कि धरने के दौरान जिला व तहसील प्रशासन से मुद्दों को लेकर कई बार वार्ता हुई, जिसका कोई हल निकलता नहीं दिखाई दे रहा था। इससे नाराज होकर संघ ने कार्य बहिष्कार की घोषणा कर दी थी।

आज एसडीएम के साथ पुन: वार्ता के दौरान एसडीएम ने लेखपालों से कार्य बहिष्कार न करने की अपील की। उन्होंने लेखपालों की समस्याओं का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद लेखपाल संघ ने अपना धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया।

संबंध विच्छेद सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं व मेरी पत्नी अपने पुत्र अमन तथा पुत्रवधू को उनके गलत व्यवहार के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद करते है। अपने कृत्यों के वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। उनका हमसे या हमारे परिवार से कोई संबंध वास्ता नहीं है। **-मेहमूद अहमद पुत्र महबूब अली व शबनम पत्नी मेहमूद अहमद सहसपुर देहात रसूलपुर, थाना स्योहारा, तहसील धामपुर ( बिजनौर )**

## एक नजर

### सड़क हादसे में पिता-पुत्र घायल



**अफजलगढ़।** मौहल्ला तराई शेरकोट निवासी मौहम्मद शाकिर पुत्र शकील अहमद और उनके पिता शकील अहमद बाइक से अफजलगढ़ रिश्तेदारी आ रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक ग्राम आलमपुर के पास पहुंची, तभी सामने से आ रही अज्ञात बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों और 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी अफजलगढ़ पहुंचाया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद शकील अहमद की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया, जबकि शाकिर को इलाज के बाद घर भेज दिया गया।

### पालिका में कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण



**स्योहारा।** नगर पालिका में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा कर्मचारियों और सफाईकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान नि:शुल्क दवा वितरण के साथ संक्रामक रोगों से बचाव के उपाय भी बताए गए। नगर पालिका सभागार में आयोजित इस शिविर में सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने करीब 90 कर्मचारियों और सफाईकर्मियों की सेहत जांची। सभी को मुफ्त दवाएं दी गईं और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया। यह शिविर अधिशासी अधिकारी विजेंद्र पाल के पत्र और नगर पालिका के चेयरमैन फैसल वारसी के अनुरोध पर आयोजित किया गया। चेयरमैन फैसल वारसी ने कहा कि सफाईकर्मी समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यदि वे स्वस्थ रहेंगे तो समाज भी स्वस्थ रहेगा। वहीं अधिशासी अधिकारी विजेंद्र पाल ने कहा कि सफाईकर्मियों को शासन की विभिन्न लाभकारी योजनाओं से भी लाभान्वित किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. राकेश कुमार, डॉ. श्वेता सिंह, फार्मासिस्ट हरीश कुमार, आई ऑप्टोमेट्रिस्ट उमेश कुमार, सुमित कुमार, एल.टी. देवेंद्र कुमार, नगर पालि. का प्रधान लिपिक देवेंद्र सिंह, मौहम्मद शान बाबू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### पंचायती मंदिर में विचार गोष्ठी



**नहटौर।** अग्रवाल सभा के तत्वाधान में पंचायती मंदिर में महाराज अग्रसेन की जयंती मनाने के लिए पखवाड़ा प्रारंभ किया। इस अवसर पर यज्ञ हवन व विचार गोष्ठी आयोजित की गई तथा महाराज अग्रसेन के बताए हुए रास्तों पर चलने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी का शुभारंभ महाराज अग्रसेन की प्रतिमा पर समाज के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल व मुकेश गुप्ता ने द्वीप प्रज्वलित करके पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने महाराज अग्रसेन के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके बताए हुए रास्तों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पवन अग्रवाल, अजीत अग्रवाल, संतोष गुप्ता, विनय अग्रवाल, स्वतंत्र अग्रवाल, अनुज गोयल, अमित अग्रवाल आदि महिला पुरुष कार्यक्रम में शामिल रहे। यज्ञ हवन मुख्य यजमान प्रदीप अग्रवाल व उनकी धर्मपत्नी रही तथा पुरोहित गणेश शर्मा में यज्ञ हवन सम्पन्न कराया। साथ ही मुकेश गुप्ता ने बताया कि आगामी 4 अक्टूबर को पंचायती मंदिर से अग्रसेन महाराज की शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा रात्रि में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### शिक्षक संघ ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर शिक्षक संघ एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने टेट अनिवार्यता के मुद्दे पर ज्ञापन सांसद चंदन सिंह चौहान को उनके कैंप कार्यालय में सौंपा। सांसद ने शिक्षकों की बात ध्यानपूर्वक सुनी और कहा कि मैं इस मुद्दे को संसद में मजबूती से उठाऊँगा। आप निश्चिंत रहें, मैं हर पीड़ित शिक्षक के साथ खड़ा हूँ। शिक्षकों का संघर्ष न्यायसंगत है और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए उनके हितों की रक्षा करना बेहद जरूरी है। सांसद ने यह भी आश्वासन दिया कि इस संबंध में वे केंद्र सरकार और संबंधित मंत्रालय से बातचीत कर सकारात्मक समाधान निकालने का प्रयास करेंगे।

### कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु



**धामपुर।** रानी बाग कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिवस में श्रीमद भागवत कथा व्यास पंडित सुरेंद्र भारद्वाज द्वारा कथा में अमृत वर्षा करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण ने रुक्मणी से विवाह करने के लिए रुक्मणी का अपहरण किया। रुक्मणी ने भगवान कृष्ण से विवाह करने के लिए पत्र लिखा था और अनुरोध किया कि आप अपहरण कर मेरे साथ विवाह करें। क्योंकि मेरे परिजन शिशुपाल से विवाह कर रहे हैं और मैं उसके साथ विवाह करना नहीं चाहती। इसलिए आप मेरी रक्षा करें और मेरे साथ विवाह करें। भगवान कृष्ण ने रुक्मणी का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया।इस अवसर पर कथा पंडाल जयकारों से सारा वातावरण धर्ममय हो रहा था। कथा के मुख्य यजमान चंद्रभान सिंह एवं धर्मपत्नी गीता देवी रहे। भागवत कथा में उदय प्रताप सिंह, पुष्पेंद्र चौहान, नितिन चौहान, विजयपाल सिंह, मोनिका चौहान, रोहन चौहान, प्रतिभा चौहान, पल्लवी चौहान, डिंपल चौहान, नीरजा सिंह, कविता देवी, शोभा अग्रवाल, रेनू वशिष्ठ, पूजा देवी, कुसुम देवी आदि भागवत कथा सुन रही थीं।

# निर्माणाधीन पानी की टंकी पर जा रहे चौकीदार को गोली मारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** निर्माणाधीन पानी की टंकी पर जा रहे चौकीदार को रास्ते में अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने गन शॉट सैस्पेक्टेड बताते हुए जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम नरगदी गंधु में बन रही जल निगम की पानी की टंकी पर विकास (48 वर्ष) पुत्र धन सिंह चौकीदारी करता है। बताया जाता है कि बीती रात करीब 9 बजे जब वह टंकी पर चौकीदारी करने के लिए जा रहा था। जैसे ही वह टंकी के पास आये अज्ञात बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी। गोली उसकी जांघ में लगी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। गोली की आवाज व घायल के शोर की आवाज सुनकर ग्रामीण घटना स्थल



### चिकित्सकों ने गन शॉट सैस्पेक्टेड बता कर किया जिला अस्पताल रेफर

की ओर दौड़े। मामले की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई। चौकीदार के गोली लगने की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को तुरंत सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने गन शॉट सैस्पेक्टेड लिखते हुए उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है। पुलिस का कहना है कि हर पहलू पर जांच की जा रही है।

## मिस्त्री को जलाकर मारने की कोशिश

**स्योहारा।** मोटरसाइकिल ठीक करने वाले एक मिस्त्री को जलाकर मारने की कोशिश का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ग्राम गोंडाजुड़ निवासी खुर्शीद अहमद पुत्र अकबर हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई अनस मिस्त्री का काम करता है। 13 सितंबर की शाम करीब सात बजे अनस अपनी दुकान पर मोटर साइकिल सर्विस कर रहा था। तभी गांव का ही फाजिल पुत्र मुसरत वहां पहुंचा और उसने जलती हुई तिल्ली अनस पर फेंक दी। अचानक आग पकड़ने से अनस बुरी तरह झुलस गया और दुकान में रखा सारा सामान भी जलकर राख हो गया। गंभीर हालत में झुलसे अनस को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित पक्ष का कहना है कि इलाज में व्यस्त रहने के कारण रिपोर्ट दर्ज कराने में देरी हुई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी फाजिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# भनेड़ा में इस्लाही मुआशरा जलसा

### अमनो-अमान की दुआ के साथ हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** समीपवर्ती ग्राम भनेड़ा में जमीयत उलेमा भनेड़ा के सदर मौलाना सलीम अहमद कासमी की सदारत एवं सरपरस्त मौलाना मौहम्मद अय्यूब मजाहिरी की देखरेख में दो दिवसीय इस्लाही मुआशरा जलसा आयोजित किया गया।



पहला दिन मौहल्ला अंसारियान मस्जिद में हुआ, जिसकी शुरुआत कारी शहजाद द्वारा तिलावत-ए-कुरान से की गई। इसके बाद मुफ्ती अशरफ कासमी ने नाते पाक का नजराना पेश किया। बयान करते हुए कारी शहजाद नजीबाबादी ने कहा कि मां-बाप के अदब व एहतराम के ऊपर तफसील से रोशनी डाली। दूसरे दिन का जलसा मौहल्ला शेखान मस्जिद में मुफ्ती मौहम्मद अशरफ कासमी की निजामत तथा हकीम कारी याहया अंसारी व हाफिज वसीम की देखरेख में सम्पन्न हुआ। नाते पाक पेश कारी इम्तियाज अजहर बिजनौरी ने पेश की। इस मौके पर मौलाना मुफ्ती मौहम्मद इफ्तिखार कासमी किरतपुरी ने कहा कि जन्नत का रास्ता मां-बाप की सेवा से होकर जाता है। उन्होंने युवाओं से खिदमत गुजारी की ताकीद करते हुए नमाज की पाबंदी पर जोर दिया। उन्होंने आगे कहा कि मजलूम की बद्दुआ से हमें हमेशा बचना चाहिए, क्योंकि वो अल्लाह के दरबार में जल्दी कबूल होती है। अंत में मौलाना सलीम अहमद कासमी ने मुल्क में अमन व शांति की दुआ कराई। इस मौके पर मौलाना कलीमुज्जमा कासमी, मौलाना जाकिर, मौलाना सरफराज, मौलाना अब्दुल मुहीत, मौलाना शाहनवाज, मौलाना खुर्रम, कारी मुरसलीन, कारी जीशान, रिहान भाई सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## नांगल में नौबहार और शहजादपुर में अनुज ने किया रामलीला का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** ग्राम नांगल सोती और शहजादपुर में श्री रामलीला मंचन का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के द्वारा फीता काटकर किया गया, जिसके बाद नारद मोह लीला का मंचन स्थानीय कलाकारों द्वारा किया गया।

श्री रामलीला सेवा समिति के तत्वाधान में रामलीला मंचन का शुभारंभ किया गया। रामलीला मंचन का शुभारंभ पंडित तुषार शर्मा के मंत्रोच्चार के बाद मुख्य अतिथि नौबहार सिंह ने फीता काटकर किया। श्री गंगा नाट्य क्लब के स्थानीय कलाकारों ने नारद मोह का मंचन किया। इसके साथ ही ग्राम शहजादपुर में भाजपा नेता अनुज चौधरी ने रामलीला मंचन का शुभारंभ फीता काटकर किया। इस मौके पर सुधीर चौधरी, मनोज अहलावत, विनय कुमार, संतराम सिंह, सत्यपाल सिंह, चौधरी देशराज सिंह, देवेन्द्र सिंह, कमल सिंह, अर्जुन डीलर, गर्विन चौधरी, अतुल अग्रवाल, वीरेंद्र शर्मा, सुबोध वर्मा, योगेश शुक्ला, मुकेश शर्मा, सुशील फौजी, नरेंद्र सिन्हा, सूर्य प्रताप सैनी, सिंधु राज सिंह, उमाकांत शुक्ला, डा. जितेंद्र कुमार, नरेंद्र गोसाई, अवनीश जोशी, अंकित जोशी, अमित अग्रवाल, राजू जोशी, जनेश पाल, मनोज शर्मा, अंकुर वर्मा, जनेश पाल, अमित प्रजापति, दिनेश परमार, ललित तोमर सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## दरोगा से गाली-गलौज करने वाले छह उपद्रवी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** रविवार को थाने में तैनात दरोगा के साथ गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने वाले छह उपद्रवी तत्वों को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने बताया है कि रविवार की रात करीब 10:30 बजे थाना स्योहारा के मुख्य द्वार पर कुछ व्यक्तियों द्वारा उपद्रव किया जा रहा था। मौके पर तैनात उपनिरीक्षक प्रमोद शर्मा ने जब उपद्रव का कारण जानने का प्रयास किया तो आरोपियों ने न केवल दरोगा प्रमोद कुमार को गाली-गलौज की, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी ने बताया है कि नामजद आरोपी प्रदीप चौहान पुत्र रामकरण सिंह निवासी मौजा मोटा महादेव जनपद बिजनौर, अमित चौहान उर्फ बिल्लू चौहान पुत्र ओमप्रकाश सिंह निवासी ग्राम खेड़ी थाना ककरौली जनपद मुजफ्फरनगर, नितिन चौहान पुत्र कामेन्द्र सिंह निवासी मौजमपुर जैतरा थाना धामपुर, शादान उर्फ भूरी पुत्र सलीम निवासी शेखान थाना स्योहारा, वकील अहमद पुत्र सलीम अहमद निवासी शेखान थाना स्योहारा, अजीत पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी ग्राम दौलताबाद थाना स्योहारा को संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए न्यायालय भेज दिया गया है। थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह का कहना है कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# बसपा का नौ अक्टूबर को लखनऊ में कार्यक्रम

### कांशीराम की पुण्यतिथि पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** बसपा की एक पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वरिष्ठ बसपा नेता डॉ. शकील हाशमी के क्लीनिक/ निवास स्थान पर हुई। बैठक की अध्यक्षता विधान सभा अध्यक्ष वीर सिंह ने की, जबकि सफल संचालन जिला उपाध्यक्ष अकील अंसारी ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि नाजिम अल्वी, रोहताश सिंह मण्डल प्रभारी मुरादाबाद, जिला अध्यक्ष अखलेश हितैषी रहे।



बैठक में मुख्य अतिथि नाजिम अल्वी व रोहताश सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि सभी बसपा कार्यकर्ता आगामी 9 अक्टूबर को लखनऊ में होने वाली मा. काशीराम जी की पुण्यतिथि पर होने वाले कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे। बैठक में जिला अध्यक्ष अखिलेश हितैषी ने कहा कि कार्यकर्ता पूरी मेहनत से काम करें और 9 अक्टूबर के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी लगन से मेहनत करें। बसपा जिला उपाध्यक्ष व वरिष्ठ नेता अकील अंसारी ने कहा कि 9 अक्टूबर को अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचकर प्रदेशव्यापी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दें और बहन कुमारी मायावती के हाथों को मजबूत करने का काम करें, तभी 2027 में बहन कुमारी मायावती उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बन सकती है। जिला उपाध्यक्ष अकील अंसारी ने सर्वसमाज से बहुजन समाज पार्टी में जुड़ने का आह्वान किया और बहन जी के हाथों को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने मुस्लिम समाज से खास कर निवेदन करते कहा कि उत्तर प्रदेश से बीजेपी को हटाने के लिए बहुजन समाज पार्टी को वोट देना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी के शासन में सर्व समाज का सम्मान रहा व सर्वसमाज के काम बहन कुमारी मायावती के शासन में हुए, जो किसी से छिपे नहीं हैं।

बैठक में रामकिशन सिंह, करतार सिंह, संजय सिंह, विशाल कुमार, पूर्व मण्डल प्रभारी धर्मपाल सिंह विधान सभा प्रभारी चेतराम सिंह, अजय कुमार सागर, श्रीराम, संजीव प्रधान, नरेश कुमार शर्मा, संजय राम, अहमद अली सैफी, नरेश कुमार, बन्ने अल्वी, सरफराज अहमद, नफीस सैफी, संजय सिंह, मौ. अकरम, मौ. फैजान, मौ. आरिफ, मुकेश कुमार, पापीन कुमार, मूला सिंह, चंद्रपाल सिंह सैनी, लाखन सिंह चौहान, मौ. मोनिश, गंभीर सिंह, आकाश गौतम, जबर सिंह, नेपाल सिंह, विजय पाल सिंह, वीर बहादुर, सुरेंद्र कुमार, परवेज, आसिफ अली, जाहिद अली, मौ. फैज, इंतजार अहमद, मूलचंद, मौ. इरशाद, महिपाल सिंह, डॉ. हरपाल सिंह, वसीम अहमद, ताहिर अंसारी, जब्बार अंसारी, नौशाद अली आदि तमाम बसपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### हर्षोल्लास से मनाई महाराज अग्रसेन जयंती



**नजीबाबाद।** अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जनपद बिजनौर परिवार द्वारा वैश्य शिरोमणि महाराजा अग्रसेन जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान महाराजा अग्रसेन के आदर्शों पर चलने का संकल्प भी लिया। अग्र बंधुओं ने महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण किया व एक-दूसरे को महाराजा अग्रसेन जयंती व शारदीय नवरात्रों की बधाई दी। जिलाध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने महाराजा अग्रसेन के जीवन काल पर प्रकाश डाला तथा उनके बताएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट की अध्यक्षता एवं प्रधान जिला महामंत्री तुषार अग्रवाल के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, संतोष गुप्ता, चित्रांश अग्रवाल, अर्चित अग्रवाल, सार्थक अग्रवाल, अनमोल गुप्ता, आयुष बंसल आदि रहे।

### विधायक ने किया रामलीला का उद्घाटन



**धामपुर।** ग्राम जैतरा स्थित झंडा चौक पर श्री रामलीला समिति के तत्वावधान में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की लीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा तथा धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि विधायक अशोक कुमार राणा ने कहा कि रामलीला का आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, मर्यादा और आदर्श जीवन मूल्यों को भी समाज के बीच जीवित रखने का कार्य करता है। रामलीला मंचन के दौरान कलाकारों ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता और अन्य पात्रों का जीवंत अभिनय प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संवाद अदायगी और मंच साज-सज्जा इतनी प्रभावशाली रही कि उपस्थित श्रद्धालु क्षणभर के लिए द्वापर और त्रेतायुग की छवि को महसूस करने लगे। दर्शक तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ाते रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष जयवीर सिंह सिसोदिया, उपाध्यक्ष अवनीश शेखावत, कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह सिसोदिया, सचिन, भूपेंद्र सिसोदिया, रूपेश राणा, ग्राम जैतरा के प्रधानपति एडवोकेट आदित्य चौहान सहित समिति के पदाधिकारियों व स्थानीय ग्रामीणों का विशेष योगदान सराहनीय रहा।

### एसबीडी में अर्थशास्त्र की प्रदर्शनी



**धामपुर।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय में डिजी शक्ति कार्यक्रम के अर्न्तगत टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन मुख्य अतिथि अशोक कटारिया (पूर्व राज्य परिवहन मंत्री), उपाध्यक्ष सुनील कुमार, उपसचिव अजय कुमार माहेश्वरी, प्रबंधिका श्रीमती रेणु गोयल, प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान एवं डा. कनक चौहान द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि अशोक कटारिया द्वारा टेबलेट वितरण करने के पश्चात छात्राओं को कहा कि छात्रायें टेबलेट का अधिक से अधिक सदुपयोग करते हुए अपनी ऑनलाईन शिक्षा में बढोत्तरी करें तथा परीक्षाओं एवं ई-लर्निंग के लिए करें और आगे बढ़े। महाविद्यालय की प्रबंधिका रेणु गोयल ने कहा कि ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को भी डिजिटल माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान ने सभी का आभार ज्ञापित किया तथा छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि टेबलेट के माध्यम से विद्यार्थी स्किल डवलपमेन्ट, डिजिटल लिटरेसी, ऑनलाइन लिटरेसी, ऑनलाइन कोर्स और सरकारी पोजनाओं की जानकारी प्राप्त करने में टेबलेट की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसका अधिक से अधिक सदुपयोग करें। कार्यक्रम का आयोजन एवं मंच संचालन डा. कनक चौहान (नोडल अधिकारी) द्वारा किया गया। जिन छात्राओं ने वर्ष 2024 में बीए स्नातक की डिग्री पूर्ण की उन छात्राओं को टेबलेट वितरित किये गये साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि द्वारा विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया। कु. मीनू बोरा अर्थशास्त्र विभाग की शिक्षिका ने प्रदर्शनी अवलोकित करने हेतु सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक वर्ग उपस्थित रहें।

### ब्लॉक परिसर में भाकियू की बैठक



**नहटौर।** ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान अराजनैतिक की बैठक आयोजित हुई। जिसमें वक्ताओ ने संगठन मजबूती पर जोर देते हुए संगठन के विस्तार पर चर्चा की गई। इसके अलावा पूरे जिले में गुलदार के आतंक पर रोकथाम नहीं लगने पर रोष प्रकट किया गया। उन्होंने वन विभाग से गुलदारों को पकड़वाए जाने और निराश्रित गोवंशों से किसानों की फसलों को हो रहे नुकसान का मुआवजा भी दिलाए जाने की मांग की गई। जर्जर विद्युत तारों को बदलवाने की भी मांग की गई। बैठक में तेजवीर सिंह, मोहित कुमार, जॉनी कुमार, राज बहादुर सिंह, संजय कुमार, प्रमोद कुमार, प्रीतम सिंह, केवल सिंह, नेपाल सिंह, धर्मवीर सिंह, प्रदीप कुमार, टीकम सिंह आदि मौजूद रहे।

### भूषण सिंह के निधन पर शोकसभा

**चांदपुर।** तहसील बार एसोसिएशन की एक मीटिंग तहसील कंपाउंड में आयोजित की गई। इस मीटिंग में सब रजिस्ट्री कार्यालय चांदपुर में तैनात कर्मचारी भूषण सिंह सैनी के निधन पर शोक जताया। मीटिंग में समस्त अधिवक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भूषण सिंह सैनी बहुत ही मिलनसार व्यक्ति थे। उनकी कमी हमेशा महसूस की जाती रहेगी। मीटिंग में दिवंगत आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। अधिवक्ता गणों ने शोक स्वरूप सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए आज सभी न्यायालयों में कोई न्यायायिक कार्य नहीं करने का निर्णय लिया तथा समस्त अधिवक्तागण न्यायायिक कार्यों से विरत रहे।

# नगर मजिस्ट्रेट के छापे में दो अस्पताल सील


○दो अस्पतालों को नोटिस, सप्ताह भर का दिया समय

○अस्पतालों में संचालित मेडिकल स्टोरों पर मिली प्रतिबंधित दवाइयां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** प्रशासन के चल रहे आप्रेशन अस्पताल में नगर मजिस्ट्रेट ने मुरादाबाद रोड स्थित निजि अस्पताल पर छापा मारा। छापे में अस्पताल अपंजीकृत मिला। जिसे सील कर दिया गया जबकि दो बच्चा अस्पतालों को नोटिस जारी कर साथ सप्ताह भर का समय दिया गया।

सोमवार को नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने स्वास्थ्य विभाग के नोडल अफसर मनोज चौधरी संग मुरादाबाद रोड स्थित निजि अस्पताल पर छापा मारा। छापे में अस्पताल के पंजीकरण स्म्बंधी अभिलेखों की जांच की गई लेकिन पंजीकरण नहीं मिल सका। प्रशासनिक टीम की जांच में अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहा था, साथ ही अस्पताल के बेसमेंट में मरीजों का इलाज किया जा रहा था। जबकि इसी के अंदर संचालित मेडिकल स्टोर पर दवाइयों की जांच कीं जिसमें कुछ प्रतिबंधित दवाइयां मिलने पर उन्हे कब्ज़े में लिया जबकि अस्पताल को पूरी तरह से सील कर दिया गया। प्रशासनिक स्तर पर चल रही आपरेशन अस्पताल में नगर मजिस्ट्रेट ने इसी अस्पताल के बराबर स्थित न्यू लाईफ बच्चा अस्पताल पर छापा मारा। नगर मजिस्ट्रेट ने जरूरी दस्तावेज मांगे, लेकिन सही कागजात प्रस्तुत नहीं किए जा सके। जबकि अस्पताल में संचालित मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित दवाइयां बरामद हुईं, जबकि अस्पताल में कई मानक पूरे नहीं मिले। इसके अलावा इसी कालोनी स्थित त्यागी बच्चा अस्पताल पर छापे में पंजीकरण रिन्यूवल के लिए क्वैक्स विभाग में लम्बित होने की जानकारी दी जबकि नोडल अधिकारी मनोज चौधरी ने पूर्व में पंजीकरण आवेदन को निरस्त कर देने की जानकारी दी। दोनों बच्चा अस्पतालों के चिकित्सकों को नगर मजिस्ट्रेट ने सप्ताह भर 29 सितम्बर तक का समय पंजीकरण कराकर उनके कार्यालय में भेजने अन्यथा स्वयं अस्पताल बंद कर उसकी चाबी उन्हे देने के निर्देश दिए।तत्पशचात नगर मजिस्ट्रेट किसी को सूचना दिए बगैर नखासा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सलारपुर कलां स्थित खान अस्पताल पर पहुंचे। नगर मजिस्ट्रेट ने अस्पताल के पंजीकरण और चिकित्सक सम्बंधी अभिलेखों की मांग की लेकिन अस्पताल संचालक अभिलेख नहीं दिखा सके। नगर मजिस्ट्रेट ने अस्पताल को सील कर दिया। नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने बताया कि अवैध रूप से और मानकों के विपरीत संचालित अस्पतालों और मेडिकल स्टोरों पर चल रहा छापामार अभियान आगे भी जारी रहेगा। जिस अस्पताल में मानक पूरे नहीं पाये जायेंगे उन पर कार्यवाही करने के साथ सील किये जायेंगे।





सम्भल। ऑपरेशन अस्पताल में छापामार कार्रवाई में बच्चा रोग विशेषज्ञ से जानकारी करते नगर मजिस्ट्रेट एवं रिसेप्शन पर पूछताछ करते नोडल अधिकारी।

## सम्भल में धर्मान्तरण और हिंदुत्व पर हुआ आघात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कल्किधाम पहुंचे प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल सम्भल की डेमोग्राफी बदलने पर बोले कि लोगों को यातनाएं फिर प्रताड़ित कर भगाया। धर्मान्तरण और हिंदुत्व पर आघात हुआ। सपा और कांग्रेस की सरकार ने उनका साथ दिया।

# संस्थागत प्रसव की जागरूकता को करें कार्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मिशन शक्ति, आईसीडीएस आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण एवं समाज कल्याण विभाग के विभिन्न कार्य योजनाओं तथा भीख से सीख कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के अन्तर्गत जिलाधिकारी द्वारा सर्व प्रथम भीख से सीख कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मिशन शक्ति को लेकर आकांक्षात्मक ब्लॉक से संबंधित बिन्दुओं के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा कन्या सुमंगला की प्रगति विभाग वार प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि संस्थागत प्रसव की जागरूकता के क्षेत्र में कार्य करें और महिलाओं को जाकर समझाएं। सीएचसी चंदौसी में स्थापित पोषण पुनर्वास केन्द्र (एन आर सी) को लेकर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि सैम बच्चों को वहाँ भिजवाना सुनिश्चित करें।आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण कार्यों को लेकर विकासखण्ड वार जानकारी प्राप्त की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा की वीएचएनडी सत्र पर समस्त आंगनबाड़ी अपने उपकरण सहित उपस्थित रहे इसको प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। समाज कल्याण द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में जानकारी प्राप्त करते हुए जिलाधिकारी में संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए फैमिली आईडी में प्रगति कम होने को लेकर असमोली और सम्भल के समाज कल्याण ग्राम विकास अधिकारी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट,परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण तथा डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा आदि मौजूद रहे।

## एक नज़र इधर भी

### नवरात्र में भव्य रूप से सजे मंदिर

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नवरात्र में देवी मंदिरों को भव्य रुप से सजाया गया। देवी मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। श्रृद्वालुओं ने देवी मां को सिंगार व चुनरी चढ़ाई। नगर के संतोषी माता मंदिर ,खेड़ा मंदिर, स्टेशन लाइन पार मंदिर के अलावा नगर गुन्नौर के चामुंडा मंदिर और काली मंदिर पर सुबह से ही पूजा को पुरुष और महिलाओं की भीड़ रही। महिलाओं ने देवी मां को श्रृंगार का सामान चढ़ाकर प्रार्थना की। मंदिरों में सुबह व शाम को आरती की गई। मंदिर मां के जयकारों से गूंज उठे। घरों में माता की चौकी स्थापित की गई। घरों में कलश स्थापना की गई। महिलाओं ने देवी जी की उपासना के साथ व्रत भी रखा। श्रृद्वालुओं ने भी मंदिरों की पूजा करने का भी शुभारंभ कर दिया है।



बबराला-गायत्री शक्ति पीठ पर नवरात्र के पहले दिन हवन करते।

### गायत्री शक्ति पीठ पर हुआ यज्ञ

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर की गायत्री शक्तिपीठ पर नवरात्र प्रारम्भ पर नौ कुंडीय यज्ञ का आयोजन हुआ। इसमें लोगों ने आहुतियां दीं। नवरात्रों में शक्ति पीठ पर गायत्री परिवार द्वारा यज्ञ कराया जाता है। इसमें मंत्रों के उच्चारण के साथ यज्ञ में आहुतियां देकर कामना की गयी। इस अवसर पर गायत्री परिवार के विजय पाल, नरेंद्र सिंह, सुधींद्र कुमार, अतुल वार्ष्णेय, राधेश्याम शर्मा, लक्ष्मी व नगर के लोग मौजूद रहे।

### रामलीला में नारद माह का मंचन

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर में चल रही रामलीला में नारद मोह को लीला का मंचन हुआ।भगवान शिव ने माता पार्वती को राम कथा श्रवण कराने के प्रसंग का मंचन हुआ। देव श्रृषि नारद की तपस्या से स्वर्ग लोक में इंद्र का सिंहासन कांपने लगा। इससे भयभीत होकर इंद्र ने कामदेव को अप्सराओं के साथ नारद मुनि की तपस्या को भंग करने के लिए भेजा, लेकिन अनेक प्रयासों के बावजूद नारद जी की तपस्या भंग नहीं होती। कामदेव पर विजय प्राप्त कर लेने से नारद के मन में अभिमान जग जाता है और भगवान विष्णु अपने परम भक्त के अहंकार को दूर करने के लिए लीला रचते हैं। विश्व मोहिनी की सुंदरता पर मोहित होकर नारद अपने आराध्य भगवान विष्णु से सुंदर रूप मांगते हैं। लेकिन विष्णु उन्हें बंदर का स्वरूप दे देते हैं। इससे नारद मुनि को स्वयंवर सभा में मजाक का पात्र बनना पड़ता है और भगवान विष्णु उस कन्या का वरण कर लेते हैं इससे क्रोधित होकर नारद भावावेश में आकर भगवान विष्णु को शाप दे देते हैं कि जिस तरह वह नारी वियोग की पीड़ा से गुजर रहे हैं, उसी तरह विष्णु जी को भी नारी वियोग का कष्ट झेलना पड़ेगा और यही बंदर उनकी सहायता करेंगे। बाद में नारद को अपने कथन पर पछतावा होता है। इस दौरान नगर के लोग मौजूद रहे।



सम्भल- नि:शुल्क रोग परीक्षण शिविर में रोगियों को दवा का वितरण करते।

### नि:शुल्क रोगियों का परीक्षण

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** स्वास्थ्य कैंप में चिकित्सकों ने रोगियों का परीक्षण कर नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।

सोमवार को श्री सिद्दि विनायक मेडिकल कालेज एंड हॉस्पिटल सम्भल की ओर से संभल नगर के मोहल्ला हिलाली सराय में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें तमाम तरह की बीमारियों और चल रहे बुखार के मरीज देखे गए और उनकी निशुल्क जांच करने के साथ ही उन्हें मुफ्त दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। अलग-अलग क्षेत्र में लगाए जा रहे हैं कैंपों के चलते मोहल्ला डूंगर सराय वार्ड नंबर 16 के मेंबर वसीम के द्वारा उनके आवास पर स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया था। इस दौरान डा. सुजल राज (हडडी रोग विशेषज्ञ) डा. असद महमूद, डा. जिया उर रहमान, डा. दिव्यांश जोशी, डा. हुमा खान नर्सिंग स्टाफ शादाब, अजय कुमार, रमा सैनी फार्मासिस्ट आसिफ, सुरेन्द्र ऐडमिन -बरनाली डे, पीरओ हेड- पुष्पेन्द्र शर्मा, पीरओ - इमरान मिर्जा, सलीम, फहीम आदि शामिल रहे।

### कल्किधाम में राज्यमंत्री कपिलदेव ने की पूजा-अर्चना

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** श्रीकल्कि धाम में आज नवरात्र के प्रथम दिवस पर प्रात: 9.00 बजे महायज्ञ का आयोजन किया गया। महायज्ञ में श्री कल्कि धाम से जुड़े सेवादार सम्मिलित हुए, तत्पश्चात श्री कल्कि नाम संकीर्तन किया गया। अपरान्ह 12 बजे शुभ मुहूर्त में विशालकाय शिलाओं को उत्खनित स्थल पर मशीनों द्वारा रखने का कार्य आरंभ हुआ, श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम के साथ साथ, दूधोश्वर पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर नारायण गिरी जी महाराज, महामंडलेश्वर हरमनोजदास जी, बालयोगी महंत दीनानाथ, उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री कपिलदेव अग्रवाल, रामपुर विधायक आकाश सक्सेना, फिल्म निर्माता अमित जानी ने शिलापूजन किया, इस अवसर पर श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि यह समस्त श्री कल्कि भक्तों की पुकार का नतीजा है कि हम श्री कल्कि धाम का निर्माण होते देख रहे हैं। दशकों से जो लोग कल्कि धाम को बनने का सपना देखते रहे उन सभी को असीम संतोष का अनुभव हो रहा है। कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि मेरे समस्त पुण्य कर्मो का प्रतिफल यही कि मुझे इस भूमि के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंहल, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, बहजोई चेयरमैन राजेश शंकर राजू, मणिन्द्र जैन, लवकुश शर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख सतपाल सिंह, सुधीर चाहल, मुनिदेव त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# अपात्रों के कार्ड निरस्त नहीं तो आन्दोलन होगा तेज़

○ भाकियू बीआरएसएस की पंचायत में दी गई चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भाकियू बीआरएसएस ने की पंचायत में बिजली विभाग की लापरवाही और भ्रष्टाचार पर नाराजगी जतायी। जबकि अपात्रों के राशन कार्ड निरस्त न करने पर आन्दोलन को तेज करने की चेतावनी दी।

पंचायत में कार्मेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही है, लेकिन जनपद स्तर पर भ्रष्टाचार और अधिकारियों-कर्मचारियों की उदासीनता के कारण किसानों, मजदूरों और आम जनता तक योजनाओं का सीधा लाभ नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग में बढ़ता भ्रष्टाचार और कर्मचारियों की लापरवाही किसानों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन रही है। कार्मेंद्र सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान समय पर नहीं किया गया, तो संगठन जिला स्तर पर बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा। पंचायत में मुख्य रूप से बिजली कर्मचारियों द्वारा मुकदमे का डर दिखाकर अवैध वसूली करने, स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता को समाप्त करने और मीटर रीडिंग नियमित रूप से हर माह आने की मांग को जोरदार तरीके से उठाया गया।साथ ही, अपात्र लोगों के राशन कार्ड निरस्त कर पात्र लोगों के नए राशन कार्ड बनवाए जाने की मांग भी की गई। पंचायत में संगठन के पदाधिकारियों और किसानों ने एक स्वर में कहा कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में किसान और संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने एकजुट होकर किसानों के हित में लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया।

# नारद मोह मंचन से दर्शक हुए भाव-विभोर

○श्रीरामलीला मंचन की गणेश पूजन के साथ हुई शुरूआत

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** श्री रामलीला कमेटी, द्वारा आयोजित भव्य श्री रामलीला का भगवान गणेश के पूजन कर रामलीला मंचन का शुभारम्भ हो गया। जबकि एएसपी (दक्षिण) अनुकृति शर्मा (आईपीएस), सुधीर कुमार एवं नगर के मुख्य चिकित्सक अरविन्द गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। तदोपरांत प्रभु श्री रामदरबार की आरती, युग प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की जयंती पर उनके स्वरुप की आरती कर साथ ही प्रथम नवरात्र की सभी नगरवासियों को रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनंत अग्रवाल द्वारा बधाई देने के उपरांत प्रभु नारद मोह का मंचन समस्तीपुर दरभंगा बिहार से आए कलाकारों द्वारा देव श्रृषि नारद मोह का मनमोहक मंचन किया गया। तदोपरांत कलाकारों ने नारद मुनि की तपस्या, उनके मन में उत्पन्न अहंकार और भगवान विष्णु द्वारा उनकी मायावी नगरी एवं विश्व मोहिनी प्रसंग के मार्मिक चित्रण से दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। कामदेव पर विजय के बाद जब नारद मुनि अहंकार में डूब गए, तो श्री हरि ने अपनी लीला से उन्हें वानर रूप देकर उनके अभिमान को चूर किया। नारद मुनि के पश्चाताप और भगवान से क्षमा याचना के ख़श्यों ने सभी दर्शकों को भावुक कर दिया। इस सफल मंचन में दरभंगा (बिहार) से आए कलाकारों ने नारद मुनि,भगवान विष्णु और अन्य प्रमुख पात्रें की भूमिका निभाई। उनके सशक्त और प्रभावी अभिनय की दर्शकों ने भरपूर तालियों के साथ सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एएसपी दक्षिण अनुकृति शर्मा ने कहा उत्तर प्रदेश सरकार की प्राथमिकता महिलाओं की सुरक्षा व उनकों सम्मान देने की है। जिसके तहत आज उनकी पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम के रूप में एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई है ,इसका उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा एवं सम्मान प्रदान करना है। इस अवसर पर अध्यक्ष अनंत कुमार अग्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों' एवं श्रद्वालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य भगवान श्री राम के उच्च चरित्र, आदर्शों और संस्कारों को इस मंचन के माध्यम से सनातन धर्म के अनुयायियों तक पहुँचाना है। कार्यक्रम के दौरान वैभव गुप्ता, अनुराग गुप्ता (अन्नू), कमलकांत तिवारी, शोभित गुप्ता (गोपाल), अभिनंदन शर्मा लक्षित सिंघल,अभिषेक गुप्ता, वंश ठाकुर, श्रषभ ठाकुर, उज्जवल सक्सेना, पिंकू त्यागी, मनीष भटनागर, उमेश सैनी, अभिलाष शुक्ला अभिषेक शुक्ला,अजय दिवाकर, कमल दिवाकर, सरिता गुप्ता, मंजू रावत, बबीता भारद्वाज,निहाल बाल्मीकि, आलोक भारती, शोभित गुप्ता, पंकज सांख्यधर, संजीव शुक्ला,प्रभाकर शुक्ला, महेंद्र स्वामी, संजीव दिवाकर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उमेश चंद्र शर्मा एवं आचार्य पंडित शोभित शास्त्री ने संयुक्त रूप से किया।

## सेवा पखवाड़ा के तहत चला स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पीएम मोदी के जन्मदिव पर सेवा पखवाड़ा पर विधानसभा क्षेत्र गुन्नौर के गवां मंडल में चामुंडा मंदिर सिरसा में झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। इसमें उमेश चन्द्र रामपाल प्रजापति, पवन राणा, हंसराज कुशवाह, चरन सिंह आदि मौजूद रहे।

## उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया अलंकरण समारोह

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति भारत के प्रांतीय अलंकरण सम्मान समारोह नवाब गार्डेन हयात नगर में बड़े उत्साह उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें वर्ष 2025 के प्रदेश गौरव सम्मान से गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के कुलपति प्रोफेसर सचिन माहेश्वरी को जबकि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी सत्यपाल सैनी को वर्ष 2025 के सर्वपल्ली डा. राधाकृष्णन सम्मान से तथा एटा के जिला न्यायाधीश (एमएसीटी) अहमद उल्ला खां को वर्ष 2025 के महात्मा गौतम बुद्व शांति सम्मान से शॉल उढ़ाकर स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। जबकि मंडल स्तरीय सामान्य ज्ञान परीक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रदेश के प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। मंडल स्तरीय सामान्य ज्ञान परीक्षा में वाहिट हाल पब्लिक स्कूल रामपुर की कक्षा 9 की छात्रा अर्वतिका सिंह ने 200 में से 192 अंक प्राप्त कर प्रदेशभर में पहला स्थान हासिल करने पर पुरस्कृत किया गया।

# नैनो उर्वरक के प्रयोग से आएगी लागत में कमी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विकास खंड स्तरीय नैनो उर्वरक जागरूकता अभियान के अंतर्गत किसान सभा का आयोजन किया गया।

इफ्को द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ए.डी.सीओ. सहकारिता राजेश कुमार त्रिपाठी जी उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन क्षेत्र अधिकारी इफ्को अमित पटेल द्वारा किया गया। सहकारिता विभाग सचिव बी पैक्स मो0 रुत वारसी रुकनुद्दीन सराय, सचिव बी पैक्स रसूलपुर धातरा ख्रष्ण कुमार शर्मा,बी पैक्स मियां सराय गर्वी नसीर, सचिव महेश पाल सिंह, इसके साथ साथ किसान सभा में 85 से अधिक किसानों ने भाग लिया। किसान सभा में इफ्को के क्षेत्राधिकारी अमित पटेल ने नैनो यूरिया प्लस एवं डीएपी के उपयोग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।उन्होंने बताया कि रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग करके हमारी मिटी का स्वस्थ खघ्राब होता जा रहा है। लगातार किसान भाइयो द्वारा रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से फसलों पर बीमारियों का कीट पतंगों का प्रकोप बढ़ता है। जिससे हमारे उत्पादन में कमी आती है। इसके साथ साथ मृदा में पोषक तत्वों की काफी कमी आयी हैं किसान भाई रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम करके नैनो उर्वरकों का उपयोग करे। नैनो डीएपी का उपयोग बीज उपचार हेतु नैनो डी.ए.पी. 5 मिली प्रति किग्रा बीज को शोधित करके बुवाई करे।

## प्रधानमंत्री ने दिया सभी को लाभ

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में किए गए जीएसटी में बदलाव की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे आमजन और उद्योग जगत दोनों को ही बड़ा लाभ मिलेगा।

भाजपा बबराला मंडल उपाध्यक्ष प्रशान्त वार्ष्णेय ने कहा की इस बदलाव के होने से प्रमुख फायदे दैनिक उपभोग की वस्तुओं पर जीएसटी में कमी से हर परिवार को सीधी बचत होगी। छोटे व्यवसायियों और स्टार्ट अप्स पर कर का बोझ घटेगा। घरेलू उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और आत्मनिर्भर भारत को गति मिलेगी। कारोबार करने में आसानी बढ़ेगी। रोजगार सृजन को नई ऊर्जा मिलेगी। मोदी सरकार का यह कदम न केवल आर्थिक विकास को गति देगा, बल्कि हर घर की खुशहाली में भी सहायक सिद्व होगा।

# कामनाओं की अधिकता, आध्यात्मिक शक्तियों के जागृत होने में बाधक है

○श्रीकल्कि पधारो श्रृंखला के तहत यज्ञ में प्रदान की आहूतियाँ

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** श्रीकल्कि पधारो श्रृंखला के तहत मां दुर्गा की स्तवन की 91वीं कड़ी में माँ शैल पुत्री की पूजा अर्चना की।

मौहल्ला पंजू सराय स्थित आध्यात्मिक गुरु पं राधेश्याम श्रीमाली के नेतृत्व मे दुर्गा भवन श्रीमाली निवास श्रीकल्कि पधारो धारती पर, श्रृंखला के तहत, माँदुर्गा स्तवन की 91बीं कड़ी, के प्रथम दिन, डा.सुरेश चन्द्र सैनी रुकमनी देवी माँ दुर्गा के प्रथम स्वरुप शैलपुत्री को फल फूल ध्वजा नारियल पंचमेवा मिश्री अष्टगंधा घृत आदि इक्यावन पदार्थो से दस हजार आठ सौ आहुतियाँ प्रदान कर देश प्रदेश की प्रगति, श्रीकल्कि के प्राकटय,व सभी भक्तो के सुख आनंद को पांचो संध्याओ मे प्रार्थना,नवार्ण महामंत्र,जाप, आरती कर,यज्ञाचार्य डा. योगी नागेन्द्र मोहन मोहन श्रीमाली ने कहा मानव की कामनाएं जितनी कम होगी उसकी आध्यात्मिक शक्तियों के अनुभव और उनका साक्षात्कार का अवसर उतना ही अधिक होगा अर्थात हमे अपनी कामनाओ पर नियंत्रण करना चाहिए क्योंकि कामनाए अनंत है। इनका कही अंत नहीं है। यह एक की पूर्ति के बाद दुसरी तत्काल जन्म ले लेती है। इन पर नियंत्रण ही हमारी आध्यात्मिक प्रगति का आधार है। इस मौके पर समिति जिलाध्यक्ष नरेश सैनी जिला सचिव ज्वालेश श्रीमाली आदि मौजूद रहे।



सम्भल- श्रीकल्कि पधारो श्रृंखला में हवन में आहूतियां देते।

# सनातन धर्म की रक्षा को दिलाया संकल्प

○रिठाली स्थित शिव मंदिर पर सौन्दर्यकरण से नूर्प वैदिक परम्परा का निर्वहन कर विधि-विधान के साथ यज्ञ हवन व पूजन

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** तहसील क्षेत्र के गांव रिठाली स्थित शिव मंदिर परिसर में बने कमरों तथा बरामदे के ऊपर एक हाल का निर्माण कराने तथा मंदिर का सौंदर्यकरण कराने से पूर्व आज मंदिर परिसर में वैदिक परम्परा का निर्वहन करते हुए विधि विधान के साथ यज्ञ-हवन और पूजा का आयोजन किया गया। पूर्णाहुति के दौरान यज्ञाचार्य श्री जागेश पंडित जी ने सभी श्रृद्वालु भक्तों को सनातन धर्म की रक्षा, अधर्म का विनाश, प्राणियों में सदभावना तथा विश्व का कल्याण करने हेतु सहयोग करने का संकल्प दिलाया।

यज्ञ-हवन के मुख्य यजमान अरविंद त्यागी एवं उनकी धर्मपत्नी शीनू त्यागी रहीं जबकि भागेश कुमार त्यागी, प्रवीन चाहल एडवोकेट तथा श्री निवास सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी यज्ञ की यजमान रहीं। त्यागी, सौरभ कश्यप, मयंक सागर, डाक्टर सतपाल सिंह, राजू मिस्त्री, गोलू एवं विकास त्यागी आदि का सहयोग रहा। शिव मंदिर के प्रबंधक भागेश कुमार त्यागी ने बताया कि आज से 10 साल पूर्व यह मंदिर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में था। यहां पर टूटे-फूटे कमरे थे, परिसर में जगह-जगह गडढे बने हुए थे और उनमें पानी भरा रहता था। उन्होने बताया कि परमपूज्य भोले महाराज एवं माताश्री मंगला के आशीर्वाद तथा क्षेत्र के गणमान्य लोगों के सहयोग से अब मंदिर परिसर काफी सुंदर हो गया है। यहां पर भगवान शिव, मां चामुंडा देवी और जाहरवीर बाबा की मूर्तियां तथा शिवलिंग होने के कारण प्रतिदिन यहां पर सैकड़ों श्रृद्वालु-भक्त दर्शन करने के लिए आते हैं। मंदिर के प्रति आस्था रखने वाले लोगों का कहना है कि यहां पर जो भी भक्त श्रृद्वा, प्रेम और समर्पण भाव से आता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। उन्होने बताया कि हाल के निर्माण के बाद मंदिर परिसर में भगवान श्रीगणेश महाराज और प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान जी की मूर्तियां स्थापित कराई जायेंगी।

★शाह टाइम्स★
खबरे छुपाता नही, छापता है।

# पंचायत स्तर पर लगेंगे क्यूआर कोड स्कैनर

○सीडीओ ने समीक्षा बैठक में कार्यों पर की चर्चा

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** पंचायती राज विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक में कोआर्डिनेटर के ठीक कार्य नहीं करने पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी जतायी और उसके खिलाफ कार्यवाही करने के साथ जिस विकास खंड की प्रगति कम है उससे संबंधित अधिकारी का नो वर्क एवं नो पे के आधार पर वेतन काटना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायत सहायकों का भुगतान उनकी उपस्थिति के अनुसार करें उसकी प्रत्येक दशा में देख ले।जबकि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की प्रगति की चर्चा करते हुए आरआरसी सेंटर की क्रियाशीलता यूजर चार्ज ओडीएफ मॉडल विलेज रिपोर्ट पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सिटिजन पोर्टल पर आई एच एच एल एप्लिकेशन, ओडीएफ प्लस पर किए गए व्यय पर चर्चा के दौरान कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया जाए और आरआरसी सेंटर विषय में भी विस्तार पूर्वक जानकारी देना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने फैमिली आईडी एवं फार्म रजिस्ट्री को लेकर नाराजगी व्यक्ति की एवं समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की फैमिली आईडी का कार्य शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिस विकास खंड की प्रगति कम है उससे संबंधित अधिकारी का नो वर्क एवं नो पे के आधार पर वेतन काटना सुनिश्चित करें। जिला विकास अधिकारी ने समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश / 2047 क्यूआर कोड स्कैनर को ग्राम पंचायत स्तर पर लगाने को लेकर भी चर्चा की जिसको लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा की शत प्रतिशत क्यूआर कोड स्कैनर लगवाना सुनिश्चित करें। साथ ही समस्त पंचायतों भवनों में दिव्यांगजनों के लिए रैम्प बनायी जाएं। बायोगैस सयंत्र, रेट्रो फिटिंग, केयर टेकर मानदेय, बहुउद्देशीय पंचायती भवन आदि पर चर्चा की गयी। इस मौके पर ज्ञान सिंह, राम आशीष, सीपी सिंह तथ समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं एडीओ पंचायत आदि मौजूद रहे।

# प्यार में पागल युवती ने रची खौफनाक साजिश, परिवार को जेल कराने के लिए करा दी बेगुनाह युवक की हत्या

■ थाना पाकबड़ा पुलिस ने योगेश हत्याकांड का किया खुलासा, एक युवती सहित तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** प्यार में बाधा बन रहे परिवार के लोगों को जेल पहुंच. ाने के लिए युवती ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर एक बेगुनाह को मौत के घाट उतारने की खौफनाक साजिश को रचा,युवती के प्रेमी और उसके रिश्तेदार ने मिलकर युवती के भाई और पिता को फसाने के लिए बेगुनाह युवक की हत्या कर उसकी जान ले ली। पाकबड़ा थाना पुलिस ने मुख्य हत्यारोपी को मुठभेड़ में धर दबोचा जबकि उसकी प्रेमिका और एक अन्य आरोपी को पाकबड़ा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर हत्याकांड से पर्दा उठा दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइंस में प्रेस वार्ता कर योगेश हत्याकांड का खुलासा किया है। पाकबड़ा थाना क्षेत्र के गांव गुरेठा के रहने वाले योगेश की लाश 18 सितंबर की सुबह पाकबड़ा थाना क्षेत्र के ही गांव मोड़ा तैया के कब्रिस्तान के पास मिली थी, जिसकी गला दबाकर हत्या की गई थी। योगेश की हत्या के मामले में पाकबड़ा थाना पुलिस ने मुख्य आरोपी मूल रूप से बदायूं जनपद के रहने वाले मनोज जो हाल में पाकबड़ा थाना क्षेत्र में किराये के मकान रहता है उसे मुठभेड़ में गिरफ्तार कर हत्याकांड से पर्दा उठा दिया है। पुलिस ने मनोज की प्रेमिका स्वाति पुत्री शोभाराम और



एक अन्य आरोपी मनोज के रिश्तेदार डिलारी थाना क्षेत्र के रहने वाले मनजीत को गिरफ्तार कर योगेश हत्याकांड का पर्दाफाश कर दिया है। आरोपी मनजीत ने पुलिस को बताया कि मनोज का गुरेठा गांव की रहने वाली स्वाति से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसकी जानकारी उसके परिवार को हो गई थी। इसलिए स्वाति ने अपने पिता और भाइयों को जेल पहुंचाने के लिए उन्हें हत्या के झूठे मुकदमे में फसाने के लिए अपने प्रेमी मनोज के साथ मिलकर किसी युवक की हत्या कर अपने पिता और भाईयों को फसाने का षड्यंत्र रचा था, जिसके तहत मनोज और मनजीत ने मिलकर गुरेठा गांव के रहने वाले योगेश की हत्या कर उसके ही फोन से स्वाति के परिवार को फोन किया और उसके बाद उसके परिवार को फसाने के लिए 112 पर पुलिस को कॉल कर कॉल की। मगर हत्यारो. पियों के मनसूबे कामयाब नहीं हो सके और पाकबड़ा थाना पुलिस ने इस सनसनीखेज हत्याकांड से पर्दा उठा दिया है। पुलिस ने मनोज मनजीत और स्वाति को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

## विधायक के समक्ष रखीं समस्याएं, जल्द निस्तारण का दिया आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने सेवा ही संकल्प, सेवा ही सर्वोपरि के भाव के साथ जनसुनवाई के क्रम में आज अपने कार्यालय पर सम्मानित नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके समाधान के लिए तत्परता दिखाई और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समस्याओं का समाधान करने में कोई कसर न छोड़ें, जनसुनवाई में पहुंचे विजेंदर सिंह, शिवम् सिंह ने कहा कि जन्म, मृत्यु प्रमाणपत्र आदि की समस्यायों को लेकर जब लेखपाल के पास जाते थे वह आनलाईन को रिजेक्ट कर देते थे,कुंदरकी विधायक ने हमारी समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को निस्तारण के आदेश दिए हैं।

## एक नजर

### अल बरू हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**कुन्दरकी।** अल बरू हायर सेकेंडरी स्कूल, कुंदरकी में स्कूल के संस्थापक स्वर्गीय अल्लाह बख्स सैफी की याद में भव्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने पर उनका आभार व्यक्त किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे शिक्षक विधायक डॉक्टर हरि सिंह ढिल्लों ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा और संस्कार देकर समाज को बेहतर दिशा देने की जिम्मेदारी शिक्षकों की है। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों को मोमेंटो और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह को जयवीर सिंह सिरोही, गनपत सिंह, अमर सिंह सैनी, आरिफ पाशा समेत कई वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मद उमर ने की जबकि संचालन नवाब हुसैन ने किया। इस अवसर पर तस्लीम अहमद, गणपत सिंह, मोहम्मद उमर, नवनीत अग्रवाल, प्रदीप सिंह, आसिफ पक्ष, अनवर हुसैन, जीशान पक्ष, अजय, राहुल मौर्य, उदय सैनी, आसिफ हुसैन, मोहम्मद जावेद, विनीत बंसल, प्रेम प्रकाश सिंह, राघव, नफीसुल हसन, मने अली, इरफान अली, मोहम्मद हुसैन, नदीम अहमद, शमी अहमद, नसीम अहमद, अनीस सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# महिलाओं को यौन उत्पीड़न के प्रति किया गया जारूगक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** पॉश अभियान के तहत महिलाओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के खिलाफ कूवरी मानक स्थित शांति यादव के आवास पर नेशनल एकेडमी फॉर सोशल मूवमेंट एवं नागरिक एकता परिषद की ओर से आयोजित एक बैठक में महिलाओं को यौन उत्पीड़न के प्रति जागरूक किया गया। बैठक में एडवोकेट प्राची मानसी यादव ने महिलाओं को संबोधित करते हुए पॉश अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार का यौन उत्पीड़न,चाहे वह प्रलोभन देकर, दबाव डालकर या जबरदस्ती करने वाला हो कानूनन अपराध है। इस अधिनियम के तहत अपराधी को कड़ी सजा का प्रावधान है, जिसमें जुर्माना, नौकरी से बर्खास्तगी और आपराधिक मुकदमा



शामिल है। एडवोकेट प्राची ने उदाहरण देते हुए बताया कि यदि कोई व्यक्ति महिला को पदोन्नति या वेतन वृद्धि का लालच देकर यौन संबंध बनाने का दबाव बनाता है तो यह सीधे पॉश अधिनियम के उल्लंघन के दायरे में आता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से घरेलू कामगार महिलाओं, रसोइयों, खेतिहर मजदूरों, मनरेगा के अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, रेहड़ी-पटरी पर सामान बेचने वाली महिलाओं तथा फैक्टरी में कार्यरत महिलाओं ने भाग लिया। नेशनल एकेडमी फॉर सोशल मूवमेंट के संयोजक ने बताया कि यह अभियान महिलाओं को न केवल कानूनी अधिकारों से अवगत कराएगा, बल्कि उन्हें आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षित भी करेगा।

बैठक में शांति यादव, निशा, वीरवती गौतम, ओमवती गौतम, मीना यादव, लता देवी यादव, राखी यादव कमला गौतम लक्ष्मी देवी आदि ने भाग लिया।

# पाकबड़ा में रामलीला मंचन का पूर्व सांसद सतपाल सिंह सैनी ने किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पाकबड़ा में रविवार को रामलीला मंचन का शुभारंभ हुआ, जिसमें पूर्व सांसद सतपाल सिंह सैनी और मोहम्मद याकूब ने महत्वपूर्ण संद. ेश दिए। इस अवसर पर पूर्व सांसद सतपाल सिंह सैनी ने कहा कि हमें अपना जीवन श्री राम के आदर्शों पर चलकर जीना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्री राम के जीवन से हमें कई महत्वपूर्ण सबक मिलते हैं जो हमें अपने जीवन में उतारने चाहिए। मोहम्मद याकूब ने कहा कि प्राण जाए पर वचन न जाए और हमेशा बड़ों का आदर, सत्कार और सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह हमारे समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण है कि हम अपने बुजुर्गों का सम्मान करें और उनके अनुभवों से सीखें। रामलीला मंचन के शुभारंभ पर दिए गए इन संदेशों ने श्री राम के आदर्शों और नैतिक मूल्यों को अपनाने के महत्व पर जोर दिया। रामलीला न केवल एक धार्मिक आयोजन है, बल्कि



यह हमें श्री राम के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण सबक भी सिखाती है। इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री सतपाल सैनी (MLC), प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा, श्री मोहम्मद याकूब, चेयरमैन नगर पंचायत पाकबड़ा, श्री रामबाबू भटनागर, रामल. ीला कमेटी पदाधिकारीगण, सभासद रंजीत सैनी, रोहित सैनी बंटी और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। रामलीला मंचन का आयोजन पाकबड़ा में धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर श्री राम के आदर्शों और नैतिक मूल्यों पर चर्चा की गई। आयोजन में उपस्थित लोगों ने श्री राम के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण सबकों पर विचार किया। रामलीला मंचन का शुभारंभ पाकबड़ा में एक महत्वपूर्ण आयोजन था, जिसमें श्री राम के आदर्शों और नैतिक मूल्यों पर जोर दिया गया। इस अवसर पर दिए गए संदेशों ने उपस्थित लोगों को श्री राम के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण सबकों की याद दिलाई।

### आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन



**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में सोमवार को नव प्रवेशित विद्यार्थियों हेतु "दीक्षारंभ" कार्यक्रम का आगाज हुआ, जिसका शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल, प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन भारी संख्या में नव प्रवेशित छात्र एवं उनके माता-पिता/अभिभावक उपस्थित हुए। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री कोठीवाल ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। कुलाधिपति श्री कोठीवाल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करने एवं उनकी क्षमता का स्तर बढ़ाने की दृष्टि से प्रश्नोत्तरी व वाद-विवाद प्रतियोगिताएं कराने व अन्य कई प्रतिस्पर्धी गति. विधियां व योजनाएं प्रारम्भ करने पर जोर दिया। वहीं प्रतिकुलाधिपति श्री अभिनव कोठीवाल ने कहा कि हमें अतिरिक्त विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम गति. विधियों को बढ़ावा देने एवं विद्याथियों के समग्र व्यक्तित्व विकास का वातावरण प्रदान करने की दिशा में भी कार्य करना है। जिससे सत्य, सदाचार, प्रेम, अहिंसा, शांति जैसे सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों पर आधारित चरित्र निर्माण होता है और आत्म-जागरूकता तथा टीम में सीखने की कला का विकास होता है, जिससे एक स्वस्थ समाज का निर्माण होता है।

### विद्युत समस्याओं को लेकर आज लगेगा शिविर

**बिलारी।** विद्युत शिविर आज लगेगा होगा समस्याओं का निस्तारण बिलारी। नगर में स्टेशन रोड स्थित एसडीओ कार्यालय में एक शिविर का आयोजन आज तेईस सितंबर को सवेरे दस से पांच बजे तक किया जाएगा। जेई शिवम ने बताया शिविर में विद्युत बिल जमा करने, पीएम सूर्य घर योजना, स्मार्ट मीटर लगाने, बिल संशोधन करने, नए कनेक्शन जारी करने, लोड बढ़ाने, मीटर बदलने एवं अन्य व्यवसायिक समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने आह्वान किया है कि उपभोक्ता इस योजना का लाभ उठाएं।

### जीआईसी के विद्यार्थियों को दिया करियर गाइडेंस



**बिलारी।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट में स्वयं सेवी संस्था आसमान फाउंडेशन द्वारा विद्यार्थीयो को करियर गाइडेंस और एक्सपोजर इंटरवेंशन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया।

करियर काउंसलर ज्योति बंसल ने विद्यार्थियों को कैरियर संबंधी विभिन्न क्षेत्रों के विषय में दृश्य-श्रव्य साधनों से विस्तार से बताया। प्रधानाचार्य रघुपति देव और स्टाफ ने सहयोग किया।

### रामलीला में केकई मथुरा संवाद और कोप भवन का मंचन, मुख्य अतिथि बने डॉक्टर मुकुल बिश्नोई

**कांठ ( शाह टाइम्स )** नगर में चल रही रामलीला मंचन में आज केकई मन्थरा संवाद कोप भवन और कैकई वरदान की लीला का मंचन किया गया। जिसका शुभारंभ जन् औषधि केंद्र के संचालक डॉक्टर मुकुल बिश्नोई ने फीता काटकर कराया। मंचन के दौरान बताया गया कि जब राम के राजतिलक की तैयारी होती है तब केकई की दासी मन्थरा कैकई को बहका कर राम के लिए बनवास और भरत को राज दिए जाने को लेकर राजी कर लेती है। इसके बाद केकई कोप भवन में चली जाती है और राजा दशरथ के पूछने पर वह वरदान मांगती है। राजा दशरथ उसे दिए वरदान को पूरा करने का वचन देते हैं। इस पावन अवसर का भारी संख्या में महिला पुरुष और बच्चों ने आनंद उठाया।

## बाइक की टक्कर से मजदूर की हुई मौत

**कुन्दरकी।** थाना क्षेत्र के ग्राम हरियना में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। ग्राम हरियना निवासी याद अली (42 वर्ष) पुत्र सुखा खान भट्टे पर मजदूरी करने के बाद घर लौट रहे थे। जैसे ही वह डींगरपुर पांडिय के पास पहुँचे, सामने से आ रही एक बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि याद अली ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुँचकर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अचानक हुई इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक याद अली अपने पीछे तीन बेटियाँ और दो बेटे छोड़ गए हैं। पिता की असमय मौत से बच्चों के सिर से सहारा छिन गया और परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर तेज रफ्तार वाहन आए दिन हादसों को दावत देते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क पर गति पर नियंत्रण और सुरक्षा के इंतजाम कड़े करने की मांग की है।



# टीएमयू एग्रीकल्चर कॉलेज के गंगा चैंपियंस क्लब का रामगंगा घाट पर क्लीन एंड अवेयरनेस कैंपेन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज के गंगा चैंपियंस क्लब की ओर से रामगंगा घाट- मुरादाबाद पर विश्व स्वच्छता दिवस के अवसर पर स्वच्छता एवम् जागरूकता अभियान चलाया गया। नोडल ऑफिसर डॉ. गणेश दत्त भट्ट बताते हैं, गंगा चैंपियंस क्लब ने चार घंटे तक रामगंगा घाट पर स्वच्छता एवम् जागरूकता अभियान चलाया, जिसमें गंगा चैंपियंस क्लब के सदस्यों ने घाट से प्लास्टिक की बोतलें और ग्लास, मिट्टी की मूर्तियां, डिस्पोजल, प्लास्टिक के खाली बोरे आदि वेस्ट मैटेरियल एकत्र किया। कैंपेन के दौरान छात्रों ने समझाया कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह हरेक नागरिक की प्रतिदिन की जिम्मेदारी है। एग्रीकल्चर कॉलेज की फैकल्टीज और छात्रों ने स्थानीय समुदाय को रामगंगा को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश दिया। इससे पूर्व एग्रीकल्चर कॉलेज के डीन प्रो. प्रवीण कुमार जैन ने गंगा चौंपियंस क्लब के सदस्यों को हरी झंडी दिखाकर उन्हें रवाना किया। उन्होंने कहा, विश्व स्वच्छता दिवस हमें प्रकृति और पर्यावरण की सुरक्षा की जिम्मेदारी का अहसास कराता है। इस अवसर पर डॉ. गणेश दत्त भट्ट, डॉ. महेश सिंह, डॉ. अमित मौर्य, डॉ. सुषमा सिंह के मार्गदर्शन में लगभग 50 स्टुडेंट्स ने सक्रिय रूप से भाग लिया। गंगा चैंपियंस क्लब के सदस्यों ने संकल्प लिया, वे आगे भी समाज को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते रहेंगे। गंगा चैंपियंस क्लब की ओर से स्टुडेंट्स- मुकुन्द सिंह, लोचन व्यास, निहारिका नयन, समृद्धि सक्सेना आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# नगर में धूमधाम से निकाली गई नवदुर्गा महोत्सव की कलश यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** नवरात्रि के अवसर पर रविवार को नगर में महिला मंडल के तत्वाधान में नवदुर्गा महोत्सव की कलश यात्रा बड़े ही धूमधाम से निक. ाली गई। श्रीकाली के थान मोहल्ला पश्चिमी सादात से प्रारंभ हुई यह कलश यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होकर मां चामुंडा स्थल तक पहुंची। इसके उपरांत मोहल्ला नुरुल्लाह स्थित प्राचीन श्री शिव मंदिर में कलश स्थापित किए गए। यह कलश संपूर्ण नवरात्रि तक मंदिर में स्थापित रहेंगे और अंतिम नवमी के दिन भव्य माता की चौकी, आरती एवं प्रसाद वितरण के बाद भक्तों को वितरित किए जाएंगे। कलश यात्रा के दौरान मां की पालकी भक्तों द्वारा कंधों पर उठाकर पूरे मार्ग में झुलाई गई। शोभायात्रा में मां के विभिन्न स्वरूपों की आकर्षक झांकियां भी निकाली गईं, जिनसे नगर का माहौल भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में प्रेमपाल, दिवाकर, देव सिंह सैनी, शिवराज सागर, शोभित वाल्मीकि, सोनू शर्मा, अनुप्रिया शर्मा, उषा, ममता, पूजा सहित कई महिलाओं का विशेष योगदान रहा। कलश यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था के लिए कुंदरकी थाना प्रभारी जसपाल सिंह ग्वाल एवं चौकी इंचार्ज संजय कुमार त्यागी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। महिलाओ में महिला मंडल अध्यक्षा कुसुम वर्मा के नेतृत्व में मंजी ठाकुर, मीनू ठाकुर, विमलेश दिवाकर, वीरबती, सरला शर्मा, मुन्नी दिवाकर आदि सभी महिलाओं का सहयोग रहा। सज्जा का कार्य शिवकुमार वर्मा, राजीव शर्मा, प्रीमपाल दिवाकर, मोनू भूषण और हरीश शर्मा मौजूद रही।

# जिला बार एसोसिएशन में शासकीय अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिला बार एसोसिएशन में शासकीय अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि प्रशांत सिंह अटल, सदस्य बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश, उपस्थित रहे। परिचय के बाद शासकीय अधिवक्ताओं ने अपनी व्यवहारिक मांगों को रखा, जिसे अटल जी ने धैर्यपूर्वक सुना।

बार काउंसिल ने अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी और अधिवक्ता कल्याण निधि योजना में सदस्यता के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार गुप्ता, नितिन गुप्ता और अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे, जिनमें संजीव अग्रवाल, राजीव त्यागी और मनोज गुप्ता भी शामिल थे।बैठक में अधिवक्ताओं ने अपनी समस्याओं और मांगों को प्रमुखता से उठाया और समाधान के लिए चर्चा की।

बार काउंसिल के सदस्य ने अधिवक्ताओं की समस्याओं को सुनने के बाद आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर अनिल पाल सिंह, प्रकाश वीर सिंह और अन्य अधिवक्ता भी उपस्थित रहे।

# ऑडिट संबंधी समस्याओं को लेकर ग्राम पंचायत अधिकारी संघ की हुई बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** सोमवार को विकास खंड कुंदरकी में ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह एवं ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष विनोद सागर एवं अन्य जनपद स्तरीय पदाधिकारी ऑडिट संबंधी समस्याओं के सम्बन्ध में बैठक आयोजन में उपस्थित हुए। बैठक में वर्ष 2021-22 में मनरेगा ऑडिट संबंधी अवैध रूप से लगाए गए अधिभार की समस्याओं का निराकरण की मांग की। अधिकांश साथियों ने इस विषय को प्राथमिकता दी कि जब मनरेगा योजना के खातों का संचालन ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा नहीं किया जाता है तो आधी भर सचिन और प्रधान पर क्यों अध्यारोपित किया जा रहा है जबकि खाते का संचालन खंड विकास अधिकारी और विकासखंड के अकाउंटेंट द्वारा किया जाता है ऑडिट की जिम्मेदारी भी खंड विकास अधिकारी को स्वयं उठानी चाहिए।

साथ ही वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायतो के ग्राम निधि खातों के ऑडिट करने के संबंध में इंटीमेशन तब तक एक्सेप्ट ना किए जाएं जब तक पूर्व वर्षों के ऑडिट के प्रकरणों का समाधान के संबंध में कोई सकारात्मक पहल प्रारंभ नहीं होती है साथियों ने बैठक में अपने विचार रखें दोनों संगठन के साथी विकासखंड में बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## साक्षी सेवा समिति ने स्वास्थ्यकर्मियों का किया सम्मान

**चन्दौसी।** साक्षी सेवा समिति संभल उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में स्वास्थ्य कर्मी सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यवाहक अध्यक्ष दमयंती सिंह, सचिव बबिता बिंदल, कोषाध्यक्ष विजयलक्ष्मी यादव, पूर्व अध्यक्ष सुधा शर्मा आदि ने समिति कल्याण मंत्र का उच्चारण करके सर्वसमाज हित में प्रार्थना की। प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा ने बताया कि साक्षी सेवा समिति समा. जहित में सेवा कार्य करती है। साथ ही उन लोगों का सम्मान भी करते हैं जिन्होंने सामाजिक हित में अपना जीवन अर्पण किया है। इसी श्रृंखला में उन स्वास्थ्यकर्मियों का सम्मान किया गया जिन्होंने अपना सारा जीवन मानव सेवा में समर्पित कर दिया। कोरोनाक. ाल में भी अपने जीवन की चिन्ता न करते हुए अपना फर्ज निभाया। समिति द्वारा मीरा राघव,कृष्णा टी., फूलवती, दमयंती सिंह, रानी पिप्पल, हरनंदी अवनेश गुप्ता आदि को पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मीरा दुबे, जयश्री, वर्षा सिंधी, सुनीता शर्मा, मनी पोरवाल, श्रेया आदि मौजूद रहीं।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र मोहम्मद कासिफ पुत्र स्वर्गीय आसिफ अकील को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में आसिफ अकील के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**श्रीमती नईमा परवीन पत्नी स्वर्गीय आसिफ अकील निवासी बेल्दारान, नियर अब्बासी स्कूल, मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र धर्मेंद्र सिंह को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में धर्मेंद्र सिंह के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

जयपाल सिंह पुत्र माडे सिंह व श्रीमती दुलारी पत्नी जयपाल सिंह निवासीगण ग्राम देहरी जुम्मन पोस्ट कोठी खिदमतपुर पोस्ट व तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद।

# बाइक की टक्कर से नौ साल के बच्चे की मौत, मचा कोहराम



शाह टाइम्स संवाददाता

**कांठ।** नाना के घर रहकर पढ़ाई कर रहे 9 साल के बच्चे की बाइक की टक्कर से मौत हो गई घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और गांव के लोग इकट्ठा हो गए समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों में बार्ता जारी थी।

उत्तराखंड निवासी हर्ष पुत्र धर्मेंद्र मिश्रीपुर मंझरे में अपने नाना किशन कश्यप के यहां रहकर पढ़ाई कर रहा था। आज दोपहर बाद सड़क पार करते हुए वह गांव की ही बाइक से टकरा गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई मौत का पता लगते ही आसपास की भीड़ इकट्ठा हो गई सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह भी मौके पर पहुंच गए और पंचनामा भरने की कार्रवाई शुरू की, लेकिन दोनों पक्षों में वार्ता होने के कारण समाचार लिखे जाने तक कोई अग्रिम कार्यवाही नहीं हो सकी। दोपहर बाद हुई घटना से गांव में गम का माहौल है टक्कर मारने वाली बाइक गांव की ही बताई जा रही है। मृतक के परिजनों के गुस्से के कारण समाचार लिखे जाने तक शब पोस्टमार्टम को नहीं भेजा जा सका था।

# खेत में मिले जानवर के बच्चे, वन विभाग बता रहा जंगली बिल्ली के बच्चे

शाह टाइम्स संवाददाता

**सुरजननगर।** चौकी क्षेत्र दुल्हापुर पट्टी चौहान के जंगल में मुकेश कुमार के खेत में ग्रामीणों के अनुसार दो तेंदुए के बच्चे मिले ग्रामीण उनका फोटो लेकर गांव में आ गए ओर वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग के पहुंचने पर बच्चे वहां नहीं थे। बीते दिन गाँव के कपिल कुमार और अरविंद पशुओं के लिए चारा लेने खेत पर जा रहे थे तभी उन्हें गन्ने के खेत में जंगली जानवर के दो नवजात बच्चे दिखाई दिए उन्होंने मोबाइल में फोटो लेकर भागकर गांव में आ गये और ग्रामीणों को जंगलमें तेंदुए के बच्चे होने की जानकारी दी और वन विभाग को सूचना दे दी। जंगलमें तेंदुए के बच्चों की सूचना पर ग्रामीण खेत के किनारे पर पहुंच गए। ओर वन विभाग की टीम आने पर गन्ने के खेत में गए। जहां पर किसानों ने बच्चों को देखा था वहां पर बच्चे नहीं थे ग्रामीण व वन विभाग ने गन्ने के खेत में इधर-उधर बच्चों की तलाश की लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। मौके पर पहुंचे किसान महिपाल सिंह, नरेन्द्र सिंह, बृजेश कुमार सोलीन सिंह, नरेश कुमार, मुकेश कुमार व ग्राम प्रधान वेद प्रकाश सिंह का कहना है यहां पर 8 दिन से तेंदुआ दिखाई दे रहा है ये बच्चे तेंदुए के ही है इन बच्चों को उनकी मां उठाकर आसपास ही किसी दूसरे स्थान पर ले गई है। उन्होंने वन विभाग से खेत पर पिंजरा लगाने की मांग की।



● वन विभाग के दरोगा पीयूष जोशी का कहना है जो फोटो बच्चों के हैं वे बच्चे जंगली बिल्ली के है तेंदुए के नहीं। ग्रामीणों से अकेले खेत में ना जाने को कहा।

## एक नजर

### उप गन्ना आयुक्त ने किया किसान सट्टा प्रदर्शन मेले का औचक निरीक्षण



**कांठ ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** गन्ना समिति कांठ में चल रहे किसान सट्टा प्रदर्शन मेले में अचानक पहुंचे उपगन्ना आयुक्त हरपाल सिंह ने औचक निरीक्षण किया उन्होंने मेले में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के साथ और गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने के निर्देश दिए। आज 96 शिकायत प्राप्त हुई जिनमें 33 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। गन्ना उपायुक्त ने कहा कि किसानों की गन्ना संबंधी समस्याओं का निस्तारण समय रहते किया जाए। मेले में राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक, चीनी मिल के फील्ड सुप. रवाइजर, कैन मैनेजर, गन्ना सचिव खेत सिंह और किसान मौजूद रहे।

### डिजिटल लाइब्रेरी खुलने से विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ: ठाकुर रामवीर सिंह



**कुंदरकी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** कुंदरकी ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि इस डिजिटल लाइब्रेरी के खुलने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाओं के साथ अध्ययन का बेहतर अवसर मिलेगा।डिजिटल लाइब्रेरी से उन्हें उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा सामग्री पहुंचने में मदद मिलेगी। क्षेत्र के विद्यार्थी अब इस लाइब्रेरी के माध्यम से मुरादाबाद जाए बिना ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे।विधायक ने उम्मीद जताई कि इस लाइब्रेरी से पढ़कर युवा विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयनित होकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। लाइब्रेरी संचालक अनिल दिवाकर ने बताया कि इस डिजिटल लाइब्रेरी में 100 सीटें उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि यहां छात्रों के लिए शांतिपूर्ण और अनुकूल माहौल तैयार किया जाएगा। इससे छात्रों को अपनी पढ़ाई पर बेहतर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप, संजय दिवाकर, अनमोल भारद्वाज, अरविंद ठाकुर, मुकेश दिवाकर, देव सैनी, विजेंद्र चौधरी, नसीम खान आदि मौजूद रहे।

### रामलीला एवं मेला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित श्री रामलीला मंचन प्रारंभ



**कुंदरकी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** श्री रामलीला एवं मेला कमेटी के तत्वाधान में आयोजित श्री रामलीला मंचन रविवार की रात्रि में प्रारंभ हुआ, मंचन का शुभारंभ श्रीं रामलीला कमेटी के वरिष्ठ सदस्य महावीर वाल्मीकि के द्वारा किया गया, इस अवसर पर श्री रामलीला एवं मेला कमेटी के अध्यक्ष प्रवीन भूषण अग्रवाल ने कहा कि हमें श्री रामचंद्र जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए उनका पूरा जीवनकाल दूसरों की अच्छाई करने में व्यतीत हुआ, राज धर्म का पालन करते हुए जनता के लिए अपने पद को भी त्याग दिया, यदि हम अपने जीवन काल में उनके आदर्श का पालन करते हैं हमारा जीवन सार्थक हो सकता है, इस अवसर पर श्री राम एवं मेला कमेटी के प्रेमपाल दिवाकर, संजय दुबे, शिशुपाल सिंह पाल, अरुण अग्रवाल, राजीव कुमार शर्मा, जितेंद्र सैनी, भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीय सचिव देवेश भूषण, सतीश दिवाकर, हरीश शर्मा कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।

## जनपद में मोती की खेती का शुभारंभ



**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** मणि एग्रोहब प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा जनपद में सीप की खेती का अपरायुक्त सुरेश कुमार गुप्ता के द्वारा शुभारंभ किया गया। मनोहरपुर स्थित डॉक्टर मेहंदी रत्ता के तालाब में मनी मणि एग्रोहब प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा शिव की खेती का शुभारंभ अपरायुक्त सुरेश कुमार गुप्ता संयुक्त कृषि निदेशक जीवन प्रकाश उप कृषि निदेशक संतोष कुमार द्विवेदी जिला भूमि संरक्षण अधिकारी योगेंद्र कुमार जिला विकास अधिकारी उप मत्स्य निदेशक , डॉ. मेहंदी रत्ता व कंपनी के सीईओ डॉक्टर अय्यूब हुसैन के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर कंपनी के सीईओ डॉक्टर अय्यूब हुसैन ने बताया कि कृषि क्षेत्र भारतीय अर्थव्यस्था का मेरुदण्ड है। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2047 तक देश की अर्थव्यस्था 30 ट्रिलियन डालर तथा उत्तर प्रदेश राज्य की अर्थव्यस्था 6 ट्रिलियन डालर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ऐसी स्थिति में प्रदेश में कृषि सेक्टर की कम से कम 1.5 ट्रिलियन डालर की भागीदारी होना अपरिहार्य है। मोती की खेती में कम क्षेत्रफल एवं थोड़ी लागत में किसानो की आय में वृद्धि की व्यापक संभावना है। मणि एग्रोहब प्रा०लि०, प्रदेश के किसानो के बीच मोती की खेती के प्रोत्साहन के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि डेढ़ साल में किसान अपनी आय का चार गुना कमा सकते हैं । अन्य खेती में किसानों को उतना लाभ प्राप्त नहीं हो पता है। डॉ डॉ. मेहंदी रत्ता ने बताया कि हम फिलहाल पचास हजार सीप की खेती का शुभारंभ कर रहे हैं ।एक सीप से दो मोती पैदा होंगे और यह 14 से 15 महीने के अंतर्गत पूर्ण रूप से तैयार हो जाएगी। हमारे यहां ट्रेनिंग सेंटर पर किसान आते रहते हैं। जिससे की किसान उससे प्रभावित होकर अपने क्षेत्र में मोती की खेती करना शुरू कर दें।

## महिला विशेष सृजन में पुरुष कवि लापता



**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** यू पी प्रेस क्लब व उ प्र साहित्य सभा द्वारा 161 वां सृजन सम्मान समारोह आज नवरात्रि महिला विशेष मनाया गया। आज महिला साहित्यकारों का सम्मान एवं सिर्फ कवियत्रियों ने ही काव्यपाठ किया। राष्ट्रगान के साथ प्रारम्भ हुए समारोह में रविन्द्र सिंह, हसीब सिद्दीकी, सर्वेश अस्थाना व शिवशरण सिंह ने सृजन हिंदी सम्मान- श्रीमती शीतल बाजपेयी सृजन उर्दू सम्मान- डॉ सबा बलरामपुरी को सृजन सम्मान से सम्मानित किया। डॉ सुधा मिश्रा के संयोजन व संचालन में वर्षा श्रीवास्तव की वाणी वंदना से शुरू हुए काव्य समारोह में निधि बाजपेई (कानपुर), जहाँ आरा, मनोरमा श्रीवास्तव, रश्मि शरद(हरदोई), रेनु सिंह, डॉ सुरभि सिंह ममता पंकज, रश्मि सिन्हा, निशा नवल, रेनु द्विवेदी ने काव्यपाठ किया। इस अवसर पर वरिष्ठ सर्जन डॉ रुद्रमणि, वरिष्ठ कवि राजीव वर्मा वत्सल, पंकज प्रसून, डॉ अवधी हरि, डॉ सुभाष रसिया, निर्भय निश्छल आदि ही विशेष रूप से उपस्थित थे। चूंकि आज सृजन नवरात्रि विशेष में सिर्फ महिलाओं का काव्यपाठ था इसलिए श्रोताओं के रूप में आमन्त्रित पुरुष साहित्यकारों की उपस्थिति बहुत ही कम रही। इस बात पर सृजन के संस्थापक सर्वेश अस्थाना ने ठहाकों के साथ पुरुषों की मानसिकता पर खूब चुटकियां ली।

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन ने आबकारी मंत्री को दिया ज्ञापन



**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारियों ने आज प्रदेश मंत्री अरविंद अग्रवाल जॉनी के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष और आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल का मुरादाबाद आगमन पर स्वागत और सम्मान किया। उन्होंने मंत्री नितिन अग्रवाल से अनुरोध किया कि रॉ मैटीरियल को भी 5% के दायरे में लाने से रिफंड की समस्या समाप्त हो जाएगी। मंत्री नितिन अग्रवाल ने व्यापारियों की समस्याओं को सुनने के बाद आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।ज्ञापन देने वालों में प्रदेश मंत्री अरविंद अग्रवाल जॉनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन गुप्ता, गौरव अग्रवाल और सुमित गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## महिला सुरक्षा टीम ने छात्राओं को किया जागरूक

**ठाकुरद्वारा ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** सोमवार को महिला सुरक्षा टीम नगर के विभिन्न स्कूल में जाकर छात्राओं के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे सरकारी योजनाओं व हेल्पला इन नंबरों के बारे में जागरूक किया । नगर की महिला सुरक्षा टीम ने उपनिरीक्षक ललित कुमार के साथ नगर के विभिन्न स्कूलों में पहुँचकर के गोष्ठी का आयोजन किया । जिसमें टीम की ओर से छात्राओं को साइबर क्राइम से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं , वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, मातृ वंदना योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही महिला सुरक्षा टीम ने छात्राओं को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों से भी अवगत कराया। इनमें 108 एम्बुलेंस, 112 पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 वुमन पॉवर हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और 1930 साइबर हेल्पलाइन नम्बरों को लेकर जागरूक किया वही इस दौरान छात्राओं में जानकारीपरक पंपलेट भी वितरित किए गए। इस दौरान महिला हैड कांस्टेबल पूनम, कांस्टेबल गौरव कुमार, रवि सैनी सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# नवरात्रि के पहले दिन देवी शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में उमड़ी भीड़



**ठाकुरद्वारा।** शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन मन्दिरों में सुबह से ही माँ दुर्गा के नौ रूपों की पूजा अर्चना के लिए माँ के भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन सोमवार को मां शैलपुत्री की पूजा का विधान है। इस बार नवरात्रि 22 सितंबर से शुरू होकर 1 अक्टूबर तक रहेंगे। 2 अक्टूबर को विजयदशमी का पर्व मनाया जाएगा। इससे पहले लोगों ने घरों में माता की प्रतिमा और घट की स्थापना की। चारों तरफ माँ भगवती देवी के जयकारे गुंजायमान हो उठे। आस्था के साथ तमाम श्रद्धालुओं ने नौ दिन के उपवास भी शुरू किए हैं। हिंदू धर्म में नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के नो स्वरूपों की पूजा-अर्चना विशेष फलदायी मानी जाती है। हाथों में पूजा की थाल सजाकर और जल का पात्र लेकर भारी संख्या में महिला-पुरुष भक्त प्राचीन मां चामुंडा देवी मंदिर पहुंचे। माता रानी की प्रतिमा की पूजा कर आरती उतारी। पूजा-अर्चना कर माता से कामनाएं मांगी गई। मंदिर पर नवरात्र के प्रथम दिन पूजा करने को सुबह से ही धर्मावलंबियों की भीड़ रही। चारों ओर पूजा सामग्री, धूप आदि की सुगंध महक रही थी। घरों में पूजा-अर्चना के साथ नौ दिन की अखंड ज्योति जागृत की गई। काशीपुर के माँ माता मन्दिर के अलावा शक्तिपीठ कोतवाली के निकट श्री राम दुर्गा मंदिर , बड़ा बाजार स्थित खागेश्वर मंदिर, हरिहर मंदिर, पिपल टोला स्थित पंचशील शिव मंदिर, सिंचाई कॉलोनी में स्थित माता मंदिर, तहसील परिसर में स्थित प्राचीन शिव हनुमान मंदिर , चित्रगुप्त मंदिर, फरीदनगर रोड स्थित कालरात्रि चामुंडा मंदिर, मोहल्ला बंजारन स्थित शिव मंदिर , फैजुल्लागंज के खोखरा ताल, रामनगर खागूवाला, मानावाला, रतूपुरा, गोपीवाला, निर्मलपुर सहित अन्य गांवो में स्थित शिव मंदिर व माता मंदिरों पर पूजा अर्चना के साथ-साथ दोपहर बाद भजन कीर्तन भी किए गए।

जिससे क्षेत्र का माहौल धार्मिक मय हो गया मंदिरों में माता रानी की पूजा अर्चना कर जयकारे लगाए और मां से सुख, शांति और समृद्धि की मन्नत मांगी गई।

## सरकारी अस्पताल की लापरवाही ने खतरे में डाली नवजात की जान

शाह टाइम्स संवाददाता

**ठाकुरद्वारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एक बार फिर सवालों के घेरे में है। नगर निवासी इरफान अली ने आरोप लगाया है कि उनकी पत्नी की डिलीवरी के बाद सीएचसी कर्मचारियों ने इलाज और देखभाल के नाम पर 5 हजार रुपये की मांग की। आरोप है कि पूरी रकम न देने पर जच्चा-बच्चा की सही तरह से देखभाल नहीं की गई और न ही किसी वरिष्ठ चिकित्सक ने उनकी स्थिति का संज्ञान लिया। डिलीवरी के कुछ समय बाद ही नवजात की हालत बिगड़ गई। बच्चे के मुंह से लाल झाग और पदार्थ निकलने लगे, जिसे देखकर परिजन घबरा उठे। बार-बार आग्रह करने के बावजूद सीएचसी स्टाफ ने कोई ठोस इलाज नहीं किया। मजबूरन इरफान अली को अपनी पत्नी और नवजात को निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। अब तक लाखो रुपये खर्च हो चुके हैं, लेकिन बच्चे की हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। पीड़ित इरफान अली ने बीते शनिवार को एसडीएम प्रीति सिंह को शिकायत पत्र सौंपा। उन्होंने सीएचसी कर्मचारियों पर लापरवाही और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सीएचसी अधीक्षक को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस घटना से क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश है। उनका कहना है कि सीएचसी में पहले भी इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई न होने से कर्मचारी बेलगाम हो गए हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार भले ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की बात करती हो, मगर जमीनी स्तर पर हालात इसके ठीक उलट हैं।

# विधायक ने किया शरीफनगर में रामलीला का शुभारंभ



शाह टाइम्स संवाददाता

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के ग्राम शरीफनगर। में रामलीला मंचन का शुभारंभ भाजपा विधायक कुँवर सुशांत सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित भक्तजनों को संबोधित करते हुए विधायक कुँवर सुशांत सिंह ने कहा कि हर व्यक्ति को श्रीराम के आचरण का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान राम भारत की आत्मा हैं और हम सभी के हृदय में बसते हैं, लेकिन आज के लोग उनके आदर्शों से विमुख होते जा रहे हैं। विधायक ने सभी से अपील की कि वे मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने कार्यों में नैतिकता और ईमानदारी अपनाएं। इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह, प्रबंधक मनोज कुमार, मोखी पधान, भीम सिंह, कपिल चौहान, दीपक कुमार, हरिओम शर्मा, स्वतंत्र एडवोकेट चंद्रबोस गहलौत, वेदप्रकाश सिंह, विपिन कुमार, धर्मवीर भारती, संजय कुमार, सीताराम सिंह, संत. राम सिंह, अनिल कुमार, राजेन्द्र सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## नगर में ई-रिक्शा और ठेलेवालों की मनमानी से जाम की स्थिति

**ठाकुरद्वारा।** नवरात्र पर्व के दौरान नगर में बढ़ती भीड़ और ई-रिक्शा चालकों की बढ़ती संख्या ने नगरवासियों और रहागीरों के लिए सड़क पर चलना मुश्किल कर दिया है। बाजार में फल ठेले और ई-रिक्शा कहीं भी खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे जाम की स्थिति रोजाना बनती है। नागरिकों की बार-बार शिकायतों के बावजूद पुलिस और प्रशासन इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ई-रिक्शा चालक रिक्शा कहीं भी रोककर खड़ा कर देते हैं और रोकने पर लड़ाई करने लगते हैं। दुकानदारों की शिकायत पर भी उनका रवैया आक्रामक होता है। विशेषकर बाजार गंज से मीना बाजार तक जाने वाले मार्ग, एसडीएम कोर्ट रोड और कदीर तिराहे पर जाम की स्थिति लगातार बनी रहती है।

## लॉ कॉलेज का मनाया द्वितीय स्थापना दिवस




**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** अमरपुरकाशी संस्थान में ग्रामोदय लॉ कॉलेज अमरपुरकाशी का द्वितीय स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर नवनिर्वाचित विधायक ठा. रामवीर सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह,स्नातक विधायक जयपाल सिंह व्यस्त, हरिवंश राय दीक्षित, डॉ विशेष गुप्ता,डॉ विश्वास शर्मा आदि ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। डॉ जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा बाबूजी ने अपने देश अपने गांव के लिए विदेश को छोड़कर यहां शिक्षा की अलख जगायी और इस क्षेत्र को शिक्षित करने का सर्वोत्तम कार्य किया। हरिवंश राय दीक्षित ने कहा बाबूजी ने न केवल शिक्षण संस्थान खोले अपितु विधि कॉलेज खोलकर क्षेत्र को अग्रणी रखने का कार्य किया है। प्रबंधन बलराम शर्मा ने समस्त संस्थाओं की आख्या पर प्रकाश डालते हुए बाबूजी के जीवन पर प्रकाश डाला।कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह बताया कि बाबूजी मुकट सिंह हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है। बाबूजी ने ना केवल भारत में बल्कि विदेशो में भी अमरपुर काशी के साख छोड़ी है और जो भी संस्थाऐं बाबूजी ने बनायीं हैं उनकी तपस्या को उनके उत्तराधिकारिओं को भूलना नहीं चाहिए। और इन संस्थाओं को और आगे ले जाने का कार्य करना चाहिए। संस्थापक बाबू मुकट सिंह ने कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह के द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की, साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में लॉ कॉलेज खोलने व ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने के लिए धन्यवाद भी दिया। इस अवसर पर डॉ विश्वास शर्मा,राजीव शर्मा,मुन्ना श्रोतिय,पूर्व प्रधानाचार्य शिशुपाल सिंह, अजय सिंह के द्वारा मुख्य अतिथि ठाकुर रामवीर सिंह व विशिष्ट अतिथियों को शाल उड़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान की सभी संस्थाओं का स्टाफ मौजूद रहा।कार्यक्रम का संच. ालन प्रबंधक बलराम शर्मा व डॉ वीरेंद्र प्रताप सिंह शाक्य ने किया।

**निविदा संशोधन सूचना**

दिनांक 16 सितम्बर 2025 के **''दैनिक शाह टाइम्स''** के अंक में प्रकाशित **ग्राम पंचायत रघुनाथपुर विकास खण्ड ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )** की अल्पकालीन निविदा सूचना में निविदाएं आमंत्रित करने व खोले जाने की दिनांक 14. 09.2025 त्रुटिवश प्रकाशित हो गई थी, जिसके स्थान पर दिनांक 30.09. 2025 तक निविदाएं आमंत्रित कर खोली जायेगी। शेष पूर्ववत् रहेगा।

**विज्ञापन व्यवस्थापक**
**शाह टाइम्स, मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र मौ0 अरमान को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मौ0 अरमान के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**नन्नू पुत्र श्री उमर अली निवासी ग्राम रसूलपुर आबाद व परगना अफजलगढ़ तहसील धामपुर जनपद बिजनौर।**

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में स्वदेशी उत्पादों के बढ़ावा देने पर दिया जोर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट की प्रेस वार्ता संपन्न हुई, जिसमें प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं महानगर अध्यक्ष ने महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। जिला अध्यक्ष हरीश भसीन और अमरीश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता का संचालन किया।प्रांतीय उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी की दरों में कटौती करना एक सराहनीय कदम है।



उन्होंने व्यापारियों से स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और विदेशी उत्पादों का बहिष्कार करने की अपील की।हरीश भसीन ने कहा कि संस्थापक पंडित श्याम बिहारी मिश्रा के नारे ष्स्थानीय उत्पादन, स्थानीय व्यापार, स्थानीय पर्यटनष को बढ़ावा देने के लिए व्यापारियों को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और जीएसटी में रह गई कमियों को दूर करने के लिए सरकार से मांग की जाएगी।

उन्होंने व्यापारियों से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का आह्वान किया।इस अवसर पर व्यापारियों ने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और जीएसटी में सुधार के लिए एकजुट होने का संकल्प लिया। प्रेस वार्ता के अंत में, व्यापारियों ने सरकार से मांग की कि जीएसटी में रह गई कमियों को दूर किया जाए और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।प्रेस वार्ता में अजय अग्रवाल,पुनीत अग्रवाल, प्रदीप रस्तोगी, रूप किशोर माहेश्वरी, शरद चतुर्वेदी और संजय सहगल ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल **IREPS** पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नही होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 176-DRM-MB-25-26 Date : 22.09.2025 | 177-DRM-MB-25-26 Date : 22.09.2025 | 178-DRM-MB-25-26 Date : 22.09.2025 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Provision of 100 KL RCC OH Tank with plumbing pipe, pump house with bore in lieu of steel tank at Bilpur Railway Colony in jurisdiction of ADEN/SPN | Misc. P.Way works in track maintenance in the section of SSE/Pway/SPN under ADEN/SPN. | AT welding of rails in situ with single shot crucible fitted as per RDSO specifications in connection with track renewal works in the section of Sr.DEN/III/MB |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 17.10.2025 at 16:00 Hrs | 17.10.2025 at 16:00 Hrs | 17.10.2025 at 16:00 Hrs |
| अनुमानित लागत | 67,05,554.86 | 84,92,199.85 | 88,07,606.17 |
| धरोहर राशि | 1,34,100.00 | 1,69,900.00 | 1,76,200.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 03.10.2025 | 03.10.2025 | 03.10.2025 |
| आफर की वैधता | 60 Days | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 Months | 12 Months | 12 Months |

टेन्डर नं. 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 22.09.2025 2912/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भारत की पाक पर लगातार 7वीं जीत

## अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने 59 गेंदों पर 105 रन जोड़े, सात गेंद के बाकी रहते हुए जीता मैच

**दुबई, वार्ता।** भारतीय फील्डर्स ने 20 ओवर में 5 कैच टपका दिए। भारत के प्रीमियम फास्ट बॉलर जसप्रीत बुमराह ने 4 ओवर में 45 रन दे दिए। भारत के स्पिनर्स का जादू भी नहीं चला। कुलदीप, वरुण और अक्षर ने मिलकर सिर्फ 1 विकेट लिया। एशिया कप सुपर-4 राउंड में भारत के खिलाफ पाकिस्तान की पारी में पाकिस्तान के लिए जो कुछ भी सही हो सकता था हुआ। इसके बावजूद नतीजा क्या रहा। भारत ने 6 विकेट से आसान जीत हासिल की। यह इंटरनेशनल क्रिकेट में टीम इंडिया की पाकिस्तान के ऊपर लगातार सातवीं जीत है। बालिंग और फील्डिंग में कुछ हद तक कमजोर प्रदर्शन के बावजूद भारत ने शानदार जीत की पटकथा कैसे लिख डाली। भारत ने टॉस जीता, सूर्या ने फिर सलमान से हाथ नहीं मिलाया दुबई की पिच पर टारगेट चेज करना फायदेमंद रहता है। इस मैच से पहले पिछले 5 साल में यहां टॉप-12 टीमों के बीच 19 टी-20 इंटरनेशनल खेले गए थे। इसमें 17 में टारगेट चेज करी टीम जीती थी। इस बार भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीता और टारगेट चेज करने का ही फैसला किया। सूर्या ने टॉस के बाद एक बार फिर पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया। पाकिस्तान के साथ ग्रुप स्टेज मुकाबले में भी उन्होंने यही किया था। इससे नाराज पाकिस्तानी टीम मैच रेफरी एंडी पाइक्राफ्ट को हटाने पर अड़ गई थी। आईसीसी ने न सिर्फ उनकी डिमांड खारिज की, बल्कि इस मैच के लिए भी एंडी पाइक्राफ्ट को ही मैच रेफरी बनाया गया। पावरप्ले में पाकिस्तान ने की दम दिखाने की कोशिश पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ ग्रुप स्टेज मैच में भी पहले बल्लेबाजी की थी। तब पाकिस्तानी टीम पावरप्ले के पहले 6 ओवर में 2 विकेट खोकर सिर्फ 42 रन बना पाई थी। इस बार पाकिस्तान ने बेहतर प्रदर्शन किया और 6 ओवर में 1 विकेट खोकर 55 रन बनाए। सईम अयूब की जगह ओपनिंग करने आए फखर जमान 15 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद दूसरे ओपनर साहिबजादा फरहान ने नंबर 3 पर खेलने आए सईम के साथ 72 रन की पार्टनरशिप कर डाली। मिडिल ओवर में धीमी पड़ी पाकिस्तान की पारी पावरप्ले में अच्छी शुरुआत के बाद पाकिस्तान की पारी मिडिल ओवर्स में धीमी पड़ गई। पहले 6 ओवर में करीब 9 की रन रेट से बैटिंग करने वाली टीम अगले 10 ओवर में सिर्फ 64 रन बना सकी। तीन विकेट भी गंवाए। 16 ओवर की समाप्ति तक पाकिस्तान का स्कोर 119/4 था। फहीम की बैटिंग ने दिया संघर्ष करने लायक स्कोर पाकिस्तान ने डेथ ओवर्स यानी आखिरी 24 गेंदों पर 52 रन बनाए और टीम 20 ओवर में 171 रन तक पहुंचने में कामयाब रही। इसमें फहीम अशरफ का योगदान अहम रहा। फहीम ने सिर्फ 8 गेंदों पर 20 रन बनाए। कप्तान सलमान अली आगा ने 13 गेंदों पर 17 रन बनाए। इस मैच में भारत के प्रमुख गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बिल्कुल लय में नहीं दिखे। उन्होंने अपने 4 ओवर में 45 रन खर्च कर दिए और उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला। वरुण ने 4 ओवर में रन तो 25 ही दिए, लेकिन विकेट का खाता वे भी नहीं खोल पाए। कुलदीप ने 1 विकेट जरूर लिया, लेकिन उन्होंने 31 रन खर्च कर दिए। अभिषेक और गिल के आगे बेबस पाकिस्तानी क्रिकेट एक्सपर्ट्स इस पिच पर 171 रन के स्कोर को चुनौतीपूर्ण बता रहे थे। लेकिन, भारतीय ओपनर्स अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने जिस आक्रामक तेवर से बल्लेबाजी की उससे बहुत जल्द यह पता चल गया कि पाकिस्तान की एक और हार तय है। इन दोनों ने पावरप्ले में ही 69 रन बटोर लिए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 59 गेंदों पर 105 रन की पार्टनरशिप की। पिछले तीन मैचों में सिर्फ 35 रन बना पाए शुभमन गिल इस बार अलग अंदाज में दिखे। उन्होंने 167 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 47 रन बनाए।



## सुल्तान जोहोर कप: भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को मलेशिया में होने वाले सुल्तान जोहोर कप के आगामी संस्करण में भाग लेने के लिए रोहित की अगुवाई में 18 सदस्यीय भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की। डिफेंडर रोहित को कप्तान बनाया गया है। टीम में गोलकीपर बिक्रमजीत सिंह और प्रिंसदीप सिंह, डिफेंडर रोहित, तलेम प्रियोबर्ता, अनमोल एक्का, आमिर अली, सुनील पी बी और रवनीत सिंह( मिडफील्डर अंकित पाल, थुनाओजम इंगलेम्बा लुवांग, अदरोहित एक्का, अराजित सिंह हुंदल, रोसन कुजूर और मनमीत सिंह शामिल हैं।

# भारत-पाक में अब प्रतिद्वंद्विता नहीं रही: सूर्या



**मुझे लगता है कि पत्रकारों को प्रतिद्वंद्विता पर यह सवाल पूछना बंद कर देना चाहिए**

**दुबई, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इस धारणा को खारिज कर दिया है कि भारत बनाम पाकिस्तान मुकबला अब प्रतिद्वंद्विता है। सूर्यकुमार यादव ने रविवार रात पाकिस्तान को छह विकेट से हराने के बाद पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि मैं इस सवाल पर एक बात कहना चाहूंगा। मुझे लगता है कि आपको प्रतिद्वंद्विता पर यह सवाल पूछना बंद कर देना चाहिए। इससे पहले उन्हें याद दिलाया गया कि सवाल प्रतिद्वंद्विता के बारे में बिल्कुल नहीं था। स्तर और प्रतिद्वंद्विता एक जैसी ही है।

मेरे हिसाब से, अगर दो टीमें 15-20 मैच खेलती हैं और अगर आमने-सामने मुकाबला 7-7 या 8-7 का होता है, तो उसे प्रतिद्वंद्विता कहते हैं। लेकिन 13-0, 10-1--- मुझे नहीं पता कि आंकड़े क्या हैं। लेकिन अब यह प्रतिद्वंद्विता नहीं रही। लेकिन हां, मुझे लगता है कि हमने उनसे बेहतर क्रिकेट खेला। रिकॉर्ड के लिए, भारत ने दुबई में 2022 में एशिया कप में पाकिस्तान से मिली पिछली हार के बाद से अब तक लगातार सात मैचों में खसिर्फ पुरुष अंतर्राष्ट्रीय मैचों में, पाकिस्तान को हराया है। इस 'प्रतिद्वंद्वी' के बारे में उनकी राय पूछे जाने से पहले, सूर्यकुमार ने बताया कि उन्हें खेल का निर्णायक दौर पाक की पारी का आधा समय लगा जब पाकिस्तान ने दस ओवर में एक विकेट पर 91 रन बनाए थे, जो भारत के खिलाफ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में अब तक का उनका सर्वोच्च हाफटाइम स्कोर था। यही वह समय था जब सूर्यकुमार ने अपनी टीम को संभाला और अंपायरों ने ड्रिंक्स इंटरवल की घोषणा कर दी। इसके बाद, भारत ने अगले सात ओवरों में केवल 38 रन देकर पाक पर लगाम कसी। इस टूर्नामेंट में 10-17 ओवरों के बीच बल्लेबाज़ी करने वाली टीमों का यह सबसे कम स्कोर है। सूर्या ने कहा कि मेरे हिसाब से, पहली पारी के पहले ड्रिंक्स में टर्निंग पॉइंट आया। उसके बाद लोगों ने अपनी बॉडी लैंग्वेज बदल दी। आप हमेशा पावरप्ले के बाद खेल में बदलाव देखते हैं। लेकिन आज, दस ओवर के बाद खेल बदल गया, जब गेंदबाजो ने अपनी लाइन और लेंथ बदली, उस स्थिति में क्या ज़रूरी था, यह समझा और थोड़ी ज्यादा ऊर्जा दिखाई। स्पिनरों ने अच्छी गेंदबा. जी की। और मेरे हिसाब से, शिवम का स्पैल, आप कह सकते हैं कि यह एक टर्निंग पॉइंट था। सूर्या ने शिवम के बारे में कहा कि मुझे लगता है कि वह सभी अभ्यास सत्रों में अपनी गेंदबाजी पर बहुत मेहनत कर रहा है।

# चोटिल बवुमा पाक के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर



**बवुमा को यह चोट इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे पर लगी थी, जिसे ठीक होने में छह से आठ हफ्ते लगेंगे**

**केपटाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट कप्तान टेम्बा बवुमा पिंडली में खिंचाव के कारण पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। बावुमा को यह चोट हाल ही में इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे पर लगी थी और उन्हें ठीक होने में छह से आठ हफ्ते का समय लग सकता है।

उनकी गैरमौजूदगी में एडन मारक्रम टीम की कप्तानी करेंगे। टीम में ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर की दो साल से अधिक समय के बाद वापसी हुई है। वह स्पिन विभाग में सेनुरन मुथुमसे और प्रेनेलन सुब्रायन के साथ शामिल होंगे। पहली पसंद के स्पिनर केशव महाराज इंग्लैंड में कमर में खिंचाव के बाद केवल दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध हैं। एक और बड़ी खबर यह है कि विकेटकीपर लक्वटन डी कॉक ने एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास वापस ले लिया है और पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय और टी-20 दोनों टीमों में वापसी की है। डी कॉक ने आखिरी बार पिछले साल जून में बारबाडोस में हुए टी-20 विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के लिए खेला था। पाकिस्तान दौरे के सफेद गेंद वाले चरण के लिए कॉर्बिन बॉश और डेवाल्ड ब्रेविस को छोड़कर अपने सभी ऑल-फॉर्मेट खिलाड़ियों को आराम देने का फैसला किया है। डेविड मिलर टी-20 टीम की कप्तानी करेंगे जबकि मैथ्यू ब्रीट्जके वनडे टीम की कमान संभालेंगे। दक्षिण अफ्रीका पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट से एक दिन पहले लवडहोक में अपने नए स्टेडियम का उद्घाटन करने के लिए नामीबिया में एक अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच भी खेलेगा और उस मैच के लिए उसकी एक अस्थायी टीम होगी। ऑलराउंडर डोनोवन फरेरा उस टीम की कप्तानी करेंगे, जिसमें डी कॉक, नंद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएत्जी, रीजा हेंड्रिक्स और लुआन-ड्रे प्रीटोरियस, और रिवाल्डो मूनसामी शामिल हैं, जिन्हें पहली बार टीम में शामिल किया गया है। पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय टीम में फेरेरिया को बर्गर, कोएत्जी और डी कॉक के साथ शामिल किया गया है, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर जॉर्ज लिंडे और ब्योर्न फोर्टुइन की वापसी हुई है। लेग स्पिनर नकाबा पीटर एक मजबूत स्पिन गेंदबाजी टीम का हिस्सा हैं। टेस्ट टीम में जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप गदा जीतने वाले मुख्य खिलाड़ी शामिल हैं। ब्रेविस, सुब्रायन और जुबैर हम्जा इस ग्रुप में नए हैं, जबकि डेन पैटरसन या लुंगी एनगिडी, जो सफेद गेंद वाली टीम का हिस्सा हैं, के लिए कोई जगह नहीं है। कगिसो रबाडा, मार्को जेनसन और वियान मुल्डर तेज गेंदबाज टीम में हैं। दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुकरी कॉनराड ने कहा कि टेम्बा की पिंडली की चोट के कारण दुर्भाग्यवश वह छह से आठ हफ्तों तक मैदान से बाहर रहेंगे, लेकिन हमारा ध्यान उन्हें नवंबर में होने वाले भारत दौरे के लिए पूरी तरह तैयार होने का सर्वश्रेष्ठ मौका देने पर है। उन्होंने कहा हम टेम्बा के उपलब्ध न होने से निराश हैं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## उत्तराखंड क्रिकेट में गड़बड़ी के मामले में बीसीसीआई से जवाब तलब

**नैनीताल, वार्ता।** उच्च न्यायालय ने उत्तराखण्ड क्रिकेट एसोसिएशन (यूसीए) में व्याप्त अनियमितताओं के मामले में सुनवाई करते हुए सोमवार को भारतीय क्रिकेट की प्रमुख संस्था भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को आठ अक्टूबर तक जवाब दाखिल करने को कहा है। इस मामले से जुड़ी पांच याचिकाओं पर न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की पीठ में सुनवाई हुई। सोमवार को बीसीसीआई के प्रतिनिधि अदालत में पेश हुए और जवाब देने के लिए पीठ से समय की मांग की। पीठ ने आठ अक्टूबर तक की मोहलत दे दी। डॉ. बुद्धि चंद्र रमोला, धीरज भंडारी और संजय गुसाई एवं अन्य की ओर से याचिका दायर कर कहा गया कि यूसीए में अनियमितताएं व्याप्त हैं। बीसीसीआई के धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। खाने के नाम पर लाखों की अनियमतता की गयी है। याचिकाकर्ताओं की ओर से 12 करोड़ के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया है।

## आयुष शेट्टी व एचएस प्रणय कोरिया ओपन में करेंगे भारत की अगुवाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** आयुष शेट्टी और एचएस प्रणय मंगलवार से दक्षिण कोरिया के सुवन में शुरू होने वाले कोरिया ओपन में भारत टीम की अगुवाई करेंगे। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय का हाल के वर्षो में अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा हैं। प्रणय के साथ पुरुष एकल में आयुष शेट्टी भी होंगे, जो जून में यूएस ओपन सुपर 300 में जीत के साथ इस सीजन में 2025 बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर पर खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। किरण जॉर्ज भी मुख्य ड्रॉ में हैं, जबकि थारुण मन्नेपल्ली और मीराबा लुवांग मैसनम को क्वालीफायर से भिड़ना होगा।

# श्याम लाल कॉलेज ने जीता बिट्स पिलानी हॉकी टूर्नामेंट का खिताब



**पिलानी, वार्ता।** दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्याम लाल कॉलेज ने फाइनल में श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स को 5-0 से हराकर बिट्स पिलानी हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया।

राजस्थान स्थित बिट्स पिलानी के मैदान पर खेले गए फाइनल मुकाबले में श्याम लाल कॉलेज की ओर से नंदकिशोर ने 2 और प्रत्यूष सिंह जग्गी, अभिषेक

**फाइनल मुकाबले में नंद किशोर ने दो और प्रत्यूष, अभिषेक व हर्ष ने एक-एक गोल किए**

और हर्ष ने एक- एक गोल किए। इसी टूर्नामेंट में हार्ड लाइन मैच में हंसराज कॉलेज ने मेजबान बिट्स पिलानी को 6-5 से ट्राइब्रेकर में हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। निर्धारित समय में हंसराज कॉलेज और बिट्स पिलानी टीम के बीच मैच एक- एक गोल से बराबर रहा। हंसराज कॉलेज की तरफ से रविराज व बिट्स पिलानी की तरफ से अंकित ने एक-एक गोल किया। इसके बाद हुए ट्राइब्रेकर में हंसराज कॉलेज ने बिट्स पिलानी को 6-5 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। विजेता टीम श्याम लाल कॉलेज टीम को 25 हजार रूपये का तथा उपविजेता एससीओसी को दस हजार का ईनाम मिला।

## डिकॉक ने संन्यास का फैसला लिया वापस

**केप टाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक ने एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास लेने का अपना फैसले वापस ले लिया है और चयनकर्ताओं उन्हें पाकिस्तान दौरे के लिए एकदिवसीय और टी-20 टीमों में शामिल किया गया है। इसके साथ ही वह नामीबिया के साथ एकमात्र टी-20 मैच भी खेलेंगे। डी कॉक ने 2023 के एकदिवसीय विश्व कप के बाद 50 ओवर के क्रिकेट से संन्यास ले लिया था,और द. अफ्रीका के लिए उनका आखिरी सीमित ओवरों का मैच बारबाडोस में 2024 का टी-20 विश्व कप फाइनल था। हालांकि उन्होंने आधिकारिक तौर पर टी-20 से संन्यास नहीं लिया। इस बीच, वह हाल ही में समाप्त हुई सीपीएल सहित दुनिया भर की टी-20 लीगों में सक्रिय रहे हैं। वर्तमान मुख्य कोच ने डीकॉक के साथ चर्चा की है और कहा है कि उन्होंने फिर से राष्ट्रीय टीम के लिए प्रतिबद्धता जताई है।

# जीएडब्ल्यू को रोमांचक मुकाबले में हराकर टीकेआर ने जीता पांचवां सीपीएल खिताब

**खेले गए फाइनल मुकाबले में सौरव नेत्रवलकर और अकील ने शानदार गेंदबाजी की**

**प्रोविडेंस, वार्ता।** सौरभ नेत्रवलकर (तीन विकेट) और अकील होसेन (दो विकेट/16 रन) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत ट्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) ने गयाना अमेजन वॉरियर्स को तीन विकेट से हराकर सीपीएल का खिताब अपने नाम किया।

यह टीकेआर का पांचवां सीपीएल खिताब है। खेले गए फाइनल मुकाबले में टीके आर ने सौरभ नेत्रवलकर और अकील होसेन के शानदार गेंदबाजी के दम पर गयाना अमेजन वॉरियर्स को 130 रनों पर रोक दिया। 131 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीकेआर के लिए टीकेआर के लिए एलेक्स हेल्स (26), कॉलिन मुनरो (23), सुनील नारायण ने (22), कोरेन पोलार्ड ने 21 रनों का योगदान दिया। होसेन ने बल्लेबाजी के दौरान लक्ष्य का पीछा करते हुए आखिरी क्षणों में सात गेंदों पर नाबाद 16 रनों की तेज पारी खेलकर ट्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) को पांचवां सीपीएल खिताब दिलाया। होसेन उस समय बल्लेबाजी करने उतरे जब टीकेआर का स्कोर सात विकेट पर 116 रन था और उसे 22 गेंदों में 15 रन चाहिए थे और उन्होंने गुडाकेश मोटी की गेंदों पर पहले छक्का और फिर चौका लगाकर नाटकीय अंदाज में जीत का जश्न मनाया। टीकेआर ने 18 ओवर में सात विकेट पर 133 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया।

## टी-20 सीरीज: आदिल आलम व संदीप जोरा नेपाल टीम में शामिल

**काठमांडु, वार्ता।** नेपाल ने इस महीने के आखिरी में यूएई में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली ऐतिहासिक तीन मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए ऑलराउंडर मोहम्मद आदिल आलम और मध्यक्रम बल्लेबाज संदीप जोरा को टीम में शामिल किया है। यह नेपाल की किसी पूर्णकालिक सदस्य के खिलाफ पहली द्विपक्षीय श्रृंखला होगी।

आलम ने आखिरी बार अगस्त 2022 में और जोरा ने जून 2024 में नेपाल के लिए खेला था। रोहित पौडेल टीम की अगुवाई करेंगे और दीपेंद्र सिंह ऐरी उनके उप-कप्तान होंगे। गेंदबाजी आक्रमण लेग स्पिनर संदीप लामिछाने पर केंद्रित होगा। बाएं हाथ के स्पिनर ललित राजबंशी, जो पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया में हुई टॉप एंड टी-20 श्रृंखला से चूक गए थे, की भी टीम में वापसी हुई है।

# किदांबी श्रीकांत, नंदी हैदराबाद पिकलबॉल लीग में शामिल हुए

**श्रीकांत विश्व बैडमिंटन में भारत के उत्थान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है उनके नाम 12 से अधिक खिताब है**

**हैदराबाद, वार्ता।** भारत के बैडमिंटन स्टार और पूर्व पुरुष एकल विश्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत, नंदी चार्जर्स फ्रैंचाइजी में निवेशक और भागीदार के रूप में आधिकारिक तौर पर हैदराबाद पिकलबॉल लीग (एचपीएल) में शामिल हो गए हैं।

लीग अक्टूबर में हैदराबाद में अपनी शुरुआत करेगी। श्रीकांत विश्व बैडमिंटन में भारत के उत्थान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके नाम 12 से अधिक खिताब है। उनका अब नंदी चार्जर्स के साथ जुड़ना पिकलबॉल में भी उसी चैंपियन जैसी मानसिकता और प्रतिस्पर्धी भावना लाता है। किदांबी श्रीकांत ने कहा कि मैं हैदराबाद पिकलबॉल लीग का हिस्सा बनकर और नंदी चार्जर्स के साथ हाथ मिलाकर वाकई उत्साहित हूं। पिकलबॉल तेज-तर्रार, गतिशील है और इसमें भारत में प्रशंसकों से जुड़ने के लिए जरूरी हर चीज मौजूद है, यह देखने में आसान, रोमांचक और बेहद प्रतिस्पर्धी है। सबसे अधिक उत्साहित करने वाली बात यह है कि मुझे अपने खेल के अनुभव को एक नए क्षेत्र में लाने और इस लीग की प्रतिष्ठा बढ़ाने का मौका मिला है। इस सफर की शुरुआत में ही इसमें शामिल होना इसे और भी सार्थक बनाता है और मेरा मानना है कि नंदी चार्जर्स एक ऐसी टीम बनकर माहौल बना सकती है जो पूरे जोश और गर्व के साथ प्रतिस्पर्धा करती है। नंदी चार्जर्स के फ्रैंचाइजी मालिक ने कहा कि हमें नंदी चार्जर्स फैमिली में श्रीकांत का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है।

# पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय दल की ध्वजवाहक होगी प्रीति पाल

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की पैरा-एथलीट और पेरिस पैरालंपिक 2024 में दोहरा कांस्य पदक जीतने वाली प्रीति पाल को आगामी इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारतीय दल की आधिकारिक तौर पर ध्वजवाहक नियुक्त किया गया है। सेरेब्रल पाल्सी से जूझने से लेकर पैरा-एथलेटिक्स में देश के सबसे चमकते सितारों में से एक बनने तक का उनका सफर दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता का प्रतीक है। प्रीति ने अपनी अथक भावना और समर्पण से सभी बाधाओं को पार किया है। 100 मीटर में 14:21 सेकंड और 200 मीटर टी-35 स्प्रिंट श्रेणियों में 30:01 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ उन्होंने पेरिस में दो ऐतिहासिक कांस्य

**पैरा एथलेटिक्स में देश के सबसे चमकते सितारों में से एक बनने का प्रीति का सफर दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता का प्रतीक है**

पदक जीते। 27 सितम्बर से पांच अक्टूबर तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक आयोजन में देश के शीर्ष एथलीटों और वैश्विक सितारे प्रदर्शन करने उतरेंगे। अगली पीढ़ी के पैरा-एथलीटों के लिए प्रेरणाोत प्रीति ने कहा कि यह सफर कड़ी मेहनत और समर्पण का रहा है। जहां एक ओर विशेषज्ञ कोचिंग ने मुझे तकनीकी रूप से मार्गदर्शन दिया है, वहीं साई और टॉप्स का सहयोग मेरे लिए एक बड़ा बदलाव लेकर आया है, जिसने मुझे उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए आवश्यक




सुविधाए, उपकरण और वित्तीय सहायता प्रदान की है। मेरा दैनिक प्रशिक्षण गहन है और मैं अपने प्रदर्शन के हर पहलू को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करती हूं। यह क्षण न केवल मेरी यात्रा की पहचान है, बल्कि लचीलेपन और टीम वर्क का प्रमाण भी है। मेरा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना और भारत को और अधिक गौरव दिलाना है। मेरा हर कदम उन लोगों के लिए है जो मुझ पर विश्वास करते हैं और उन लोगों के लिए जो चुनौतियों के बावजूद सपने देखने का साहस रखते हैं।

## टीम को पिछली हारों पर ध्यान नहीं देकर, आगे बढ़ना होगा: उपेंद्र मलिक

**जयपुर, वार्ता।** यूपी योद्धा के सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने कहा है कि टीम को पिछली हार पर ध्यान न देते हुए आगे बढ़ने की जरूरत हैं।

यूपी योद्धा सोमवार को जयपुर के एसएमएस इंडोर स्टेडियम में तमिल थलाइवाज से मुकाबला करेंगे। यूपी योद्धा का अब तक का अभियान मुश्किल रहा है, उन्होंने अपने छह मैचों में केवल चार अंक ही जुटाए हैं। वे लगातार चार मैच हारे हैं और अगर उन्हें अपना सीजन जारी रखना है तो उन पर जल्द से जल्द स्थिति बदलने का दबाव है। सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने स्वीकार किया कि हालिया नतीजे टीम के लिए कठिन रहे हैं, लेकिन उन्होंने शि. विर के भीतर सकारात्मक माहौल बनाए रखने के महत्व पर बल दिया।

# एंटी करप्शन टीम ने पांच हजार की रिश्वत लेते क्लर्क को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शिक्षा के मंदिर को भी भ्रष्टाचारियों ने भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है, ऐसा ही एक मामला सामने आया है मुरादाबाद के बेसिक शिक्षा विभाग के वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय से, जहां पर एक क्लर्क को एंटी करप्शन की टीम ने रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन मुरादाबाद इकाई की टीम ने बेसिक शिक्षा विभाग के लेखाधिकारी कार्यालय से 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए लेखाकार देवीदीन कनौजिया को गिरफ्तार किया है।पीड़ित शिक्षक का आरोप है कि उसके 10 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर चयन वेतनमान निर्धारण को उसके वेतन में लगाने के नाम पर 5 हजार रुपये की रिश्वत की मांग आरा. पी लेखाकार के द्वारा की गई थी, जिस पर एंटी करप्शन की टीम ने लेखाकार को रंगे हाथों 5 हजार की रिश्वत लेते धर दबोचा। बताया जा रहा है कि ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के गांव सहसपुरी के रहने वाले शिक्षक सर्वराज सिंह पुत्र राजवीर सिंह ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन मुरादाबाद इकाई के कार्यालय में पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज



कराई थी, कि मुरादाबाद के कचहरी परिसर स्थित दांग स्कूल में स्थित बेसिक शिक्षा विभाग के वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय में तैनात लेखाकर देवीदीन कनौजिया ने चयनित वेतनमान को वेतन में लगाने के नाम पर उससे 5 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की। भ्रष्टाचार निवारण संगठन मुरादाबाद इकाई के नेतृत्व में टीम प्रभारी शैलेंद्र सिंह की अगुवाई में रिश्वतखोर लेखाकार को रंगे हाथों दबोचने के लिए जाल बिछाया गया और सोमवार को लेखाकार देवीदीन को एंटी करप्शन की टीम ने 5 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया।

## अवैध अस्पतालों से लाखों की उगाही का खुलासा नोडल अधिकारी पर भी लगे आरोप

**चन्दौसी।** 'बुरे कार्यों का परिणाम बुरा ही होता है'-यह कहावत यहां अवैध रूप से संचालित अस्पतालों पर बिल्कुल सटीक बैठती है। लंबे समय से फर्जी अस्पताल चलाकर उनसे प्रतिमाह लाखों रुपये की वसूली की जा रही थी। यह कोई मामूली उगाही नहीं, बल्कि एक संगठित रैकेट का हिस्सा थी, जिसने स्वास्थ्य सेवाओं की आड़ में बड़े पैमाने पर अवैध कमाई का जाल फैला रखा था। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई कार्यवाही में जब अवैध अस्पतालों की जांच हुई तो पूरे मामले का भंडाफोड़ हो गया। सामने आया कि इन अस्पतालों से हर महीने मोटी रकम वसूलकर अवैध तरीके से बंटवारा किया जाता था। अब दर्ज रिपोर्ट में नोडल अधिकारी डॉ. मनोज कुमार एवं उनके सहयोगी का नाम भी उजागर हुआ है। इससे प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है।

चर्चाएं तेज हैं कि आखिर इतने बड़े रैकेट में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। जनता की मांग है कि जिन व्यक्तियों के नाम उगाही में सामने आए हैं, उनकी संपत्तियों की भी गहन जांच की जानी चाहिए, ताकि पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश हो सके और दोषियों को कठोर दंड मिल सके।

# गोकशी के वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा सलाखों के पीछे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना पाकबड़ा पुलिस ने गौकशी की वारदात में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध हथियार व सामान भी बरामद किए हैं।थाना पाकबड़ा क्षेत्र के अंतर्गत उमरी गांव के जंगल में 2 सितम्बर की रात गौकशी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस मामले में पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। मामले में कई आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज हुई थी, जिनमें से एक आरोपी लंबे समय से पुलिस की पकड़ से दूर चल रहा था।एसएचओ पाकबड़ा ने बताया कि सोमवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश दी और आरोपी जकी पुत्र शौकत निवासी मोहल्ला कुरैशियान थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक छुरी, एक दांव, एक सूजा, दो रस्सियां समेत अन्य सामान बरामद हुआ है, जिनका उपयोग गौकशी में किया



गया था। पुलिस ने बरामद सामान को कब्जे में लेते हुए आरोपी को थाने लाकर पूछताछ की।पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी जकी गौकशी की घटना में प्रत्यक्ष रूप से शामिल था और तभी से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। सोमवार को उसकी लोकेशन मिलने पर घेराबंदी कर दबोचा गया। आरोपी को आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि इस मामले में शामिल अन्य आरो. पियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।ग्रामीणों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए उम्मीद जताई है कि सख्त कदम से इलाके में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगेगी।

## एक नजर

### उत्तर रेलवे स्काउट्स एवं गाइड्स ने बेस्ट मटेरियल से बनाए सुंदर आइटम



**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत मुरादाबाद रेलवे मंडल में स्टेशन परिसर और कैंटीनों, फूड स्टॉलों व प्लाजा की पर साफ सफाई अभियान संचालित किया गया।वहीं उत्तर रेलवे स्काउट्स एवं गाइड्स ,मुरादाबाद मंडल द्वारा अनुपयोगी सामान ,रीड्यूस, रीयूज, रीसायकल से अनेक उपयोगी सुन्दर सामान बनाया गया।स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा-2025 अभियान के अंतर्गत सोमवार को मंडल के स्टेशनों पर स्थित सभी कैंटीनों, फूड स्टॉलों व प्लाजा एवं किचन में साफ सफाई अभियान चलाया गया।साथ ही सभी पैक खानपान सामग्री की वैधता तिथि एवं निर्धारित मूल्य पर विक्रय करने एवं स्वच्छ परिवेश में रखकर ही विक्रय के लिए जागरूक भी किया गया। खानपान के खुले सामान को भी स्वच्छ परिवेश में बनाने एवं विक्रय करने के लिए जागरूक किया गया। स्टालों एवं कैंटीन व कैंटीन रसोई में व्यापक रूप से साफ सफाई अभियान संचालित करते हुए सभी को जागरूक किया गया। वहीं उत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ,मुरादाबाद मंडल द्वारा अनुपयोगी सामान, रीड्यूस, रीयूज, रीसायकल वस्तुओं से अनेक सुन्दर उपयोगी सामान को बनाया गया

### महाराजा अग्रसेन जयंती पर वैश्य एकता मंच ने किया सम्मान समारोह

**चन्दौसी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर वैश्य एकता मंच चंदौसी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ अग्रसेन महाराज की प्रतिमा व मां सरस्वती की प्रतिमा पर सुशील कुमार लच्छी बाबू के द्वारा दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित करके किया गया। तत्पश्चात समाजसेवा और सहयोग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अग्रसेन बंधुओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंच के संरक्षक मौसम गुप्ता, अंकुर अग्रवाल, अंकित जैन, अर्चित अग्रवाल लच्छी, सौम्य अग्रवाल, विकास बूंन, रोहित गुप्ता, एड. प्रवीण गुप्ता, इशांक गोयल, आकाश वार्ष्णेय, तुषार क्रिस्टल, दीपेश वार्ष्णेय, विपिन वार्ष्णेय बालाजी, डॉ. दिशांत गुप्ता, सुमित वार्ष्णेय, गोपाल वार्ष्णेय, प्रथम वार्ष्णेय, मोहित बंसल, तुषार अग्रवाल, हर्षित, वत्सल वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### विवेक मिश्रा की माताजी राजकुमारी मिश्रा के निधन पर शोकसभा आयोजित

**चन्दौसी।** ब्राह्मण शक्ति संघ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा के निवास पर उनकी माताजी राजकुमारी मिश्रा के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा, कांग्रेस, विश्व हिन्दू परिषद्, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, संस्कार भारती सहित विभिन्न सामाजिक और राजनैतिक संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिवार के प्रति सांत्वना व्यक्त की।

### जायंट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर व वूमेन प्राइड ने किया गो सेवा का आयोजन

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर एवं वूमेन प्राइड द्वारा सोमवारको रामबाग रोड स्थित श्यामा-श्यामा गौशाला में गौसेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। गौ सेवा का मुख्य उद्देश्य समाज में पशुओं के प्रति संरक्षण और उनकी उपयोगिता का संदेश फैलाना रहा। दोनों ग्रुप की अध्यक्ष शुभा कागजी और अलका मंगल ने विचार रखते हुए कहा कि पशु संरक्षण से न केवल पर्यावरण संत. ुलन बना रहता है, बल्कि समाज में करुणा, सेवा और सहयोग की भावना भी प्रबल होती है। उन्होंने कहा कि गौ माता हमारी संस्कृति और जीवन का अभिन्न अंग हैं, इसलिए हमारी जिम्मेदारी है कि उनकी सेवा करते रहें। इस दौरान मानसी, नीतू, काव्या, मुस्कान, मोनिका, नवनी, निधि, प्रज्ञा, स्माइली, प्रियंका रस्तोगी, सोनम अग्रवाल, वर्षा आदि का सहयोग रहा।

### गणेश पूजन के साथ फीता काटकर किया रामलीला मंचन का शुभारंभ



**सुरजननगर।** सुरजन नगर में झंडा चौक पर दशहरा पर्व पर होने वाले रामलीला मंचन के शुभारंभ से पहले पंडित टेकचंद शर्मा ने विधि विधानसे पूजन कराया। पूजनके बाद भाजपा नेता अजय प्रताप सिंह व ब्लॉक प्रमुख पति वीर सिंह ने फीताकाटकर व भगवान गणेश का तिलक कर रामलीला मंचनका शुभारंभ किया। इस अवसर पर अजय प्रताप सिंह ने कहा आप रामलीला को मनोरंजना साधन न समझे, रामलीला मचन अधर्म पर पर धर्म की विजय का मंचन है। आप रामलीला मंचन से शिक्षा लेकर राम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारेऔर माता-पिता की सेवा करें।

उनकीआज्ञा का पालन करें। ग्राम प्रधान वीर सिंह ने रामलीला मंचनके समय सभी से शांति ववस्था बनाए रखने कीअपील की। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के समस्त सदस्य उपस्थित थे।

### किसानों ने विधायक रामवीर सिंह से की पुलिया तुड़वाने की मांग

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स, ब्यूरो )।** किसानों ने विधायक रामवीर सिंह को प्रार्थना पत्र देकर NH 9 पर स्थित एक पुलिया को तुड़वाने की मांग की है। यह पुलिया रिलायंस पेट्रोल पंप मूँढापाण्डे के सामने मुरादाबाद की तरफ से रामपुर जाने वाले मार्ग पर बनी हुई है। पुलिया पर दीवार का निर्माण होने से चक मार्ग अत्यंत तंग हो गया है, जिससे सैकड़ों किसानों को अपने खेतों तक आने-जाने में समस्या हो रही है। पुलिया पर दीवार बनी होने से चक मार्ग तंग हो गया है। किसानों को अपने खेतों तक आने-जाने में अत्यधिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। फसल के पालन-पोषण में भी समस्या बनी हुई है। ट्रैक्टर-ट्राली से मार्ग छोटा होने के कारण किसान अपने खेतों पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। किसानों ने विधायक रामवीर सिंह से पुलिया को तुड़वाने की मांग की है। लगभग ढाई मीटर बनी पुलिया को तोड़ने से किसानों की समस्या का समाधान हो सकता है। ज्ञापन देने वालों में किसान गजेंद्र सिंह एडवोकेट, रविंद्र पाल सिंह एडवोकेट और राकेश कुमार आदि मौजूद रहे। 15 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है।किसानों को उम्मीद है कि विधायक रामवीर सिंह उनकी मांग पर ध्यान देंगे और समस्या का समाधान करेंगे।

## जायन्टस ग्रुप ने गोशाला में किया सेवा कार्य



**चन्दौसी।** जायन्टस सेवा सप्ताह के पांचवें दिन जायन्टस ग्रुप चंदौसी वेस्ट के तत्वाधान में सम्भल गेट स्थित श्रीसनातन धर्म गौशाला में गौ सेवा की गई जहां गौमाता को दलिया एवं सैंदा नमक खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। गौ सेवा के लिए डॉ सलिल दीक्षित, सुनील अग्रवाल, विवेक चौधरी नरेंद्र बंसल, भुवनेश वार्ष्णेय, अनिल कागजी, डॉ बी.एम. गौर, मनोज गुप्ता, संजय अग्रवाल, मुनीश जिंदल, अजयकांत नागर, कृष्ण औतार गुप्ता, विष्णु ऐरन, विष्णु शंकर अग्रवाल, संतोष वार्ष्णेय का सहयोग रहा। इस अवसर पर डॉ गिरिराज किशोर, मुनीश जिंदल, अजयकांत नागर, नरेन्द्र बंसल, पी.सी. राय, अनुराग भार्गव, संजय गोयल, मोहित वार्ष्णेय, संजीव गुप्ता, डॉ नीलकमल अग्रवाल, सीमा चौधरी, प्रतिभा जिंदल, रितु गोयल, कविता बच्चन, नीरा ऐरन, संगीता गुप्ता, योजना गुप्ता, नेहा बंसल, अंशु नागर, रेखा गुप्ता, नीलम राय आदि मौजूद रहे।

# सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल में बताएं बच्चों को मोबाइल फोन के इस्तेमाल के नुकसान

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** सेंट पॉल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल कांठ में छात्रों को मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया।

शिक्षिका शिवानी विश्नोई ने छात्र छात्राओं को मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से होने वाले नुकसान के विषय में बताया कहा कि मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से बच्चों की आंखों पर बुरा असर पड़ सकता है, जिससे दृष्टि संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा, मोबाइल फोन के उपयोग से बच्चों की गर्दन और पीठ में दर्द हो सकता है। मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से बच्चों में




तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याएं हो सकती हैं। बच्चों का ध्यान भटक सकता है और उनकी एकाग्रता कम हो सकती है। मोबा. इल फोन के अत्यधिक उपयोग से बच्चों के बीच सामाजिक संपर्क कम हो सकता है, जिससे उनके सामाजिक कौशल पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसके अत्यधिक उपयोग से बच्चों की नींद पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

जिससे उनकी सेहत और प्रदर्शन पर प्रभाव पड़ सकता है। फोन के उपयोग से बच्चे साइबर बुलिंग का शिकार हो सकते हैं, जिससे उनके मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। माता-पिता को बच्चों के मोबाइल फोन उपयोग पर नजर रखनी चाहिए और उन्हें इसके सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के बारे में सिखाना चाहिए। इस अवसर पर समस्त शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

## कैथल हत्याकांड का मुख्य आरोपी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** कैथल निवासी दसवीं के छात्र सुमित की 25 अगस्त को तीन लोगों ने मिलकर धारदार हथियार से बेरहमी से हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी गांव में ही मौजूद रहा ताकि किसी को शक न हो। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर एसपी सम्भल और सीओ अनुज कुमार चौधरी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बात. चीत की और मृतक के परिजनों को सांत्वना दी। जांच में खुलासा हुआ कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा था। सुमित को पहले समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन जब वह नहीं माना तो आरोपी सनोज ने 25 अगस्त की रात उसे कब्रिस्तान के पास बुलाया और दो सहयोगियों के साथ मिलकर धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार, सनोज पहले से ही आपराधिक प्रवृत्ति का है और उसके खिलाफ कई अभियोग दर्ज हैं। पुलिस ने एक अभियुक्त और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपी सनोज अभी भी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में है।

## अपंजीकृत क्लीनिक सील, चिकित्सक फरार



**चन्दौसी।** तहसील क्षेत्र के गांव रीठ में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग, तहसील प्रशासन एवं पुलिस संयुक्त टीम द्वारा एक अपंजीकृत क्लीनिक पर छापा मारा। टीम को देखते ही चिकित्सक फरार हो गया। अस्पताल के अंदर मरीजों को भर्ती करने के लिए बनाए गए बेड तथा ओपीडी आदि पाई गई। डिप्टी सीएमओ डॉ विश्वास अग्रवाल के नेतृत्व में टीम द्वारा अस्पताल का गेट बंद कर सील कर दिया गया। सम्भल जिले में अपंजीकृत अस्पतालों के खिलाफ चल रहे अभियान में लगातार कार्यवाही संयुक्त टीम द्वारा की जा रही है। अगस्त 2024 में रीठ स्थित अपंजीकृत चिकित्सक सीलू का क्लीनिक नोडल अधिकारी द्वारा सील कर मुकदमा दर्ज कराया गया था। कुछ दिन बाद फिर से उसी स्थान पर अस्पताल का संचालन शुरू कर दिया था। कार्यवाही के बाद दोबारा से अस्पताल संचालन की सूचना पर संयुक्त टीम द्वारा अस्पताल संचालित पाये जाने पर सील कर दिया गया। संयुक्त टीम में डिप्टी सीएमओ डा. विश्वास अग्रवाल, नायब तहसीलदार सतेन्द्र सिंह, लेखपाल संजीव कुमार, चौकी इंचार्ज बिजेंद्र सिंह आदि शामिल रहे। डिप्टी सीएमओ डा. विश्वास अग्रवाल ने बताया कि रीठ में एक अपंजीकृत चिकित्सक सीलू द्वारा अवैध रूप से क्लीनिक संचालित पाया गया। चिकित्सक भाग गया है। अस्पताल में उसके खिलाफ एबीडेंस मिले हैं। अस्पताल सील कर दिया गया मुकदमा भी दर्ज कराया जायेगा।

# प्रथम नवरात्र पर भक्तों ने की मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** सोमवार से शारदीय नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ प्रथम नवरात्र के साथ हुआ। नगर के विभिन्न मंदिरों एवं देवी स्थलों पर भक्तों ने मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना कर विधिविधान से नवरात्र व्रत की शुरुआत की। शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी ने मंदिर पहुंचकर माता रानी के दर्शन किए। तथा सुबह से ही श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचकर माता रानी के दर्शन करने के लिए कतारों में खड़े दिखे। मंदिरों में मां दुर्गा के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने माता को चुनरी, नारियल, फूल-मालाएं और श्रृंगार सामग्री अर्पित की। इस अवसर पर पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना एवं घटस्थापना कराई। श्रद्धालुओं ने पूरे मनोयोग से देवी की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि और देश में शांति की कामना की। नगर के सीतारोड स्थित बगिया वाली देवी मंदिर, रायसत्ती मंदिर, मौलागढ़ स्थित काली माता मंदिर, रामबाग धाम स्थित सिद्धिदात्री मंदिर आदि को भव्य तरीके से




सजाया गया। जगह-जगह मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना भी की गई है। शाम को देवी जागरण और भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें भक्तगणों ने माता के भजनों पर झूमकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। महिलाओं और युवतियों ने व्रत रखकर मां की पूजा की और अखंड ज्योति प्रज्वलित कर नौ दिनों के पर्व का प्रारंभ किया। प्रथम नवरात्र को लेकर प्रशासन ने भी मंदिरों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नवरात्र का यह पर्व 30 सितंबर तक चलेगा और प्रतिदिन अलग-अलग स्वरूपों में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की जाएगी। भक्तजन उत्साह और भक्ति भाव के साथ मां के नौ रूपों की साधना में लीन रहेंगे।

## टीईटी के विरोध में अध्यापकों ने हाथ पर काली पट्टी बांधकर जताया विरोध




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ और अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय के आह्वान पर सुप्रीम कोर्ट के 1 सितंबर 2025 के निर्णय जिसमे देश के सभी प्राथमिक विद्यालयों के सेवारत शिक्षकों को टीईटी पास करने के लिए आदेश दिया गया है टीईटी की बाध्यता को समाप्त करने के साथ ही भारत सरकार के द्वारा एनसीटीई 2017 की नियमावली में संशोधन किये जाने हेतु संघर्ष कार्यक्रम के अंतर्गत किये जा रहे विरोध प्रदर्शनों के तृतीय चरण में 22 सितंबर से 15 अक्टूबर तक प्रतिदिन शिक्षक,शिक्षिकाओं द्वारा काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किये जाने के निर्देश दिये गए हैं द्य जिसमे छजलेट ब्लॉक के शिक्षकों द्वारा काली पट्टी बांधकर आज प्रथम दिन शिक्षण कार्य करते हुए विरोध दर्ज कराया गया । वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष छजलेट वीरेंद्र चौधरी ने बताया कि काली पट्टी बांधकर विरोध करने के साथ ही 22 सितंबर से 15 अक्टूबर तक समस्त विकास खण्डों में एवं जनपद मुख्यालय पर हस्ताक्षर अभियान चलाकर हस्ताक्षर अभियान की कापी सर्वोच्च न्यायालय न्यायाधीश, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री को ईमेल के माध्यम से प्रेषित किया जाएगा। मुख्यमंत्री एवं बेसिक शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को भी प्रतिलिपि प्रेषित की जाएगी ।भारत सरकार द्वारा एनसीटीई 2017 नियमावली में संशोधन करने तक संघर्ष जारी रहेगा।

# साइबर अपराध सुरक्षा को लेकर पुलिस ने किया छात्र-छात्राओं को जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ में साइबर अपराध से बचाव हेतु एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कांठ थाने से एम एस टी टीम 11 के सदस्य चौकी इंचार्ज एस आई सुमित कुमार ,एस आई उमेश चंद्र मिश्रा,एस आई कमलदीप, एस आई प्रीति सिंह, एस आई सोनम ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि साइबर अपराध में किसी कंप्यूटर, मोबाइल, डिवाइस या नेटवर्क का उपयोग करके अपराध या अपराधिक गतिविधियां की जाती हैं।

जैसे हैकिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी, डेटा चोरी या पहचान की चोरी ऑनलाइन माध्यम से किसी को परेशान करना या धमकाना भी साइबर अपराध के अंतर्गत आता है। साइबर अपराध से बचने के लिए मजबूत पासवर्ड का उपयोग करना अज्ञात स्रोतों से ईमेल या फाइलों पर क्लिक करने से



बचना और अपने सॉफ्टवेयर को अपडेट रखना महत्वपूर्ण है इसी के साथ-साथ हम सबको सोशल मीडिया से दूरी बनानी होगी आजकल का युवा वर्ग सोशल मीडिया फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि पर अपना समय बर्बाद कर रहा है और साइबर अपराध को बढ़ावा दे रहा है।

यदि आपके साथ साइबर अपराध होता है तो आप राष्ट्रीय साइबर अपराध रिर्पोटिंग पोर्टल पर या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह, अतवीर सिंह त्यागी, रजत बिश्नोई निशिक. ांत पाठक, कांठ थाने से एस आई सुमित कुमार, उमेश चंद्र मिश्रा,कमलदीप, प्रीती सिंह, सोनम मय तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## पीपली में बाल्मीकि समाज के लोगों के बाल न काटने पर गुस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव पीपली के बाल्मीकि समाज के लोगों द्वारा गौ रक्षा हिंदू दल के जिला अध्यक्ष तेजभान सिंह राघव के नेतृत्व में कोतवाली प्रभारी बिलारी उदय प्रताप को आपबीती सुनाई। जिसमें कहा गया कि पिछले कई वर्षों से मुस्लिम नाई समाज के लोग हमारे वाल्मीकि समाज और हमारे बच्चों के बाल नहीं काटते, जिससे हमें दूर बाल और शेविंग कराने जाना होता हैं। जिस पर कहा कि समाज के लोगों में इस बात को लेकर काफी गुस्से का माहौल है।

कोतवाल बिलारी उदय प्रताप द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए सम्बन्धित चौकी इंचार्ज को मय पुलिस के भेजा और जाकर वहां जानकारी लेकर कार्यवाही करने की बात की गई। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नाई द्वारा आनाकानी करने पर समझाया और मौके पर ही बाल्मीकि समाज के लोगों की कटिंग और शेविंग कराई और भविष्य में किसी भी प्रकार का भेदभाव करने पर सख्त कार्यवाही की बात कही। बाल्मीकि समाज की कटिंग के बाद लोगों में उम्मीद की किरण जागी और कोतवाली प्रभारी व बिलारी पुलिस के कार्य से बाल्मीकि समाज संतुष्ट दिखा और धन्यवाद दिया।



# पीएम का खुला पत्र

सोमवार को अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू होने के साथ ही पूरे देश में जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हो गई। रविवार को अपने राष्ट्र संबोधन के बाद पीएम मोदी ने सोमवार को इस संबंध में देशवासियों के नाम एक खुला पत्र भी जारी किया। जिसमें 22 सितम्बर से अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू होने के साथ ही पूरे देश में जीएसटी बचत उत्सव की बात कही गई थी। निश्चित रूप से सरकार का यह एक अच्छा कदम ही कहा जाएगा। इससे महिला, युवा, गरीब, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग सभी को लाभ होगा। इस फायदे का इशारा पीएम मोदी के खुले पत्र में भी स्पष्ट रूप से बताया गया है। अब रोजमर्रा की जरूरी चीजें जैसे खाना, दवाई, साबुन आदि सामान अब 5 फीसदी की दर से मिलेंगे। बाकी सामानों पर भी टैक्स दरों में कमी की बात पत्र के माध्यम से देशवासियों से कही गई है। उन्होंने उन दुकानदारों की प्रशंसा की, जिन्होंने अपने यहां पहले और अब के बोर्ड इस तरह लगाए हैं, जिसमें लोगों को बताया जा सके कि कोई सामान कितना सस्ता हो गया है। पत्र में 11 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की बात भी कही गई है। पीएम मोदी कुछ समय से स्वदेशी सामान पर अधिक जोर दे रहे हैं। विपक्ष हालांकि अभी भी उनसे नाखुश दिखाई दे रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तो कह भी दिया कि आठ साल जनता को लूटने के बाद अब उसको थोड़ी राहत प्रदान की गई है। विपक्ष का यह भी कहना है कि वह काफी लंबे समय से जीएसटी को लेकर आवाज उठा रहे थे, क्योंकि जो दरें पहले निश्चित की गई थीं उससे सरकार का खजाना तो भर रहा था, लेकिन जनता की जेब खाली हो रही थी। यह बात सरकार भी अप्रत्यक्ष रूप से ही सही मानती दिखाई भी दे रही है, क्योंकि पीएम मोदी स्वयं कह रहे हैं कि नए जीएसटी सुधार से आम आदमी को लाभ होगा। उनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी, क्योंकि इससे जो बचत होगी उससे उनकी आर्थिक मजबूती में बढ़ोतरी होगी। इसलिए इसको उन्होंने बचत उत्सव का नाम भी दिया है। निश्चित रूप से सरकार की तरफ से यह देशवासियों के लिए एक बड़ा तोहफा ही कहा जाएगा। यह भी देखना दिलचस्प है कि अभी तक सरकार की तरफ से ही इस फैसले को लेकर अधिक गंभीरता दिखाई जा रही है और पूरा सरकारी अमला इसे सरकार की बड़ी उपलब्धि बताकर माहौल को अपने पक्ष में करता दिखाई दे रहा है। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने भी सोमवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा है कि मोदी सरकार का नवरात्र के शुभ अवसर पर देश की सभी माताओं बहनों को जीएसटी सुधारों का उपहार। उन्होंने इसके लिए पीएम मोदी की तारीफ भी की। केंद्रीय वित्तमंत्री सीतारमण भी नई दिल्ली में एक स्टेशनरी की दुकान पर गईं ताकि वह देख सकें कि दुकानदार इसका ठीक से पालन कर रहे हैं या नहीं। निश्चित रूप से पक्ष विपक्ष के दावे आरोप प्रत्यारोप के चलते ही रहते हैं, लेकिन इस समय तो यही कहा जा सकता है कि समय की नजाकत को देखते हुए सरकार ने यह एक सराहनीय कदम उठाया है। अब जरूरत इस बात की है यह सुनिश्चित किया जाए कि लोगों को सीधे लाभ पहुंचे।

## पीओके के लोग आजादी की मांग कर रहे



पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओ.के) भारत में बिना किसी लड़ाई या हमले के अपने आप मिल जाएगा, पीओके के लोग खुद आजादी की मांग कर रहे हैं और एक दिन वे कहेंगे कि मैं भी भारत हूं, 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के अगले ही दिन सीडीएस, तीनों सेनाध्यक्षों और रक्षा सचिव के साथ बैठक में उन्होंने पूछा था कि अगर सरकार आदेश दे, तो क्या सेना तैयार है, उन्होंने बिना एक पल गंवाए कहा कि बिल्कुल तैयार हैं, इसके बाद पीएम मोदी ने हमें पूरी छूट दी और आपने नतीजा देखा कि सीमा पर नहीं, बल्कि 100 किमी अंदर जाकर आतंकी ठिकाने तबाह किए गए, भारत ने आतंकियों को उनके धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि उनके कर्म (अपराध) देखकर मार गिराया, आतंकी हमारे लोगों को धर्म पूछकर मारते हैं, पर भारत ने उनका धर्म नहीं देखा, सिर्फ बुरे काम देखकर जवाब दिया है।

**राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

# करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है मां शाकुम्भरी सिद्ध पीठ

## सहारनपुर में 42 किमी. उत्तर निर्जन वन में है प्रागैतिहासिक मंदिर

सहारनपुर से 42 किलो मीटर उत्तर निर्जन वन क्षेत्र में शाकुम्भरी देवी का प्रागैतिहासिक धार्मिक मंदिर है। लोगों का मत है कि मां शाकुम्भरी देवी असोज (अश्विन) शुदी चौदस को अवश्य अपने मंदिर में आती हैं। इसी कारण यहां असोज शुदी चौदस को मेला लगता है। इस पीठ में दूर-दूर से लाखों श्रद्धालु आते हैं और शाकुम्भरी देवी के दर्शन कर सोने व चांदी के छत्र चढ़ाते हैं। शाकुम्भरी देवी का उल्लेख संस्कृत के अनेक ग्रन्थों में मिलता है। इनमें महाभारत, देवी भागवत, मार्कण्डेयपुरा, पद्पुराण आदि का नाम लिया जा सकता है। सहारनपुर जनपद के गजेटियर में भी शाकुम्भरी देवी तथा उसके मंदिर का उल्लेख मिलता है। महाभारत में वन पर्व का उल्लेख मिलता है।

यह देवी तीनों लोको में शाकुम्भरी नाम से विख्यात है। उत्तम व्रत का पालन करने वाली उस देवी ने एक हजार दिव्य वर्षों तक एक-एक महीने पर केवल शाक का आहार किया था। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर अहुत से तपोधन ऋषि यहां आये तो उस देवी ने उन महर्षियों का आतिथ्य सत्कार भी शाक के द्वारा ही किया। महाभारत के अतिरिक्त कई पुराणों में भी शाकुम्भरी को उल्लेख मिलता है। तक मै पृथ्वी में शाकुम्भरी नाम से प्रसिद्धि प्राप्त करूंगी और वहीं पर दुर्गम नामक राक्षस का वध करूंगी। सन् 1921 ई. में प्रकाशित सहारनपुर गजेटियर के पृष्ठ 225 पर उल्लेख मिलता है। लगभग 2400 वर्ष पूर्व प्रवास काल में सम्राट चन्द्रगुप्त यहां (बेहट)ठहरता था और यहीं से शाकुम्भरी देवी के दर्शनों को जाता था। इसी प्रसंग का एक प्रकरण डा. सत्यकेतु विद्यालंकार द्वारा लिखित आचार्य चाणक्य नामक उपन्यास में इस प्रकार दिया गया है। शिवा. लिक पहाड़ियों में स्थित यह मंदिर उस समय बड़ा पवित्र माना जाता था और भगवती शाकुम्भरी के दर्शन के लिये लाखों श्रद्धालु प्रति वर्ष यहां आया करते थे। इस मंदिर के चारों और घनघोर जंगल था और दिन में समय वहां जाना भय से खाली नहीं समझा जाता था। यहीं कारण है कि शाकुम्भरी के यात्री 'बृहद्हटट्' नामक नगर में ठहरकर दिन के समय टोली बनाकर दर्शन को जाते थे। बृहद्टट् नगरी शाकुम्भरी देवी के मंदिर से डेढ़ योजन पर उस राजमार्ग पर स्थित थी, जो कुरुक्षेत्र से उत्तर के पार्वत्य नगरों के साथ व्यापार हेतु इस मार्ग का उपयोग था और बृहद्हटट् इस व्यापार का महत्वपूर्ण स्थान था। श्री मंदिर के गर्भ में मां शाकुम्भरी देवी के दाहिने ओर छोटी सी मूर्ति बालगणपति की है। दाहिने भीमा भ्रामरी की मूतियां है, बाये शताक्षी देवी



की मूर्ति है। प्रमुख मंदिर के बाहर आंगन में शिव, हनुमान, काली एवं भैरव आदि की मूर्तियां है। मंदिर के सामने ही स्वच्छ जल की प्राकृतिक धारा बहती है, इसके दूसरी ओर विशाल 'वीर क्षेत्र' का मैदान है। पास ही पहाड़ पर माता छिन्नमस्ता देवी का मंदिर है। मंदिर से एक मील पहले भूरादेव का एक छोटा सा मंदिर है। इसे भगवती का पहरेदार भी कहते हैं। कहते हैं कि देवी का यह मंदिर बहुत ही भव्य था। इसके आसपास कोई निर्माण नहीं था केवल अश्विनी मास की चतुर्दशी को ही यहां छोटा सा मेला लगता था। दर्शनार्थी रात्रि में यहां ठहरना नहीं चाहते थे क्योंकि यह घाटी हिंसक पशुओं से भी थी। तीर्थ यात्री बेहट में ही डेरा डालते थे। वहां से प्रात: ही बैलगाड़ियों में यहां दर्शन करने आते थे और रात होते-होते बेहट लौट जाया करते थे। 7-8 किलो मीटर ऊपर सहस्रा ठाकुर जी का प्राचीन मंदिर है। श्रद्धालु तब इसी मंदिर को अधिक महत्व देते थे। इस क्षेत्र की सम्पूर्ण परिक्रमा 1-2 मील की थी, जिसमें शाकुम्भरी देवी, सहस्रा ठाकुर शाकेश्वर महादेव, रक्त दंतिका, छिन्न मस्तिका आदि पूजनीय स्थान थे। प्रथम दर्शन भूरे देव का माना जाता था। अन्यथा यात्रा अधूरी मानी जाती थी। अब परिस्थितियां अत्यन्त बदल चुकी है। आज मां शाकुम्भरी देवी की मान्यता न केवल भारत वरन् विश्व स्तर की हो चुकी है। प्रतिदिन यात्रियों तथा दर्शनार्थियों का ताता लगा रहता है। रविवार अष्टमी तथा चतुर्दशी को तो छोटे मेले जैसा दृश्य देखने को मिलता है। समृद्ध परिवारों के तीर्थ यात्री तो अब अपने-अपने निजी वाहनों से आते हैं और दर्शन कर भण्डारा देकर सांयकाल वापस चले जाते है। वैसे सहारनपुर से बसें भी मंदिर द्वार तक जाती आती है। मंदिर के समीप ऊपर भी आश्रम है जहां नि:शुल्क आवास तथा भोजन की सुविधा उपलब्ध है। विशाल यज्ञ शाला में सहस्र चण्डी यज्ञ होते रहते हैं। सामने तथा नीचे खोल में कई धर्मशालाएं, रैन बसेरा तथा अग्रवाल धर्मशाला, श्री शंकराचार्याश्रम आदि है अर्थात ठहरने की अच्छी व्यवस्था है। इसके लिए मंदिर के व्यवस्थापक राणा आदित्य प्रताप सिंह मंदिर परिक्षेत्र में अच्छा इंतजाम रखते हैं। सहस्रा खोले में मंदिर में पास भोजन जलपान तथा प्रसाद आदि की अस्थायी दुकाने हैं। दुकानों में भी यात्रियों को ठहराने की व्यवस्था रहती है। वर्षाकाल में बरसाती नदी में जल भर जाने के कारण भूरादेव से मंदिर श्री शाकुम्भरी देवी तक मार्ग प्राय: अवरुद्ध हो जाता है और तीर्थ यात्रियों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। वाहन तथा सामान ओर कभी-कभी यात्री भी पानी में बह जाते हैं। भूरादेव से भवन तक का एक मील का यह टुकड़ा अभी तक नहीं बन पाया है। कई बार मंत्रियों, वन विभाग तथा जिला पंचायत द्वारा घोषनाएं हुई किन्तु यह कार्य सम्पन्न नहीं हुआ। जब तक नदी पर दो पुल नहीं बनते और ऊपर पहाड़ी मार्ग नहीं बन जाता तक तक मंदिर तथा आसपास के सौन्दर्यीकरण का प्रश्न ही नहीं उठता। यह गुरूतर कार्य प्रदेश तथा केन्द्रीय सरकार ही करा सकती है। माता वैष्णवी देवी की तर्ज पर इस मंदिर का विकास भी किया जा सकता है अन्यथा तीर्थ यात्रियों की कठिनाइयां जस की तस ही बनी रहेगी। इस बार भरने वाला शाकुम्भरी मेला आज 22 सितम्बर से 2025 से शुरू हो गया है। मेले की सभी व्यवस्था जिला पंचायत करती है। जबकि जिले का पुलिस व प्रशासन भी अपनी व्यवस्था बनाए रखने में कोई कमी नहीं छोड़ता। लगभग दस दिनों तक चलने वाले इस मेले में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा हुआ है। आजकल चतुर्थ नवरात्र पर्व पर सिद्धपीठ श्री मां शाकुम्भरी देवी मंदिर पर श्रद्धालुओं का सैलाब सा उमड़ा हुआ है।



जिया अब्बास ज़ैदी
वरिष्ठ पत्रकार
मोबाइल नंबर-9837776610,
ई-मेल- ziaabbaszaidist@gmail.com

# बच्चों का हास-परिहास और उनका विकास

**यह है कि छोटे बच्चे अक्सर कहे जाने पर मजाक नहीं करते और शोधकर्ताओं के सामने शर्माते भी हैं। कभी-कभी उनका हास्य समझना भी मुश्किल होता है। फिर, कुछ विद्वान हास्य को हल्का-फुल्का विषय मानते हैं और शोध के लायक नहीं समझते। लेकिन हाल के अध्ययनों ने इस सोच को बदला है। एलेना होइका जैसे मनोवैज्ञानिकों ने बच्चों के हास्य के विकास को बारीकी से ट्रैक किया और दिखाया कि यह उनके मानसिक विकास से जुड़ा है। यानी यह केवल हंसी-मजाक नहीं है, बल्कि बच्चों के विकास में गंभीर और अहम भूमिका निभाता है। बहरहाल, हास्य का महत्व सिर्फ बचपन के विकास या सामाजिक रिश्तों तक सीमित नहीं है। इसकी असली ताकत यह है कि यह हमें इंसान बनाता है।**

हास्य-विनोद इंसानी व्यक्तित्व का बहुत पुराना और रोचक पहलू है। बच्चे पूरे वाक्य बोलने या किताब पढ़ने से पहले ही हंसी-मजाक और शरारतें करने लगते हैं। यह उनके विकास, दूसरों से जुड़ाव और बुद्धिमत्ता से जुड़ा होता है।

शोध बताता है कि बच्चे जन्म के कुछ ही महीनों बाद मुस्कराने और थोड़े समय बाद हंसने लगते है। शुरू में वे सरल खेलों से मजा लेते हैंय जैसे आंख-मिचौली, गुदगुदी या टेढ़े-मेढ़े चेहरे बनाना। फिर वे अजीब जगहों पर छिपने का नाटक, उछल-कूद या चीजों को खिलौने बना कर मजा लेने लगते हैं। धीरे-धीरे बच्चे और उन्नत हास्य करने लगते हैंय जैसे चिढ़ाना, भूमिकाएं निभाना, बेतुके शब्द बोलना और अंत में शब्दों के खेल और चुटकुले समझना। मनोवैज्ञानिकों ने इसे 'अर्ली ह्यूमर सर्वेश जैसे शोधों में दर्ज किया है। इससे स्पष्ट होता है कि बच्चे अचानक मजाकिया नहीं बन जाते बल्कि धीरे-धीरे यह कौशल विकसित करते हैं, जो आगे चलकर उनकी सोच और संवाद की क्षमता को मजबूत बनाता है। हास्य सिर्फ मनोरंजन नहीं है, बल्कि यह सीखने और सामाजिक विकास का एक महत्वपूर्ण जरिया है। जब कोई बच्चा मजाक या चुटकुला समझता है, तो उसे कई बातों पर ध्यान देना पड़ता है - जैसे किसी चीज का सामान्य उपयोग क्या है, उसमें क्या अलग या अजीब किया गया है और क्यों वह मजेदार लग रहा है। इसका मतलब है कि बच्चा चीजों को केवल अपनी नजर से नहीं बल्कि दूसरों के दृष्टिकोण से भी देखना सीखता है। मनोवैज्ञानिक इसे थ्योरी ऑफ माइंड कहते हैं। जो बच्चे ज्यादा मजाक करते हैं या खेल-खेल में हंसी-मजाक करते हैं, वे सामाजिक और मानसिक रूप से ज्यादा तेजी से विकसित होते हैं। वे जल्दी सीखते हैं, बेहतर संवाद करते हैं और अच्छे रिश्ते बना पाते हैं। हंसी-विनोद हमारे रिश्तों को मजबूत करने का काम करते हैं। मनोवैज्ञानिक रॉबर्ट प्रोवाइन के अध्ययन में पाया गया कि हम दूसरों के साथ रहते हुए लगभग 30 गुना अधिक हंसते हैं। दिलचस्प बात यह है कि हम केवल 20 प्रतिशत मजाक या चुटकुलों पर हंसते है, बकाया तो आम बातचीत के दौरान हंसते हैं। यानी हंसी जुड़ाव, भरोसे और अपनेपन से जुड़ा मामला है। यह आदत सिर्फ इंसानों तक सीमित नहीं है। चिम्पैंजी और गोरिल्ला जैसे अन्य प्राइमेट भी खेलते समय हंसी जैसी हरकतें दिखाते हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि शुरू में हंसी का विकास 'सोशल ग्रूमिंग' के लिए हुआ था। क्योंकि शारीरिक ग्रूमिंग जैसे एक-दूसरे को साफ करना छोटे समूहों तक सीमित था और समय लेता था, हंसी शायद एक आसान और तेज तरीका बनी जिससे बड़े समूहों में भी अपनापन बढ़ सके। मनुष्यों में हंसी और भी मजबूत भूमिका निभाती है। यह दो तरह की होती है। एक, स्वाभाविक हंसी (जब हमें सच में कुछ मजेदार लगता है)। दूसरी, जान-बूझकर की गई हंसी जिसे हम दोस्ती जताने, तनाव घटाने या रूचि दिखाने के लिए करते हैं। दोनों ही तरह की हंसी लोगों को जोड़ने और समूहों को एकजुट रखने में अहम भूमिका निभाती है। वैज्ञानिक कहते हैं कि इंसानी हंसी हमारी निहायत नैसर्गिक अभिव्यक्तियों में से एक है। इंसानों की खासियत यह है कि हम केवल खेल-खेल में नहीं, बल्कि व्यंग्य, कटाक्ष और यहां तक कि गहरी दार्शनिक बातों पर भी हंस सकते हैं। यह दिखाता है कि हास्य मानव स्वभाव की बुनियादी विशेषता है। इतिहास में कई दार्शनिकों ने इंसान की अनोखी पहचान को परिभाषित करने की कोशिश की है - अरस्तू ने इसे तार्किकता का नाम दिया, विट्गेंस्टाइन ने इसे भाषा बताया और सार्त्र ने स्वतंत्र निर्णय, लेकिन हास्य की सर्वव्यापकता और बच्चों द्वारा इसे इतनी जल्दी अपनाना यह संकेत देता है कि हास्य हमारी पहचान के लिए उतना ही जरूरी है जितनी तार्किकता या भाषा। कहना गलत न होगा कि हम हंसते हैं इसलिए हम इंसान हैं।

### सीखने में हास्य का महत्व

हास्य सीखने को आसान और मजेदार बना देता है। शोध बताते हैं कि यदि बच्चों को पढ़ाते समय हंसी-मजाक का इस्तेमाल किया जाता है तो बच्चे जल्दी और बेहतर सीखते हैं। यहां तक कि खबरें भी मजेदार अंदाज में सुनाई जाएं तो लोग उन्हें ज्यादा दिलचस्पी से सुनते हैं। बच्चों द्वारा हास्य और कल्पना को मिलाना भी सीखने का हिस्सा है। जैसे केले को फोन बनाना या अजीब से शब्द गढ़ना-यह केवल खेल नहीं बल्कि रचनात्मकता की शुरुआत हैं। हास्य बच्चों को सुरक्षित और मजेदार तरीके से नियम तोड़ने का मौका देता है, जिससे वे नई बातें सोच पाते हैं और आगे बढ़ते हैं। धीरे-धीरे यही खेल-खेल में किया गया हास्य उन्हें कहानी कहने, नकल करने और गहराई से सोचने की क्षमता तक ले जाता है। हालांकि बच्चों में हास्य बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन इस पर उतना शोध नहीं हुआ है जितना अन्य मनोवैज्ञानिक विषयों पर हुआ है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आयुर्वेद दिवस: स्वास्थ्य और प्रकृति के संतुलन का महत्व

आयुर्वेद, जिसकी जड़ें भारतीय संस्कृति और ज्ञान की हजारों वर्षों पुरानी परंपराओं में निहित हैं, आज वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य और कल्याण की एक मान्यता प्राप्त प्रणाली बन चुका है। ऋग्वेद और अथर्ववेद में वर्णित औषधीय ज्ञान से लेकर चरक, सुश्रुत और वाग्भट्ट जैसे आचार्यों के ग्रंथों तक, आयुर्वेद ने सदियों से मनुष्य को प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन जीने की शिक्षा दी है। यह केवल एक औषधि-प्रणाली नहीं है बल्कि जीवन जीने की संपूर्ण पद्धति है, जिसमें आहार, विहार, आचरण, योग और ध्यान को स्वास्थ्य का मूल आधार माना जाता है। इसी कारण आयुर्वेद को 'जीवन वेद' कहा जाता है, जो मनुष्य को केवल रोगमुक्ति ही नहीं बल्कि दीर्घायु, संतुलित और पर्यावरण-सम्मत जीवन की ओर प्रेरित करता है। 2016 में जब पहली बार आयुर्वेद दिवस मनाया गया था, तब इसकी तिथि धनतेरस के साथ जुड़ी थी लेकिन वैश्विक महत्व और स्थाई पहचान को ध्यान में रखते हुए अब प्रत्एक वर्ष 23 सितंबर को यह दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष आयुर्वेद दिवस का 10वां संस्करण 'आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए' थीम के साथ मनाया जा रहा है, जो न केवल मनुष्य के व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बल्कि पर्यावरणीय संतुलन और पारिस्थितिकीय स्थिरता को भी केंद्र में लाता है। इस .ष्टि से यह वर्ष आयुर्वेद दिवस को वैश्विक स्वास्थ्य और धरती के कल्याण का एक संयुक्त मंच बना देता है। वर्तमान वैश्विक संदर्भ में जब आधुनिक जीवनशैली अनेक चुनौतियां खड़ी कर रही



है, तब आयुर्वेद की प्रासंगिकता बहुत बढ़ गई है। मधुमेह, मोटापा, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, मानसिक तनाव इत्यादि जीवनशैली से संबंधित रोग आज विश्वभर में गंभीर समस्या बन चुके हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल करोड़ों लोग जीवनशैली संबंधी विकारों से प्रभावित हो रहे हैं और इनसे जुड़ी मृत्यु दर लगातार बढ़ रही है। ऐसे समय में आयुर्वेद का यह संदेश कि रोग की रोकथाम उपचार से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है, आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकता है। आहार-विहार के संतुलन, प्राकृतिक जीवन पद्धति, दिनचर्या और ऋतुचर्या पर आधारित जीवनशैली को अपनाकर न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य सुधारा जा सकता है बल्कि सामाजिक और वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य भार को कम किया जा सकता है।

आयुर्वेद दिवस का इस वर्ष का विषय पर्यावरण की रक्षा को भी प्राथमिकता देता है। आज वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन, वायु और जल प्रदूषण, प्राकृतिक संसाधनों की कमी और असंतुलित उपभोग जैसी चुनौतियां हमारे सामने हैं। वैज्ञानिक रिपोर्टें लगातार चेतावनी दे रही हैं कि यदि इन समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाली पीढ़ियां गंभीर संकट का सामना करेंगी। आयुर्वेद इस दिशा में मार्गदर्शन करता है कि कैसे हम प्रकृति के साथ संतुलित संबंध बनाकर अपने स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों की रक्षा कर सकते हैं। आयुर्वेदिक उपचार पद्धतियां रासायनिक दवाओं की तुलना में पर्यावरण पर कहीं अधिक कम बोझ डालती हैं। औषधीय पौधों और प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित चिकित्सा न केवल सुरक्षित है बल्कि जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र को भी संरक्षित करने में मददगार है। विश्व स्तर पर भी आयुर्वेद अब केवल भारत की सीमाओं तक सीमित नहीं है। आज 24 देशों में इसे पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली के रूप में मान्यता प्राप्त है और 100 से अधिक देश आयुर्वेदिक औषधियों और उत्पादों का आयात करते हैं। आयुष मंत्रालय के अनुसार भारत का आयुर्वेदिक उद्योग वर्ष 2023-24 में लगभग 5.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच चुका है और 2028 तक इसके 10 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह न केवल भारत की अर्थव्यवस्था में योगदान कर रहा है बल्कि विश्व को प्राकृतिक और सुरक्षित स्वास्थ्य विकल्प भी उपलब्ध करा रहा है। आयुर्वेदिक उत्पादों की मांग अमेरिका, यूरोप, एशिया और अफ्रीका के देशों में लगातार बढ़ रही है और योग तथा ध्यान के साथ मिलकर यह एक समग्र स्वास्थ्य समाधान के रूप में स्थापित हो रहा है। आयुर्वेद दिवस 2024 की उपलब्धियों ने इस वर्ष के आयोजन के लिए ठोस आधार तैयार किया है। पिछले वर्ष अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) के दूसरे चरण का उद्घाटन किया गया, जिससे शोध, शिक्षा और उपचार की सुविधाओं का विस्तार हुआ। साथ ही आयुर्वेद में चार उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए गए, जिन्होंने आधुनिक अनुसंधान और पारंपरिक ज्ञान को जोड़ने का कार्य किया। 'देश का प्रकृति संरक्षण अभियान' भी इसी क्रम में शुरू किया गया, जो यह दर्शाता है कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा नहीं है बल्कि पर्यावरणीय संरक्षण का भी हिस्सा है। यह उपलब्धियां



योगेश कुमार गोयल

इस बात का प्रमाण हैं कि भारत आयुर्वेद को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठा रहा है।

आयुर्वेद का प्रभाव सामाजिक स्तर पर भी उल्लेखनीय है। हाल ही में हुए प्रथम अखिल भारतीय एनएसएसओ सर्वेक्षण ने स्पष्ट किया है कि भारत के ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में आयुर्वेद सबसे अधिक इस्तेमाल की जाने वाली उपचार प्रणाली है। इसका कारण यह है कि लोग इसे सुरक्षित, सुलभ और किफायती मानते हैं। आयुर्वेदिक औषधियां न केवल घरेलू स्तर पर आसानी से उपलब्ध होती हैं बल्कि इनके दुष्प्रभाव भी न्यूनतम होते हैं। यही कारण है कि आज आम नागरिक से लेकर वैश्विक स्वास्थ्य विशेषज्ञ तक, आयुर्वेद को आधुनिक चिकित्सा प्रणाली का एक महत्वपूर्ण पूरक मान रहे हैं। आयुर्वेद का यह स्वरूप न केवल स्वास्थ्य की .ष्टि से बल्कि सांस्कृतिक और कूटनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। विश्व के कई देशों में भारत की 'सॉफ्ट पावर' के रूप में आयुर्वेद और योग की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### सुशीला कार्की की कैबिनेट में शामिल हुए चार नए मंत्री

**काठमांडू।** नेपाल में पीएम सुशीला कार्की की कैबिनेट में सोमवार को चार नए मंत्री शामिल हो गए है। इन्हें राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के निवास में आयोजित एक समारोह में शपथ दिलाई गई। इसमें पूर्व जज अनिल कुमार सिन्हा को उद्योग, विधि एवं भूमि प्रबंधन और सहकारिता मंत्रालय, महावीर पुन को शिक्षा मंत्रालय, मदन परियार को कृषि मंत्रालय और जगदीश खरेल को संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही कार्की की कैबिनेट में प्रधानमंत्री सहित आठ सदस्य हो गए हैं।

### पश्चिमी इराक में दो सुरक्षाकर्मी मारे गए

**बगदाद।** इराक के आतंकवाद निरोधी सेवा (सीटीएस) के दो सदस्य रविवार को पश्चिमी प्रांत अनबार में सुरक्षा अभियान के दौरान हुए विस्फोट में मारे गए और एक खुफिया अधिकारी घायल हो गया। यह जानकारी इराकी सेना ने दी। इराकी संयुक्त ऑपरेशन कमांड से संबद्ध मीडिया आउटलेट, सिक्योरिटी मीडिया सेल ने एक बयान में कहा कि यह घटना स्थानीय समयानुसार अपराह्न 3:00 बजे (1200 जीएमटी) हुई, जब सीटीएस और अनबर खुफिया एवं आतंकवाद निरोधक निदेशालय का एक संयुक्त बल अनबर में इस्लामिक स्टेट आतंकवादियों के ठिकानों पर हाल ही में किए गए हवाई हमले के स्थल का निरीक्षण कर रहा था।

### क्रीमिया में यूक्रेनी ड्रोन हमलों में तीन लोगों की मौत

**मास्को।** क्रीमिया में एक यूक्रेनी ड्रोन हमले में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 16 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी यूक्रेन के क्षेत्रीय प्रमुख सर्गेई अक्स्योनोव ने रविवार को अपने टेलीग्राम चैनल पर दी। अक्स्योनोव ने कहा कि यह घटना फोरोस बस्ती के पास हुई जहां फोरोस सैनिटोरियम और एक स्थानीय स्कूल भवन की कई सुविधाएं क्षतिग्रस्त हो गईं। अक्स्योनोव के सलाहकार ओलेग क्रायुचकोव ने एक टेलीग्राम पोस्ट में कहा कि फ़ोरोस स्कूल पर ड्रोन हमले में असेंबली हॉल पूरी तरह नष्ट हो गया और लाइब्रेरी को भारी नुकसान पहुंचा।

### रागासा ने हांगकांग की सभी उड़ानों पर डाला असर, 500 से अधिक रद्द

**हांगकांग।** हांगकांग हवाई अड्डा प्राधिकरण ने सोमवार को तूफान रागासा के रौद्र रुप को देखते हुए विभिन्न विमानन कंपनियों की कई उड़ानें रद्द करने की घोषणा की। प्राधिकरण ने कहा कि मंगलवार शाम से ही उड़ानों में कटौती शुरु कर दी जाएगी। इस शक्तिशाली तूफान के बुधवार को यहां पहुंचने की आशंका है। इस दौरान केवल 'कुछ ही उड़ानों' को उड़ान भरने और उतरने की अनुमति होगी।

# ChatGPT की मदद से महिला ने जीते 1.25 करोड़ रुपये

## आठ सितम्बर को वर्जीनिया लॉटरी में चार सही नंबर और पावरबाल मिलाकर लाटरी जीती

**वर्जीनिया।** रिश्तों में सलाह देना हो या किसी की मन की बात सुनना, आज चैटजीपीटी कई तरह से लोगों की मदद कर रहा है, लेकिन अब यह लाटरी जीतने में भी मददगार साबित हो रहा है। वर्जीनिया के मिडलोथियन शहर की रहने वाली कैरी एड्वड्र्स इसका ताजा उदाहरण हैं। उन्होंने आठ सितम्बर को वर्जीनिया लाटरी में चार सही नंबर और पावरबाल मिलाकर लाटरी जीत ली।




■ जैसे ही यह इनाम मेरे पास आया, तो मुझे तुरंत समझ आ गया कि मुझे इस पैसे का क्या करना है: कैरी

पहले उन्हें 50 हजार अमेरिकी डॉलर (करीब 42 लाख रुपये) मिलने वाले थे। लेकिन उन्होंने 'पावर प्ले' नाम का एक विकल्प चुना, जिसमें केवल एक डॉलर और जोड़ने पर इनाम तीन गुना हो गया। इस तरह उन्हें कुल 150000 डॉलर (करीब 1.25 करोड़ रुपये) मिले। अब सवाल यह है कि ये इनाम जीतने वाले नंबर उन्हें किसने बताए? ये नंबर चौटजीपीटी ने दिए। कैरी आमतौर पर लाटरी नहीं खेलतीं। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने फोन के चौटजीपीटी ऐप से नंबर पूछे। एक प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान उन्होंने बताया कि मैंने चौटजीपीटी से कहा-मुझसे बात करो...क्या तुम्हारे पास मेरे लिए कुछ नंबर हैं? दो दिन बाद जब वह एक बैठक में थीं, तो उनके फोन पर एक नोटिफिकेशन आया, जिसने उन्हें चौंका दिया। शुरुआत में उन्हें लगा कि यह कोई धोखाधड़ी है, लेकिन जब उन्होंने खबर की पुष्टि की तो उन्हें इस जिंदगी बदल देने वाली जीत पर भरोसा हुआ। उन्होंने कहा, जैसे ही यह इनाम मेरे पास आया तो मुझे तुरंत समझ आ गया कि मुझे इस पैसे का क्या करना है। मुझे लगा कि मुझे यह सब दान कर देना चाहिए, क्योंकि मुझे पहले ही बहुत कुछ मिला है। मैं चाहती हूं कि यह एक उदाहरण बने कि जब किसी को कुछ अच्छा मिले तो वह दूसरों की मदद करे। कैरी एडवड्र्स ने पूरे 150000 डॉलर अच्छे कामों में बांटने का फैसला किया। पहला हिस्सा उन्होंने एक चौरिटी को दिया, जिसका नाम एसोसिएशन फार फ्रंटोटेम्पोरल डिजेनरेशन है।

यह संस्था ऐसी बीमारी पर शोध करती है, जिससे 2024 में उनके पति की मौत हुई थी। दूसरा हिस्सा शलोम फार्म्स को दिया गया, जो रिचमंड में एक जैविक खेती करने वाला फार्म है और भूख की समस्या को हल करने के लिए काम करता है। तीसरा हिस्सा नेवी-मरीन कार्प्स रिलीफ सोसायटी को मिला, जो उनके दिल के बहुत करीब है, क्योंकि उनके पिता एक फाइटर पायलट थे और इस संस्था से हमेशा जुड़े रहे।



यूक्रेन। जापोरिज्जिया में रूसी हमले के दौरान नष्ट हुई एक इमारत में काम करते बचावकर्मी।

## बांग्लादेश में डेंगू से एक दिन में हुई सबसे अधिक मौतें: डीजीएचएस

**ढाका।** बंगलादेश के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने रविवार को कहा कि देश में डेंगू से कुल 12 लोगों की मौत हुई है। बंगलादेश में एक दिन में हुई मौतों का यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। डीजीएचएस के आंकड़ों के अनुसार इस साल मरने वालों की संख्या 179 तक पहुंच गई है। डीजीएचएस ने बताया कि पिछले 24 घंटों में रविवार सुबह आठ बजे तक देश में 740 नए संक्रमण के मामले सामने आये जिससे इस वर्ष अब तक डेंगू के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 41,831 हो गई है। संक्रमण के ये ताजा आंकड़े देश के कुछ हिस्सों में मच्छर जनित बीमारी के तेजी से बढ़त को दिखाते हैं। गौरतलब है कि जून-सितम्बर मानसून अवधि बंगलादेश में डेंगू बुखार का मौसम माना जाता है, इस कारण इसे मच्छर जनित बीमारियों के लिए उच्च जोखिम वाला देश माना जाता है।

# परमाणु निरस्त्रीकरण अब पुरानी कहानी: किम जोंग उन

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग उन ने कहा है कि परमाणु निरस्त्रीकरण एक अवधारणा के रूप में अपना अर्थ खो चुका है और उनका देश अपने परमाणु हथियारों को 'कभी नहीं' त्यागेगा, लेकिन अगर अमेरिका 'परमाणु निरस्त्रीकरण के अपने मोह को छोड़ दे' तो वह उसके साथ 'शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व' पर चर्चा के लिए तैयार है।

उत्तर कोरिया की संवाद समिति केसीएनए के अनुसार, उन ने चौदहवीं सुप्रीम पीपुल्स असेंबली के तेरहवें सत्र के दूसरे दिन यह टिप्पणी की। यह सत्र 20 से 21 सितम्बर तक मानसुडे असेंबली हॉल में आयोजित किया गया था।अपने संबोधन में किम ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ अपनी 'अच्छी यादें' साझा कीं। साल 2018-19 में हुई इन मुलाकातों में प्रतिबंधों में राहत के बदले परमाणु निरस्त्रीकरण के



■ किम ने द. कोरिया के साथ बातचीत की संभावना को सिरे से खारिज कर दिया

कदमों पर चर्चा करने के लिए तीन बार बात की गई थी। यह टिप्पणी अमेरिका के राष्ट्रपति के इस साल किम से मिलने की इच्छा व्यक्त करने के एक महीने से भी कम समय बाद आई है। उन्होंने तब किम के साथ अपने 'बेहद मैत्रीपूर्ण' संबंधों पर ज़ोर दिया था। किम ने दक्षिण कोरिया के साथ बातचीत की संभावना को सिरे से खारिज कर दिया।

# अमेरिका को छोड़ 150 देशों ने फलस्तीन को दी मान्यता

## पिछले 24 घंटे में ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और पुर्तगाल ने फलस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दी

**लंदन।** पिछले 24 घंटे में ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया और पुर्तगाल ने फलस्तीन को औपचारिक तौर पर एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दे दी। इससे फलस्तीन को मान्यता देने वाले देशों की संख्या अब करीब 150 हो गई है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि दो राष्ट्र समाधान ही शांति का रास्ता है।

वहीं पुर्तगाल के विदेश मंत्री पाउलो रेंजेल ने कहा कि फलस्तीन को मान्यता देना ही स्थाई शांति का एकमात्र रास्ता है। इस कदम से इजरायल पर गाजा में मानवीय संकट कम करने का दबाव बढ़ा है। हालांकि, अमेरिका अब भी फलस्तीन को एक देश के तौर पर मान्यता नहीं देता है। वहीं, फ्रांस ने भी ऐलान किया है कि वह इस हफ्ते यूएन में फलस्तीन को मान्यता देने के पक्ष में वोट करेगा। ब्रिटिश पीएम ने वीडियो संदेश जारी कर फलस्तीन को मान्यता देने का ऐलान किया। वहीं, इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि फलस्तीन को आजाद देश मानना आतंकवाद को इनाम देना है।



■ ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा: दो राष्ट्र समाधान ही शांति का रास्ता
■ इस कदम से इजरायल पर गाजा में मानवीय संकट कम करने का दबाव बढ़ा
■ फ्रांस इस हफ्ते यूएन में फलस्तीन को मान्यता देने के पक्ष में वोट करेगा

जार्डन नदी के पश्चिम में फलस्तीनी देश नहीं बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने वेस्ट बैंक में यहूदी बस्तियों को दोगुना कर दिया है और इसे और बढ़ाएंगे। नेतन्याहू ने चेतावनी दी कि वह इस मान्यता का जवाब अमेरिका से लौटने के बाद देंगे। विदेश मंत्री यवेट कूपर ने इजरायल को साफ चेतावनी दी है कि ब्रिटेन के फलस्तीनी को मान्यता देने के बाद वह वेस्ट बैंक के हिस्सों पर कब्जा करने की कोशिश न करे, उनकी सरकार यह बर्दाश्त नहीं करेगी। कूपर ने कहा कि दोनों तरफ कट्टरपंथी लोग हैं जो टू स्टेट साल्यूशन को खत्म करना चाहते हैं, लेकिन ब्रिटेन इसे बचाना चाहता है। कई सालों से पश्चिमी देशों की सरकारें कहती रही हैं कि फलस्तीन देश को मान्यता तब दी जाएगी जब हालात सही होंगे। उनका मानना था कि सिर्फ मान्यता देने से असलियत नहीं बदलेगी। लेकिन अब हालात इतने बिगड़ गए हैं कि सरकारें दबाव महसूस कर रही हैं। इजरायल की लगातार सैन्य कार्रवाई से इजरायल को लेकर दुनिया की राय बदल रही है। इन्हीं वजहों से कई देशों ने फलस्तीन को मान्यता देने का फैसला किया है। फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से करीब 75 प्रतिशत देश मान्यता दे चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र में इसे 'परमानेंट आबजर्वर स्टेट' का दर्जा हासिल है। इसका मतलब है कि फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र के कार्यक्रमों में शामिल होने की अनुमति तो है लेकिन वोटिंग का अधिकार नहीं है। फ्रांस की मान्यता मिलने के बाद फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के 5 में 4 स्थाई देशों का समर्थन मिल जाएगा। चीन और रूस दोनों ने 1988 में फलस्तीन को मान्यता दी थी। ऐसे में अमेरिका इकलौता देश होगा जिसने फलस्तीन को मान्यता नहीं दी है। उसने ने फलस्तीनी अथारिटी (एपी) को मान्यता दी है। फलस्तीनी अथारिटी 1994 में इसलिए बनाई गई थी ताकि फलस्तीनियों के पास अपनी स्थानीय सरकार जैसी व्यवस्था हो और आगे चलकर यह पूरा राज्य बनने की नींव बन सके।

# H-1B वीजा की फीस बढ़ने के बाद चीन लाया K वीजा

## टैलेंटेड युवाओं को बुलाना मकसद, चीनी कंपनी में नौकरी के ऑफर के बिना भी आवेदन कर सकेंगे

**बीजिंग।** अमेरिका ने प्रोफेशनल्स के लिए एच-1बी वीजा की फीस करीब 6 लाख से बढ़ाकर 88 लाख कर दी है। इस बीच चीन ने नया 'के-वीजा' शुरू करने का ऐलान किया है।

साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट के मुताबिक के-वीजा साइंस, टेक्नोलाजी, इंजीनियरिंग, मैथ (एसटीईएम) से जुड़े युवाओं और स्किल्ड प्रोफेशनल्स के लिए है। यह 1 अक्टूबर, 2025 से जारी होगा। इन सब्जेक्ट्स में रिसर्च कर रहे कैंडिडेट भी के-वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। खास बात यह है कि चीनी कंपनी से नौकरी का ऑफर न होने पर भी इस वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। अमेरिका ने 21 सितम्बर से एच-1बी वीजा फीस बढ़ा दी है। इससे प्रोफेशनल्स को अमेरिका जाने में मुश्किलें होंगी। ऐसे में चीन के के-वीजा को एच-1बी का




■ के-वीजा साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ से जुड़े युवाओं और स्किल्ड प्रोफेशनल्स के लिए है

विकल्प माना जा रहा है। इस बीच ब्रिटेन भी हाई स्किल्ड लोगों के लिए वीजा फीस खत्म करने पर विचार कर रहा है। रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक जिन लोगों ने दुनिया के टॉप 5 यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की है या फिर कोई बड़ा इंटरनेशनल अवार्ड जीता है, उनकी पूरी वीजा फीस माफ हो जाएगी। फिलहाल, ब्रिटेन के ग्लोबल टैलेंट वीजा की आवेदन फीस 766 पाउंड (करीब 90 हजार) है। 26 नवम्बर के बजट से पहले इसे खत्म करने का ऐलान हो सकता है। चीन अभी 12 तरह के वीजा जारी करता है। अभी चीन में काम करने के लिए आर-वीजा या जेड-वीजा का इस्तेमाल किया जाता है। जेड-वीजा की वैधता 1 साल की है। जबकि आर-वीजा में ठहरने के लिए सिर्फ 180 दिन मिलते हैं। आर वीजा के लिए कोई फीस नहीं लगती, लेकिन इसकी आवेदन प्रक्रिया लंबी और पेचीदा है। इसलिए यह सफल नहीं हो पाया। वहीं, के- वीजा में विदेशियों को ज्यादा समय तक चीन में रहने की सुविधा मिलेगी। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि यह कितने समय के लिए होगी। के-वीजा में कुछ ऐसी सुविधाएं दी गई हैं, जो अभी चल रहे जेड वीजा में नहीं है। जेड वीजा वाला विदेशी व्यक्ति अगर चीन में काम करना चाहता है, तो उसे पहले किसी चीनी कंपनी या संस्था से नौकरी का प्रस्ताव या स्पान्सरशिप चाहिए होती है, लेकिन के-वीजा में यह नियम नहीं है। इसमें आवेदक को किसी स्थानीय कंपनी की जरूरत नहीं है। बस उसकी योग्यता, जैसे आयु, शिक्षा और काम का अनुभव देखा जाएगा। इससे विदेशी पेशेवरों के लिए आवेदन करना आसान हो जाएगा। अलग-अलग देशों के लिए के-वीजा से जुड़ी डिटेल जानकारी चीनी दूतावास और कान्सुलेट जारी करेंगे। चीन सरकार ने अगस्त में इस फैसले को मंजूरी दी थी।

## उत्तर कोरिया हर साल 15-20 अतिरिक्त परमाणु हथियार बना रहा: दक्षिण कोरिया

**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने कहा है कि उत्तर कोरिया हर साल 15-20 अतिरिक्त परमाणु हथियार बना रहा है और 'एक अंतरिम आपातकालीन उपाय' के रूप में इस पर रोक लगाना फिलहाल परमाणु निरस्त्रीकरण का 'एक व्यवहार्य और यथार्थवादी विकल्प' होगा। ली ने बीबीसी के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पड़ोसी देश उत्तर कोरिया के प्रमुख किम के बीच हुए उस समझौते पर सहमत होंगे, जिसमें उत्तर कोरिया परमाणु हथियारों से छुटकारा पाने के बजाय उनका उत्पादन रोकने पर राजी होगा। उल्लेखनीय है कि उत्तर कोरिया ने 2022 में खुद को एक परमाणु शक्ति घोषित किया थी।

# सीरिया 58 साल बाद यूएन महासभा में शामिल होगा

**वाशिंगटन।** सीरिया 58 साल में पहली बार यूनाइटेड नेशन जनरल असेंबली (यूएनजीए) में शामिल होगा। इसके लिए सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा रविवार को न्यूयार्क पहुंचे हैं। वे यहां 80वीं महासभा के सत्र में हिस्सा लेंगे।

ये 23 सितम्बर से 29 सितम्बर, 2025 तक चलेगा। इससे पहले 1967 में तत्कालीन सीरियाई राष्ट्रपति नूर अल-दीन अल-अतासी ने यूएनजीए में हिस्सा लिया था। इसके बाद सीरिया में असद परिवार (हाफिज असद और बशर असद) का 50 साल लंबा शासन रहा। पिछले साल दिसम्बर में अल-शरा ने असद परिवार का तख्तापलट किया और अंतरिम राष्ट्रपति बने। अब सीरियाई सरकार अमेरिका और पश्चिमी देशों से रिश्ते सुधारने में जुटी है। सीरियाई राष्ट्रपति अहमद

**सीरियाई राष्ट्रपति अल-शरा न्यूयॉर्क पहुंचे, अमेरिका से रिश्ते सुधारने की करेंगे कोशिश**

अल-शरा ने रविवार रात न्यूयॉर्क में सीरियाई समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात की। सीरिया और इजरायल के रिश्ते लंबे समय से तनावपूर्ण हैं। असद के पतन के बाद इजरायल ने सीरिया पर हवाई हमले बढ़ा दिए थे। इजरायल ने यूएन शांति सैनिकों की निगरानी वाला गोलन हाइट्स बफर जोन पर भी कब्जा कर लिया। इस बैठक में अल-शरा इजरायल के साथ अपने रिश्तों को सुधारने पर जोर दे सकते हैं। अल-शरा ने हाल ही में कहा था की वो 1974 के डिसएंगेजमेंट समझौते को फिर शुरू करना चाहते हैं। पिछले हफ्ते उन्होंने कहा कि जल्द ही कोई डील हो सकती है।

# पाक एयरफोर्स ने अपने ही लोगों पर की बमबारी

## 30 की मौत, चीन के जे-17 विमानों से 8 लेजर-गाइडेड बम गिराए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी वायुसेना ने रविवार रात 2 बजे अपने ही देशवासियों पर चीन के जे-17 विमानों से 8 लेजर-गाइडेड बम गिराए। पाकिस्तानी वायुसेना ने यह हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के तिराह घाटी के एक गांव पर किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस हवाई हमले में करीब 30 लोग मारे गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। सेना का कहना है कि इन हमलों का टारगेट तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का बम बनाने वाला ठिकाना था। लोकल पुलिस ने मीडिया को बताया कि टीटीपी के दो कमांडर, अमान गुल और मसूद खान बम बनाकर मस्जिदों में छिपा रहे थे। इस हमले से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं, लेकिन उनकी पुष्टि नहीं हो पाई है। वहीं, इलाके के लोगों



■ सेना बोली: यहां तालिबान बम बना रहा था

का कहना है कि सरकार और सेना सही जानकारी के बिना हमले कर रही है, जिससे आम लोग मर रहे हैं। जून में एक ड्रोन हमले में बच्चे की मौत के बाद एमनेस्टी इंटरनेशनल ने पाकिस्तान सरकार की आलोचना की थी। मार्च में भी खैबर के कटलांग में 10 नागरिक मारे गए थे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दावा किया गया है कि पाकिस्तानी एयरफोर्स के हमले में करीब 30 लोगों की मौत हुई है। हालांकि इन वीडियोज की पुष्टि नहीं हुई है। 2001 में अमेरिका ने अफगानिस्तान पर हमला किया, तो कई लड़ाके पाकिस्तान के कबाइली इलाकों में छिप गए। 2007 में बेतुल्लाह मेहसूद ने 13 विद्रोही गुटों को मिलाकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) बनाया। इसमें बड़ी संख्या में पाकिस्तानी सेना के विरोधी गुट के लोग शामिल थे। इनकी लड़ाई पाकिस्तान की सेना और सरकार के खिलाफ है। इस संगठन से जुड़े कई समर्थक पाकिस्तानी सेना में मौजूद हैं। अमेरिका ने पाकिस्तान को चेताया है कि टीटीपी एटमी हथियारों तक पहुंच सकता है। पाकिस्तान अक्सर आरोप लगाता है कि पाकिस्तानी तालिबान अफगानिस्तान के जमीन का इस्तेमाल करके उस पर आतंकी हमले करता है। हालांकि पाकिस्तान के इन आरोपों को अफगानिस्तान खारिज करता रहा है। अफगानिस्तान में 2021 के तालिबान की वापसी के साथ ही पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) मजबूत हुआ है। टीटीपी ने नवम्बर 2022 में पाकिस्तान के साथ सीजफायर को एकतरफा तौर पर खत्म कर दिया था। इसके बाद उसने पाकिस्तान पर हमले तेज कर दिए हैं।

# फिलीपींस में भ्रष्टाचार को लेकर जोरदार प्रदर्शन

**मनीला।** नेपाल के बाद अब फिलीपींस के हजारों युवाओं ने बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं से जुड़े घोटाले को लेकर राजधानी मनीला में रविवार को सड़कों पर जोरदार प्रदर्शन किया जिसमें 95 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

इस दौरान 216 प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को विरोध प्रदर्शन काफी हद तक शांतिपूर्ण रहा, लेकिन जल्द हिंसा भड़क उठी और प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ अयाला ब्रिज, मेंडिओला और क्लारो एम. रेक्टो एवेन्यू सहित प्रमुख क्षेत्रों में झड़पें हो गईं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पानी

■ 95 पुलिसकर्मी घायल
216 प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

की बौछारें की। फिलीपीनी न्यूज चैनल एबीएस-सीबीएन (एएनसी) के अनुसार गृह विभाग ने सोमवार को बताया कि 21 सितम्बर को मनीला में आयोजित भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान हिसक झड़पों में 95 पुलिस कर्मी घायल हो गए और 216 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने एएनसी को बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में 127 युवा और 89 नाबालिग शामिल हैं। मनीला शहर के मेयर इस्को मोरेना ने बताया कि इनमें एक 12 साल का किशोर भी है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108